रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹77500 10 ग्राम
₹98000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 77,505.96 | 86.536 |
| +746.15 | -0.009 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 03 फरवरी 2025, वर्ष-26, अंक- 04, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



या कुंदेन्दु तुषार हार धवला, या शुभ्रवस्त्रावृता।
या वीणावरदण्डमण्डितकरा, या श्वेतपद्मासना।




खबर पेज 10 पर

## जीत का जश्न

आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 का खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ भारतीय महिला टीम। भारत ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराया है। भारतीय महिला टीम ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब लगातार दूसरी बार जीता है।

## कल से दो दिन आंशिक रूप से छाए रहेंगे बादल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में आगामी मंगलवार और बुधवार (04 और 05 फरवरी) को रांची समेत झारखंड के कई जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 04 और 05 फरवरी को राज्य के उत्तरी और मध्यवती जिलों रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी व रामगढ़ और उत्तरी जिलों देवघर, धनबाद, दुमका, गिरडीह, गोड्डा, जामताडा, पाकुड़, व साहेबगंज में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। वहीं, रांची में रविवार को अधिकतम तापमान 29.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि, लोगों को अभी सुबह और शाम में ठंड का अहसास होगा।




शेष पेज 11 पर

### रांची का तापमान

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 27.0° | 29.0° |
| न्यून. | 14.3° | 15.5° |

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 15 को बीआईटी मेसरा के कार्यक्रम में होंगी शामिल

रांची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी 15 फरवरी को झारखंड के रांची दौरे पर आएंगी। वे बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगी। यह समारोह 15 फरवरी से लेकर 15 जुलाई तक चलेगा। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और बिरला ग्रुप के चेयरमैन भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी बीआईटी मेसरा के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि बीआईटी मेसरा की स्थापना 1955 में हुई थी।

### आकाशवाणी ने किया 'हर कंठ में भारत' का शुभारंभ

नई दिल्ली। वसंत पंचमी के अवसर पर आकाशवाणी के प्रसारण केंद्र स्थित पं. रविशंकर संगीत स्टूडियो में रविवार को एक विशेष समारोह में नए रेडियो कार्यक्रम श्रृंखला 'हर कंठ में भारत' का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम को विशेष रूप से भारतीय शास्त्रीय संगीत के विविध रंगों को दिखाने के लिए तैयार किया गया है।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

### सेरेंगसिया में आयोजित शहीद दिवस समारोह में सीएम ने कहा

# हमें आंदोलनकारियों और शहीदों पर गर्व है

नवीन मेल डेस्क

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को कहा कि आदिवासियों को आज एक अलग पहचान मिल रही है, जो आदिवासी समुदाय के पूर्वजों की तपस्या, त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने कहा, हम उन शहीदों को सम्मान एवं नमन करते हैं, जिनकी बदौलत देश के विभिन्न मंचों पर अपनी आवाज बुलंद करने की हम सभी को ताकत मिली है। हमें आदिवासी होने का फक्र है। हमें अपने शहीदों और आंदोलनकारियों पर गर्व है। मुख्यमंत्री सोरेन आज ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ 1837 में हुए विद्रोह के महानायकों की याद एवं सम्मान में पश्चिमी सिंहभूम के टोंटो प्रखंड स्थित सेरेंगसिया में आयोजित शहीद दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अमर वीर शहीदों को नमन और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। जब देश की आजादी की लड़ाई शुरू भी नहीं हुई थी, उस दौरान हर लिहाज से ताकतवर अंग्रेजी फौज के खिलाफ आदिवासियों ने संघर्ष करते हुए अपना लोहा मनवाया था। लेकिन, आज भी सामंती ताकतों के खिलाफ आदिवासियों का संघर्ष जारी है। हम अपने आदिवासी भाइयों से आग्रह करते हैं कि वे अपने बच्चों को अच्छे से पढ़ा-लिखा कर उनका भविष्य बनाएं। आदिवासियों को आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से मजबूत होने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा, झारखंड वीरों और शहीदों की धरती रही है। इस राज्य में इतने लोगों ने बलिदान दिए हैं कि यहां सालों भर शहादत दिवस मनाने की परंपरा है। नए वर्ष की पहली तारीख को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को नमन करने के साथ इसकी शुरुआत हो जाती है। शेष पेज 11 पर




### आधी आबादी को सम्मान देने के साथ बना रहे सशक्त

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, वर्ष 2019 में आपके समर्थन से हमारी सरकार बनी। लेकिन, सरकार को पूरे कार्यकाल के दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। वर्ष 2024 में आपके आशीर्वाद से एक बार फिर हमें मजबूत सरकार बनाने का मौका मिला। मैं आपको बताना चाहूंगा कि जहां केंद्र सरकार का महिलाओं के विकास के लिए लगभग 25-26 हजार करोड़ रुपए का बजट है। वहीं, हमारी सरकार आधी आबादी को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए हर महीने 15 अरब रुपए का प्रावधान किया है। झारखंड देश का पहला राज्य है, जो बहन-बेटियों को हर महीने 25-25 सौ रुपए सम्मान राशि के रूप में दे रही है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आगाह किया कि वे उन लोगों से सावधान रहें, जो लोभ, लालच और झांसा देकर सरकार से आपको मिल रहे पैसे पर अपनी नजर गड़ाए हुए है। उन्होंने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि वे अपने पैसे कहां और कैसे खर्च करेंगी, अब सरकार राह दिखाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन से कहा कि महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए कार्य योजना बनाएं तथा गांव और पंचायत स्तर पर कार्यशाला आयोजित कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करें।

### बोले सीएम सोरेन

- झारखंड वीरों और शहीदों की धरती है हमें फक्र है आदिवासी होने पर
- आदिवासी भाइयों से आग्रह है, बच्चों को पढ़ाएं-लिखाएं, उनका भविष्य बनाएं

### सीएम हेमंत सोरेन ने 246 योजनाओं की दी सौगात

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर 246 विकास योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसमें 3 अरब 15 करोड़ 27 लाख 70 हजार 359 रुपए की लागत से 178 योजनाओं का शिलान्यास एवं 96 करोड़ 97 लाख 26 हजार 600 रुपए की लागत से 68 महत्वाकांक्षी योजनाओं का उद्घाटन शामिल है। इसके साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 54,946 लाभार्थियों के बीच 3 अरब 62 करोड़ 80 लाख 99 हजार रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इसमें जेएसएलपीएस के तहत 6,999 दीदियों को 87 करोड़ 78 लाख रुपये का कैश क्रेडिट लिमिट तथा 6963 दीदियों को 85 करोड़ 86 लाख रुपए का बैंक लिंकेज प्रदान किया गया। इसके अलावा 135 जनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

## सीएम सोरेन झामुमो के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

### 46वें स्थापना दिवस पर दुमका में उमड़े कार्यकर्ता


नवीन मेल डेस्क



दुमका। झारखंड मुक्ति मोर्चा के 46वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर एसपी कॉलेज मैदान से रविवार को रैली निकली। राजमहल सांसद विजय हांसदा एवं स्थानीय विधायक बसंत सोरेन के संयुक्त नेतृत्व में यह रैली एसपी कॉलेज मैदान से समारोह स्थल गांधी मैदान के लिए रवाना हुई। रैली शिवपहाड़ होते हुए पोखरा चौक पहुंची। यहां संताल हूल के महानायक सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद रैली टिन बाजार, नीचे बाजार, वीर कुंवर सिंह चौक, तिलका माझी चौक के रास्ते मे पड़ने वाले महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गांधी मैदान पहुंच सभा मे तब्दील हो गई।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन भी दुमका पहुंचे थे। विधायक बसंत सोरेन एवं डॉ लुईस मरांडी ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन खिजुरिया स्थित दिशोम गुरु शिबू सोरेन के आवास पहुंचे। फिर देर शाम को कार्यक्रम स्थल गांधी मैदान पहुंचे। हालांकि, बढ़ती उम्र के कारण झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन स्थापना दिवस समारोह में शिरकत नहीं कर सके। मुख्यमंत्री एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने लोगों को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संदेश सुनाएंगे। यह स्थापना दिवस समारोह झामुमो की अलग झारखंड की संघर्ष की लड़ाई की याद दिलाती है। रैली में पारंपरिक परिधान में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष एवं बुजुर्ग पहुंचे थे। आदिवासी-मूलवासी एवं झामुमो कार्यकर्ता पार्टी के झंडे, पारंपरिक हथियार तीर-धनुष, वाद्य यंत्र टमाक एवं नगाड़ा से लैस थे। स्थापना दिवस समारोह में संथाल परगना प्रमंडल के सभी छह जिले के विधायक समेत राज्य के कई दिग्गज नेता, मंत्री एवं कार्यकर्त्ता जुटे थे। समारोह में सांसद नलिन सोरेन समेत कई विधायक और नेता शिरकत कर लोगों को पार्टी की आगामी कार्य योजना एवं राज्य की जनता के विकास के पैमाने बताए। शेष पेज 11 पर

### पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं




नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे पोस्ट किया। पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। वह हमारी नारी शक्ति को सशक्त बनाने और हमारी युवा शक्ति के कल्याण को सुनिश्चित करने में सबसे आगे हैं। ईश्वर उन्हें दीघार्यु और स्वस्थ जीवन प्रदान करें। पीएम मोदी के पोस्ट पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रिप्लाई में लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, आपकी शुभकामनाओं के रूप में मिले स्नेहिल आशीर्वाद के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

## चतरा में एनआईए के गवाह की हत्या कर शव जंगल में फेंका

- टेरर फंडिंग के केस में गवाह था विष्णु साव
- एफआईआर में आरोपी हैं टीएसपीसी के उग्रवादी

नवीन मेल डेस्क

चतरा। नक्सलियों ने रविवार को विष्णु साव नाम के एक व्यक्ति का चतरा के टंडवा थाना क्षेत्र से अपहरण कर लिया। बाद में उसकी हत्या कर दी। उसका शव लातेहार के बालूमाथ थाना क्षेत्र के पास जंगल से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, विष्णु साव टेरर फंडिंग के केस में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) का गवाह था। चतरा-लातेहार सीमा पर जंगल से उसका शव बरामद होने के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र में बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। एसपी विकास पांडेय ने कहा कि वारदात को अंजाम देने वालों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार, विष्णु साव टंडवा थाना क्षेत्र के लेंबुवा गांव का रहने वाला था। उसकी पहचान पूरे इलाके में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में थी। एनआईए ने नक्सलियों व उग्रवादियों द्वारा आतंक फैलाकर ठेकेदारों-व्यवसायियों से अवैध रूप से रकम उगाही के मामले में उसे गवाह बनाया था।

टेरर फंडिंग को लेकर टंडवा थाने में दर्ज एफआईआर में प्रतिबंधित संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के कई टॉप उग्रवादी आरोपी हैं। इनमें से कुछ उग्रवादी जेल में बंद हैं। विष्णु साव खेती और पशुपालन से जुड़ा था। रविवार सुबह वह मवेशी लेकर जंगल जा रहा था, तभी चार-पांच हथियारबंद लोगों ने उसका अपहरण कर लिया। उस वक्त उसकी मां भी उसके साथ थी। हथियारबंद नकाबपोश लोग उसे खींचकर पहाड़ की तरफ ले गए थे। शेष पेज 11 पर

## नैक ग्रेडिंग को ले सीबीआई ने की आरसीयू में छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। सीबीआई ने नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) की रेटिंग में हुए बड़े घोटाले के सिलसिले में शनिवार को पलामू के विश्रामपुर स्थित आरसीयू के उपकुलपति के कार्यालय की जांच की थी। तीन घंटे तक आरसीयू के वीसी समरेंद्र नाथ साहा के कार्यालय की हुई जांच के बाद सीबीआई को उससे जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला। इसके बाद सीबीआई की जांच टीम वापस लौट गई। इस संबंध में आरसीयू के रजिस्ट्रार प्रो (डॉ) देवाशीष मंडल ने बताया कि जांच के बाद सीबीआई की टीम ने उन्हें लिखित सीजर लिस्ट दी है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि जांच में उन्हें न तो उससे संबंधित कोई दस्तावेज मिला है और न ही कोई कैश। उन्हें केवल दो नोट पैड मिले हैं, जिस पर एसएन साहा की हैंडराइटिंग है। दोनों नोट पैड को सीबीआई की टीम अपने साथ ले गई है।

यहां बताते चलें कि आरसीयू के वर्तमान वीसी एसएन साहा ने यहां 14 दिसंबर 2024 को बतौर वीसी योगदान दिया था और मात्र एक सप्ताह विश्वविद्यालय के लिए कार्य किया था। शेष पेज 11 पर



### विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने कहा

- एसएन साहा से जुड़ा कोई दस्तावेज यहां नहीं मिला
- आरसीयू के वीसी के पद से हटाने की प्रकिया शुरू

## इंडिया — आस्था के बजाय रीलबाजों और मोबाइल पत्रकारों की डुबकी



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

19 अमृत की बूंदों का इतिहास क्या है और क्यों सनातनियों का है दृढ़ विश्वास कि तीर्थराज प्रयाग में कुंभ स्नान से सारे पाप धुल जाते हैं और पूरी दुनिया के सबसे शक्तिशाली या धनाढ्य लोग क्यों स्नान या कल्पवास के लिए करोड़ों खर्च कर भारत आ रहे हैं जिसे कुछ दिनों पूर्व तक संपेरों और भिखमंगों का देश बताया जा रहा था ? क्या उन्होने अपना महत्वपूर्ण समय यहां बिताने से पहले कोई रिसर्च नहीं किया होगा ? क्या वे इतने अहमक हैं जो एक नदी में नहाने के लिए किसी के बहकावे में दौड़ पड़े ? दुनिया के सारे वैभव और विलासिता होते हुए शांति की खोज में भारत की आध्यत्मिकता को समझने के लिए हर आध्यात्मिक महत्व के प्राचीन शहरों बनारस,हरिद्वार,पुष्कर में महीनों गुजारने वाले ये लोग कौन हैं ? इन बातों को सनातनियों को समझने की जरूरत नहीं है बल्कि उन अधकचरे नवशिक्षित लोगों को है जिन्हें भारत के प्राचीन ग्रन्थों के नाम तक मालूम नहीं और जो हाथ में मोबाइल लेकर यूट्यूबर से लेकर रीलबाज़ बने सोशल मीडिया पर कचरा फैला रहे हैं । कुछ तो घोषित राजनीतिक कार्यकर्ता भी हैं जो एक्स पर दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक समागम के औचित्य से लेकर वैज्ञानिकता और अव्यवस्था पर लगातार सवाल उठा रहे हैं और दोनों ओर के साइबर सैनिकों के बीच ऑनलाइन युद्ध भी चल रहा है ? समय आ गया है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर बिना किसी निबंधन या मान्यता के काम कर रहे लोगों की छंटाई हो और उन्हें ही मान्यता मिले अन्यथा बिना प्रेस की गरिमा या प्रशिक्षण के हाथ में मोबाइल लिए ये 'पत्रकार' पत्रकारिता के साथ देश की साख पर बट्टा लगा देंगे ।यह महाकुंभ विगत कुछ दिनों से तप,ध्यान ,अनुष्ठान को छोड़ विभिन्न विवादित विषयों के कारण चर्चा में लगातार बना हुआ है । यहां अनेक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रील का बाजार लगाकर अपने चैनल और सोशल मीडिया अकाउंट को चमकाने में लगे हुए है । ऐसे लोगों से संत समाज और आम लोग भी परेशान है। इस महाकुंभ में यूट्यूबर ने महात्माओं का जीना मुश्किल कर दिया है । ये कभी भी ,कहीं से भी चले आते हैं कुछ भी उटपटांग प्रश्न पूछने लगते हैं । मोनालिसा की वायरल रील से विवाद उठा कि नीली आंखों वाली लड़की मोनालिसा अपनी सुंदर आंखों की वजह से कुंभ में वायरल हो गई। इस लड़की के साथ इसके पूरे परिवार की आंखें भी इसी रंग की है लेकिन इस माला बेचने वाली लड़की के पीछे यूट्यूबर इस कदर पड़ गए कि उसका व्यवसाय चौपट हो गया । यूट्यूबर की मेहरबानी से रातों रात वायरल इस लड़की के पीछे जबरन भीड़ पड़ गई और वह परेशान हो गई। घर वालों को उसे छुपाना पड़ा और वह कुंभ छोड़कर चली गई है। संगम में अपने पापों को धोने गए श्रद्धालु धर्म,ध्यान की बजाय मोनालिसा को छूने, उसके साथ तस्वीर खिंचवाने, रील बनाने को बेताब हो गए। वायरल बाबा और नकली साध्वी आईआईटी बाबा के नाम से मशहूर दूसरे वायरल बाबा जो अपने वीडियो में माता-पिता को राक्षस बताते हैं उनका सनातन में क्या योगदान रहा है ? कितना समय उन्होंने धर्म अध्यात्म को दिया है? इसका किसी को कोई ज्ञान नहीं पर वह वायरल हो गए। एक अन्य उदाहरण हर्षा रिछारिया का है जो सुंदर साध्वी के नाम से वायरल हुई। छद्म वेश धारण कर ,नकली जटाएं लगाए वह लगातार रील बनाती रही। अपनी रील में वह कहती दिखी कि ग्लैमर की दुनिया को छोड़ वह यहां आई है ।लेकिन यहां आने के बाद भी उसने ग्लैमर को कहीं छोड़ा नहीं बल्कि मेकअप कर, नकली जटाएं लगा लगातार सुर्खियों में बनी रही। यहां प्रश्न यह है कि क्या सिर्फ त्रिपुंड लगाने से, भगवा पहनने से ही ममता कुलकर्णी को किन्नर अखाड़े का महामंडलेश्वर मान लिया गया जिन्हें अब हटा भी दिया गया । कुंभ जिस जप,तप के लिए है जीवन में अध्यात्म के समावेश के लिए है, जिस मनन चिंतन के लिए है उसका मूल उद्देश्य छोड़कर लोग सिर्फ रील बनाने में लगे हुए हैं। हर कोई कुंभ पर रील बनाते हुए दिख रहा है ।बाबा रील में भक्तों को मारते हुए दिख रहा है पर क्यों यह नहीं बताते ।ये सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर उनके पीछे लग जाते हैं और इस कदर कि साधु संत परेशान है । अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने यूट्यूबर्स को कहा है कि जीना मुश्किल कर दिया है संतों का। वे क्या करते हैं, क्या पहनते हैं ?कभी भी कैमरा ऑन करके उनके सामने रख दिया जाता है। उनका कहना है कि अगर आप दिखाना भी चाहते हैं तो उन संतों को दिखाइए जो परंपरा के संत है । उनको दिखाइए जो भजन करते हैं, जप - तप करते है और 20से 25 सालों से खड़े हैं कभी सिंहासन पर नहीं बैठे कभी भूमि पर नहीं बैठे। हम विश्व को जाति-धर्म से ऊपर 30 करोड़ के स्नान से सामाजिक समरसता का, जप तप,ध्यान, अध्यात्म का संदेश दें जो इस महाकुंभ का मूल उद्देश्य है।



### कांग्रेस ने बजट व निकाय चुनाव पर की चर्चा

# जनता को जो गारंटी दी है, उसे करना है पूरा : झारखंड प्रभारी

- चर्चा के दौरान आए विचारों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बजट पूर्व और निकाय चुनाव पर परिचर्चा का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में दो पालियों में संपन्न हुई। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि अबुआ बजट कैसा हो, इस पर विचार के लिए यह एक पहल है। बैठक में आए विचारों से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा और उनसे विचार-विमर्श किया जाएगा। इसमें जनप्रतिनिधि, संगठन के सदस्यों और जनता के विचारों के अनुरूप बजट बनाने की कोशिश की जाएगी। न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अनुसार हमने जनता को जो गारंटी दी है उसे पूरा करना है। एक गारंटी हमारी मंईयां सम्मान के रूप में पूरी हुई है। इससे जनता के बीच सरकार की विश्वसनीयता बढ़ी है। मेनिफेस्टो के अनुसार समाज का विस्तृत क्षेत्र कवर होता है। उन्होंने कहा कि यह सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट है। एक ही बजट में सभी गारंटी को शामिल करना संभव नहीं है, लेकिन उसके लिए आधार बनाया जा सकता है। हमें अपनी गारंटियों को प्राथमिकता देना है।



#### दलगत आधार पर हो नगर निकाय चुनाव

गुलाम अहमद मीर ने कहा कि स्थानीय नगर निकाय चुनाव यहां गैर दलगत आधार पर होना है। हम सरकार के समक्ष दलगत चुनाव कराने के लिए अपनी मांगों को रखेंगे। अगर गैर दलगत आधार पर चुनाव होते हैं तो हमें सचेत रहना है। विचारों के अनुसार हमें ऐसे लोगों का समर्थन करना है, जो कांग्रेस विचारधारा के हों। हमें ऐसा मेकैनिज्म तैयार करना है, जिससे हम अधिकांश सीटें जीतें। खासकर हमें अपना ध्यान वहां केंद्रित करना है, जहां हम विधानसभा-लोकसभा लड़े, लेकिन जीत नहीं पाए।

#### जातिगत जनगणना का बजट में हो प्रावधान : कमलेश



कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि सरकार के पहले बजट में जातिगत जनगणना के लिए प्रावधान हो। इसके अलावे विस्थापन आयोग, अनुसूचित जाति परिषद को भी इसमें शामिल किया जाए। झारखंड में जल संचयन के लिए विशेष रूप से बजट में प्रावधान किया जाए। इन सभी सुझावों को मांगों के रूप में मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा, ताकि मुख्यमंत्री इस पर संज्ञान लेकर इस पर उचित निर्णय ले सकें।

#### किसानों की योजनाओं पर देना है जोर : प्रदीप यादव



कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि हमें किसानों की योजनाओं पर जोर देने की आवश्यकता है। हमारा राज्य कृषि प्रधान है। खनिज की प्रचुरता भले ही यहां हैं, लेकिन कृषि को बढ़ावा देने के लिए पटवन और सिंचाई योजनाओं के लिए छोटी-छोटी योजनाओं पर जोर देकर खेतों तक पानी पहुंचाए जाने का प्रावधान करना है। खनन के क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर और पर्यटन के क्षेत्र से जनता पर बिना बोझ दिए आमदनी बढ़ाई जा सकती है।

#### संसाधनों को मजबूत कर रहे हैं : राधाकृष्ण किशोर



वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि पार्टी की घोषणाओं को धीरे-धीरे बजट में शामिल करें। हमें यह देखना होता है कि राजस्व प्राप्ति का हमारा स्रोत क्या है। यह वर्ष चुनावी वर्ष था। योजनाओं के क्रियान्वयन और राजस्व वसूली पर असर पड़ा है। हम अपने संसाधनों को मजबूत बनाने पर जोर दे रहे हैं और लीकेज को रोकने की पूरी कोशिश की जा रही है। वृद्धा पेंशन, नल-जल योजना में भारत सरकार अपना अंशदान नहीं दे रही है।

#### केंद्रीय सहायता न मिले तो भी प्रभावित न हो योजनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की



कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केंद्र से सहयोग नहीं मिलने के बावजूद हमने कंटीन्जेंसी फंड से केंद्रीय योजनाएं चलाई हैं। केंद्र के रवैये के कारण कई विकास योजनाएं झारखंड में समय पर पूरी नहीं हो पाती। अगर केंद्रीय सहायता समय पर प्राप्त न हो सके तो योजनाओं को जनहित में पूरा करने की व्यवस्था हो।

#### परिचर्चा में इन्होंने रखे अपने विचार

परिचर्चा में विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, सांसद कालीचरण मुंडा, विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, विधायक कुमार जयमंगल, सुरेश बैठा, नमन विक्सल कोंगाड़ी, ममता देवी, निशत आलम, श्वेता सिंह, भूषण बाड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, पूर्व सांसद प्रदीप कुमार बालमुचू, फुरकान अंसारी, धीरज प्रसाद साहू, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, बन्ना गुप्ता, बंधु तिर्की, राज राजेंद्र प्रताप देव, जयप्रकाश गुप्ता, जेपी भाई पटेल, जेपी गुप्ता, राजेश रंजन, अंबा प्रसाद, गीताश्री उरांव, बादल, योगेंद्र साहू ने भी अपने विचार रखे।

# केंद्रीय बजट से झारखंड को हजारों करोड़ की सौगात प्राप्त होगी : प्रतुल

- झारखंड की आदिवासी बहनें उद्यमिता के लिए बिना गारंटी का लोन प्राप्त करेंगी
- 14 लाख किसान क्रेडिट कार्ड होल्डर किसानों को सीधा फायदा
- 24 सदर अस्पतालों में कैंसर डे केयर और 28 लाख से ज्यादा घरों में नल से जल का सपना होगा पूरा



#### बजट को लेकर भाजपा ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अलबर्ट एक्का चौक पर आम बजट पेश होने पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। कार्यकताओं ने कहा कि आम जनता का बजट है। बजट में मध्यमवर्ग के लिए जो राहत दी गई है, वह आजादी के बाद पहली बार है। इस हस्ताक्षर अभियान में मुख्य रूप से राकेश चौधरी, प्रमोद कुमार जायसवाल, नवीन झा, छोटू वर्मा, अजय साहू, लव कुमार, आनंद तिवारी, राजकुमार अग्रवाल, सूरज कुमार, दिलीप साहू, मुकेश एवं अन्य शामिल थे।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पार्टी के खूंटी जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट में झारखंड को मिली सौगातों पर प्रेसवार्ता की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता व आदर्श अंशुल भी उपस्थित थे।

प्रतुल ने कहा कि केंद्रीय बजट की योजनाओं का सीधे तौर पर झारखंड को हजारों करोड़ की योजनाओं का लाभ मिलेगा। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि देश भर के सभी स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भारत नेट परियोजना के तहत ब्रॉड बैंड से जोड़े जाने का प्रावधान बजट में है। इससे झारखंड के 30 हजार स्कूलों और हजारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सीध लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि पीएम धन-धान्य परियोजना से देश भर के 100 जिलों को जोड़ा जा रहा है, जिसमें झारखंड के 18 जिलों के किसानों को लाभ पहुंचने की उम्मीद है।

प्रतुल ने कहा कि एसटी, एससी बहनों को दो करोड़ तक का लोन बिना किसी प्रकार के गारंटी लिए बैंकों देने का प्रावधान किया गया है, जिसका सीधा लाभ यहां की एसटी-एससी बहनों को मिलेगा। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि देश भर के शहरों के लिए एक लाख करोड़ रुपए का आबंटन केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। देश भर के ऐसे शहरों की सूची में झारखंड के पांच शहर शामिल हैं। प्रतुल ने बताया कि सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत झारखंड के 6850 आंगनबाड़ी केंद्र जो अपग्रेड है उनको विशेष सहायता मिलने का प्रावधान बजट में है। इससे राज्य भर के कुपोषित बच्चों के कुपोषण को दूर करने में सहुलियत होगी। किसान क्रेडिट कार्ड की राशि अब तीन से बढ़ाकर पांच लाख रुपए कर दी गई है। झारखंड के 14 लाख केसीसी होल्डर किसानों को इसका लाभ मिलेगा और खेती को बढ़ावा मिलेगा।

प्रतुल ने कहा कि देश भर के मेडिकल कॉलेजों की 75 हजार सीटें बढ़ाई गई है। झारखंड के छह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में लगभग 1000 सीटों की बढ़ोत्तरी होगी। केंद्र सरकार राज्यों को आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए डेढ़ लाख रुपए तक ब्याज रहित ऋण देगी, जिससे झारखंड सरकार भी राज्य के आधारभूत संरचनाओं को सुधार सकेगी। सभी सदर अस्पतालों में कैंसर डे केयर सेंटर खुलेगा। इसके तहत झारखंड के 24 सदर अस्पतालों में इन सेंटर के खुलने का रास्ता साफ हो गया है। जल जीवन मिशन योजना की कार्यावधि बढ़ाकर 2028 कर दी गई है। झारखंड में अब तक 28 लाख 36 हजार 793 घरों में नल से जल नहीं पहुंचा है। इन घरों तक अब पानी पहुंचाया जा सकेगा।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गिग वर्करों (ऑन लाईन प्लेटफॉर्मों के जरिए अनुबंध आधारित नौकरी करने वाले) का भी ध्यान इस बार केंद्र सरकार के द्वारा रखा गया है। उनका श्रम पोर्टल में निबंधन के बाद इनके लिए पांच लाख रुपए तक का बीमा कराने का प्रावधान बजट में किया गया है। इससे झारखंड के 50 हजार गिग वर्करों को फायदा पहुंचेगा। वहीं तिलैया व तेनुघाट डैम समेत अन्य पर्यटन स्थलों के विकास का भी प्रावधान केंद्रीय बजट में किया गया है।

# कुमुद वर्मा ने आजसू में की घर वापसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी कुमुद वर्मा ने अपनी राजनीतिक घर वापसी करते हुए आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके साथ चडरी सरना समिति के महासचिव एवं समाजसेवी सुरेंद्र लिंडा और महादेव टोप्पो ने भी आजसू पार्टी का दामन थामा। इसके अलावा कांटा टोली के सामाजिक कार्यकर्ता मो. तौफीक ने भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिससे पार्टी के जनाधार को और अधिक मजबूती मिली।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं का राजनीति में सक्रिय भागीदारी लेना और झारखंड के बेहतर भविष्य के निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता है। युवा न केवल परिस्थितियों को बदल सकते हैं बल्कि सही दिशा में प्रयास कर झारखंड की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तस्वीर भी बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रतिबद्ध है, और ऐसे विचारशील, कर्मठ एवं संघर्षशील लोगों का पार्टी से जुड़ना झारखंड के राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

आजसू पार्टी की विचारधारा व जनसंपर्क अभियान के चलते प्रदेशभर से लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। पार्टी न केवल झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को मजबूती देने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि युवाओं के लिए एक सशक्त मंच भी प्रदान कर रही है। आज का यह आयोजन यह प्रमाणित करता है कि झारखंड के लोग विकासोन्मुख राजनीति और ठोस नेतृत्व की आवश्यकता को समझ रहे हैं और आजसू को इसका डीसी विकल्प मान रहे हैं।

# सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन ने गुरुजी का लिया आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिशोम गुरु और मां से आशीर्वाद लिया। दुमका में झामुमो के स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर उन्होंने मोर्चा के सभी कर्मठ सिपाहियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। वहीं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दुमका में ऐतिहासिक झामुमो स्थापना दिवस समारोह के लिए रवाना होने से पहले बाबा और मां का आशीर्वाद लिया। झारखंड आंदोलन की आत्मा और संघर्ष की पहचान झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कर्मठ साथियों को इस गौरवशाली अवसर पर हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं।

### इस्कॉन मंदिर में पूर्व सांसद का जन्मदिन मना

# मेरे जीवन का हर पल आमजन और झारखंड के लिए समर्पित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सांसद, डॉ. सूरज मंडल ने कहा कि उनके जीवन का हर पल झारखंड और यहां के आम लोगों से प्रति समर्पित है। डॉ मंडल ने कहा कि झारखंड में भरपूर खनिज संपदा और मानव संसाधन है लेकिन अफसोस की बात है कि राज्य स्थापना के बाद 24 साल के दौरान उसका कुशलता के साथ उपयोग नहीं किया गया। कांके रोड स्थित इस्कॉन मंदिर में अपने जन्म दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मंडल ने कहा कि झारखंड के बेहतर भविष्य के प्रति वह बहुत आशान्वित हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि झारखंड में सभी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नेता भी भले ही वे किसी भी दल से संबंधित हों लेकिन अपनी गहरी नींद से जागेंगे और झारखंड के आप लोगों की खुशी और समृद्धि के लिए कदम उठायेंगे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने कहा कि श्री मंडल की राजनीतिक सक्रियता और जनहित के प्रति समर्पण न केवल उन्हें बल्कि लाखों लोगों को प्रेरित करता है। जन्मदिवस समारोह में डॉ. मण्डल के अनेक समर्थकों, शुभचिन्तकों और इस्कॉन के श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# दिल्ली चुनाव के लिए संजय सेठ ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रविवार को विधानसभा चुनाव के निमित नई दिल्ली के आदर्शनगर विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया भी साथ रहे। इस जनसंपर्क और संवाद में परिवारजनों से कहा कि आप-दा ने दिल्ली के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। केजरीवाल की सरकार ने दिल्ली को 50 साल पीछे धकेल दिया है । आज आप पार्टी करप्शन से घिरी हुई पार्टी हो गई है। श्री सेठ ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दिल्ली के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। दिल्ली के विकास मोदी की गारंटी है। आज पूरा देश मोदी की गारंटी पर विश्वास रखता है। इसलिए दिल्ली को आगे ले जाने के लिए भाजपा की सरकार बनाएं और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें।

### झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने चलाया सदस्यता अभियान

# सदस्यता अभियान को सफल बनाने में कार्यकर्ताओं का योगदान अहम : मुस्ताक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने रविवार को रांची महानगर अंतर्गत हटिया चौक, स्वर्णरेखा पुल के समीप शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम एवं संयोजक मंडली सदस्यों ने बताया कि राज्य के सभी जिलों मे सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी नेतृत्व द्वारा 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है और हम निश्चित ही इस लक्ष्य को पूरा करेंगे। इसी क्रम में रांची महानगर के हटिया चौक के समीप सदस्यता अभियान चलाया गया। पार्टी से जुड़ने के प्रति लोगों मे काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। सदस्यता अभियान को सफल बनाने मे कार्यकर्ताओं का योगदान अहम है। सदस्यता अभियान में विजय आनंद नायक के नेतृत्व मे रामपुर ग्राम प्रधान सुनील लकड़ा, पूर्व पार्षद मंगा पाहन, आदम मुंडू, ज्ञान केरकेट्टा, मंगल राज होरो, फेबयान कच्छप, जूनस बांदे, झरिया कच्छप, भोला जराई, दीप लकड़ा, मुन्ना लोहार, रिसा कच्छप, अमन गोप, विमल कच्छप, मोहन मरांडी, बाहा कच्छप, अभिषेक मिंज, प्रताप भेलसंडी, रवि गाड़ी, अनीता लकड़ा, रितम, मानसिंह, मानसुख पूर्ति, ओम प्रकाश, अनिरुद्ध महली के साथ सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। मौके पर मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, डॉ हेमलाल कुमार मेहता, अश्विनी शर्मा, बीरू तिर्की, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा एवं जिला से मुख्य रूप से आफताब आलम, कलाम आजाद, आदिल इमाम, विजय आनंद नायक, प्रदीप मिर्धा, अमन तिवारी, परवेज आलम अन्य उपस्थित थे।

### 15 फरवरी से 15 मार्च तक सभी जिलों में होगा अटल विरासत सम्मेलन, बोले सीपी सिंह

# अटल जी की स्मृतियों को संग्रहित करेगी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष में व्यापक रूप से पूरे देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित करेगी। प्रदेश भाजपा भी कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। शताब्दी आयोजन के लिए प्रदेश स्तरीय समिति बनी जिसके संयोजक प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू हैं। सह संयोजक पूर्व विधायक अनंत ओझा, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह सहित शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, अनिल सिंह, अनुज कुमार शामिल हैं। रविवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए विधायक सीपी सिंह ने कहा कि प्रदेश भाजपा अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी स्मृतियों को संग्रहित करेगी। कहा कि सभी जिलों में गठित अटल शताब्दी आयोजन समिति जिला स्तर पर अपने जिलों से जुड़ी अटल जी की स्मृतियों का संग्रह करेगी। कहा कि झारखंड निर्माता अटल जी का झारखंड से गहरा जुड़ाव रहा था। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेकों बार झारखंड के सुदूर ग्रामीण जिलों तक सड़क, रेल मार्ग से यात्राएं की थी। कई जनसंघ कालीन कार्यकर्ताओं के आवास पर भी उनका जाना, विश्राम करना हुआ था। कई कार्यक्रमों में उनकी बड़ी सहभागिता हुई थी। झारखंड क्षेत्र में पार्टी के जनाधार को मजबूती प्रदान करने में अटल जी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि इन सारी बातों जानकारियों को पार्टी शताब्दी वर्ष में संग्रह कर उसका डिजिटलाइजेशन करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम लोगों से भी आग्रह किया कि अगर उनके पास अटल बिहारी वाजपेयी से जुड़ी कोई स्मृति, फोटोग्राफ, विडियो है तो उसे अपने जिलों में गठित समिति को उपलब्ध कराएं।

कहा कि पार्टी तक सूचना पहुंचने पर कार्यकर्ता उसका संग्रह भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता फोटोग्राफ या अन्य स्मृतियों की मूल प्रति नहीं रखेंगे, बल्कि उसकी कॉपी कराकर वापस कर दिया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि यह संग्रहण कार्य आगामी 14 फरवरी तक संपन्न होगा। जिसकी जिलों में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि पार्टी आगामी 15 फरवरी से 15 मार्च तक सभी जिलों ने अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन करेगी।




## सरस्वती पूजा आज, पंडालों को भव्य तरीके से सजाया गया

# सरस्वती पूजा के लिए रांची पुलिस मुस्तैद, अश्लील गाना बजाने पर होगी सख्त कार्रवाई



### विसर्जन के वक्त विशेष सतर्कता


राजधानी में सुरक्षा बलों की तैनाती विसर्जन समाप्त होने तक रहेगी। सरस्वती पूजा के बाद विसर्जन को लेकर सभी पूजा समितियों को समय दे दिया गया है। तय समय के अनुसार ही पूजा समितियों को विसर्जन पूरा कर लेना है। विसर्जन के दौरान एनडीआरएफ की टीम मौजूद रहेगी। साथ ही स्थानीय गोताखोरों को भी तैनात किया जाएगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरस्वती पूजा आज सोमवार को है। राजधानी रांची के पूजा पंडाल सज-धज्ज कर तैयार हैं। कुछ पंडालों में देर रात तक माता सरस्वती की प्रतिमा पंडालों में स्थापित की गई। सरस्वती पूजा को लेकर विद्यार्थियों में खास उत्साह है। सोमवार को सरस्वती माता की वंदना विद्यार्थी से लेकर अन्य सभी लोग करेंगे। मां सरस्वती विद्या की देवी है। अधिकतर शैक्षणिक संस्थानों में धूम धाम के साथ सरस्वती पूजा की जाती है। हालांकि अब लोग मुहल्लों में भी सरस्वती पूजा करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सरस्वती पूजा की जाती है। देवी सरस्वती को विद्या, कला और बुद्धि की देवी के रूप में पूजा जाता है। इस दिन की पूजा-अर्चना से ज्ञान, कला और संगीत का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### शिवलिंग रुपी पंडाल में मां सरस्वती होंगी विराजमान

रांची के मोरहाबादी सहित कुसुम विहार में वर्षों से पूजा होती आ रही है। प्रतिवर्ष एक अलग ढंग से विद्या की देवी की पूजा की जाती है। इस वर्ष केवी क्लब के द्वारा सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया है। जिसमें करीबन 16 सदस्य अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहें हैं। क्लब के मुख्य संचालक राहुल, रितेश और निरंजन ने बताया कि प्रतिवर्ष मां सरस्वती का स्वागत हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। इस वर्ष भी सरस्वती पूजा उसी प्रकार से की जा रही। शिवलिंग रुपी पंडाल के भीतर मां सरस्वती विराजमान होंगी। सोमवार को मां की स्थापना और मूर्ति पूजन के बाद मंगलवार को शिव चर्चा और खीर वितरण का आयोजन किया गया है। वहीं पूजा के अंतिम दिन यानि बुधवार को विसर्जन और खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया है। पूजा में करीब 500 से अधिक श्रद्धालु आते हैं जिसकी सुरक्षा के लिए क्लब के लोग मौजूद रहते हैं। उन्होंने कहा की बरियातू पुलिस का भी सम्पूर्ण योगदान मिलता है।



### रिम्स में बनाया गया द्वारका रुपी पंडाल

रिम्स की सरस्वती पूजा भी प्रतिवर्ष सुर्खियों में रहती है। हालांकि बीते दिनों रिम्स में घटी कुछ घटनाओं के कारण पूजा पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन छात्रों के द्वारा अनुरोध किए जाने पर कुछ निर्देशों के साथ रिम्स परिसर में सरस्वती पूजा के आयोजन की अनुमति रिम्स प्रबंधन ने दे दी है। मगर योजन भव्य तरीके से नहीं हो रहा। इसे सीमित तरीके से आयोजित करने का निर्णय दिया गया था। निदेशों का पालन करते हुए 2023 बैच के छात्रों ने सरस्वती पूजा का आयोजन किया है। शरद सिद्धार्थ ने बताया कि सोमवार को मूर्ति पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पूजा के दौरान विद्यार्थियों की भीड़ काफी ज्यादा होती है इसलिए वोलेंटियर भी तैनात रहेंगे। बरियातू पुलिस का भी पूरा सहयोग मिलता है।

### मां हंसवाहिनी क्लब कर रही धूमधाम से सरस्वती पूजा

हरमू के गंगानगर में मां हंसवाहिनी क्लब द्वारा सरस्वती पूजा की जा रही। क्लब के सदस्य स्वराज कुमार, पवन सिंह और राकेश सिंह ने बताया की सोमवार को मूर्ति पूजन के साथ प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। वहीं मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया है। बुधवार को विसर्जन के साथ साथ खिचड़ी और खीर का वितरण किया जाएगा। सदस्यों ने बताया कि पुलिस के ओर से भी सुरक्षा दी जाती है।

- राजधानी रांची के पूजा पंडाल सज-धज्ज कर तैयार

**2023 बैच के छात्रों ने सरस्वती पूजा का आयोजन किया है**

### रांची जिले में 400 अतिरिक्त पुलिस तैनात

राजधानी में सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सरस्वती पूजा के दौरान सुरक्षा को लेकर जिलेभर में 400 अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है। पुलिस कर्मियों की तैनाती विसर्जन तक के लिए किया गया है। सरस्वती पूजा को लेकर सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी थानेदारों को निर्देश भी जारी किया है। सिटी एसपी ने बताया कि सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। राजधानी में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है, जिसमें महिला पुलिसकर्मी भी शामिल है। सरस्वती पूजा पंडालों के आसपास भी सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया जा रहा है। खासकर छेड़खानी की जैसी घटनाओं को रोकने के लिए शक्ति कमांडो को विशेष रुप से सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है।वहीं पूजा के दौरान समितियां के लोगों को स्पष्ट निर्देश है कि वह पूजा के अवसर पर अश्लील या फिर भड़काऊ गाना ना बजाए. ऐसा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है.

## भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार के मंदिर परिसर में आम सभा

### 2024 दुर्गा पूजा के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार के मंदिर परिसर में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र पर श्री दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। कोषाध्यक्ष मंटू जालान द्वारा वर्ष 2024 शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। भारतीय युवक संघ 1958 से विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक एवं रचनात्मक कार्यों के द्वारा समाज के समुचित विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाती आ रही है ।इस दिशा में इस वर्ष भी अपनी सक्रिय भूमिका की ओर अग्रसर है। आज संस्था के वरिष्ठ एवं सभी कर्मठ सदस्यों की उपस्थिति में आगामी चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र दुर्गापूजा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए साथ ही संघ को मजबूती प्रदान करने हेतु आने वाले समय में अनेक कार्यक्रम किए जाने पर सभी सदस्यों ने एकजुटता दिखाई। चैत्र नवरात्रि हेतु अमित सोनी, अमित अग्रवाल एवं दीपक गोयंका को महोत्सव संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया। सभा में अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, मंटू जलान, विनोद छापड़िया, रमेश अग्रवाल, शंभू अग्रवाल, संजय चौधरी, रोहित गोयनका, ललित सोढानी, सुनील पोद्दार, विवेक अग्रवाल, मनीष साहू, आशीष डालमिया, विवेक अग्रवाल, अमित सोनी, सुमित डालमिया, दीपक गोयंका, विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सुरेश भगत, किशोरी पोद्दार, रवि रोहतगी, विनोद टिंबरेवाल, अरविंद चौधरी, आकाश अग्रवाल एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। अंत में उपाध्यक्ष रवि रोहतगि द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर सभा को विराम दिया गया।

### ई-समिट में कई सत्र और रोमांचक प्रतियोगिताएं हुई

**रांची।** बीआईटी मेसरा में आयोजित ई-समिट 25 के अंतिम दिन रविवार को कई रोमांचक प्रतियोगिताओं और ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन हुआ। बाजार क्लैश प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की बाजार समझ और सौदेबाजी की क्षमता की परीक्षा ली गई। प्रारंभिक क्विज के बाद हुई खरीद-बिक्री की चुनौती में प्रतिस्पर्धियों के बीच मुकाबला हुआ। आईपीएल ऑक्शन के फाइनल में टीम मालिकों की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों ने खिलाड़ियों के चयन और रणनीतिक बोलियों के जरिए अपनी सूझबूझ का परिचय दिया। आईडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक सुप्रतीक रॉय ने उभरते उद्यमियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने व्यापार जगत में सफलता पाने के लिए जरूरी रणनीतियां और मानसिकता पर अपने विचार साझा किए।

### सरस्वती पूजा पर बच्चों के बीच प्रतियोगिता

**रांची।** ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी सरस्वती पूजा समिति द्वारा छोटे बच्चों के बीच चित्रकला व कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों को कलर, डेरीमिल्क व पेन से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अवधेश ठाकुर, विशाल सिंह, शैलेश त्रिपाठी, पीयूष ठाकुर, विक्की सिंह और कॉलोनी के लोग उपस्थित थे।

## श्री राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में रविवार को सरस्वती पूजा मनाया गया। मौके पर श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का वितरण किया गया है। अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद संस्था की सदस्या विद्या देवी अग्रवाल एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। महाप्रसाद में 101 किलो ग्राम की केसरिया खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज 192 वें अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का वितरण किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे लगभग 10 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर- ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, नन्द किशोर चौधरी,शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान,पवन पोद्दार, पूरणमल सर्राफ,सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ,विशाल जालान सहित अन्य उपस्थित थे।

### आज / कल




## अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर का 20वां स्थापना दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर का 20वां स्थापना दिवस रविवार को अत्यन्त उत्साहपूर्ण वातावरण में धूम धाम से आयोजित किया गया। प्रातः श्री श्याम प्रभु की श्रृंगार आरती के पश्चात श्री श्याम प्रभु व गो माता के जयकारों के बीच श्री श्याम मण्डल के सदस्यों ने बड़ी संख्या में हरमू रोड स्थित गोशाला में गो पूजन कर सैंकड़ों गो माताओं को गुड़, रोटी, हरी सब्जी, दलिया इत्यादि खिलाया गया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में बालकिशन परसरामपुरिया, गौरव परसरामपुरिया, नितेश केजरीवाल, ज्ञान प्रकाश बागला, रोहित पोद्दार का सहयोग रहा। 11: 30 बजे श्री श्याम मन्दिर के निकट शीतल टावर परिसर में श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। जहां 3000 की संख्या में भक्तगण श्री श्याम प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास पाड़िया, गौरव शर्मा, अजय साबू, अशोक लाठ, प्रमोद बागड़ीया, प्रियांश पोद्दार का सहयोग रहा। शाम 4 बजे श्री श्याम प्रभु का नैनाभीराम श्रृंगार किया गया साथ में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान श्री श्याम प्रभु को अर्पित किया गया। श्री श्याम प्रभु की जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन का कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। रात्रि 8 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।





















## एक नजर

### पारस हॉस्पिटल में निःशुल्क कैंसर परामर्श शिविर कल से

**रांची।** विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल एचईसी की ओर से चार से 14 फरवरी तक मरीजों के लिए निःशुल्क कैंसर परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में लोग कैंसर से संबंधित बीमारियों की जानकारी ले सकेंगे। इसमें पारस हॉस्पिटल एचईसी के अन्कोलॉजी विभाग के डॉ गुंजेश कुमार सिंह और डॉ मदन गुप्ता समेत अन्य कैंसर विशेषज्ञ मरीजों को परामर्श देंगे। साथ ही डॉक्टरों के अनुशंसा पर सभी जांचों पर 50 प्रतिशत की भी छूट दी जाएगी। पारस हॉस्पिटल एचईसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि विश्व कैंसर दिवस पर पारस हॉस्पिटल कैंसर पीड़ितों के लिए निःशुल्क शिविर लगा रहा है। कैंसर के मरीज इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठा सकते हैं। निःशुल्क पंजीकरण के लिए 7282010101 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मेडिकल कैंप में ब्लड प्रेशर और मधुमेह की हुई जांच

**रांची।** लायंस क्लब रांची हरि कनक ग्रेटर की ओर से रांची सेक्टर-2 धुर्वा स्थित गायत्री शक्तिपीठ परिसर में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग प्रबंधक कुमार मृणाल गुप्ता एवं उनकी नर्सिंग टीम की देखरेख में लोगों के रक्तचाप एवं मधुमेह जांच की।

### काइजन सीए ने 3 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में काइजेन सीए बनाम हटिया सीए बी के बीच खेला गया। हटिया सीए बी की टीम ने 22.3 ओवर में 10 विकेट पर 113 रन बनाया। किंशुक ने 15 रन बनाया। यश ने 4 विकेट लेकर 29 रन, अव्यान ने 3 विकेट लेकर 24 रन व हर्ष ने 2 विकेट लेकर 15 रन दिया। काइजेन सीए ने 22.5 ओवर में 7 विकेट पर 114 रन बनाया। हर्ष ने 34 रन बनाया। सिद्धार्थ ने 3 विकेट लेकर 17 रन व रणवीर ने 2 विकेट लेकर 20 रन दिया।

### 10 अंचलों में एक साथ दाखिल-खारिज शिविर का आयोजन

# दूसरे चरण में कैंप मोड में होगा लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन : डीसी


### 10 डिसिमल तक के लंबित मामलों का किया गया निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला प्रशासन द्वारा पहली बार एक साथ 10 अंचल में शिविर लगाकर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बड़गाईं अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अनगड़ा, अरगोड़ा, बेड़ो, बुण्डू, बुढ़मू, चान्हो, हेहल, ईटकी एवं नगड़ी में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा तैयार की गई कार्य योजना

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आम जनों से प्राप्त हो रही शिकायतों के बाद पहले चरण में 10 डिसिमल तक के म्यूटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए कार्य योजना



तैयार की गई। सभी अंचल अधिकारियों के साथ लगातार बैठकों के बाद 10 डिसिमल तक के बिना आपत्ति 30 दिन और आपत्ति के साथ 90 दिन के लंबित म्यूटेशन के मामलों की सूची तैयार की गई। सभी अंचलों को 14 जनवारी 2025 तक के लंबित 10 डिसिमल के ऐसे मामलों की सीआई और कर्मचारी स्तर से निर्धारित तिथि को वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद कैंप मोड में सभी वेरीफाई मामलों को स्वीकृत करते हुए आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया।

**अस्वीकृत आवेदनों की वरीय पदाधिकारी करेंगे समीक्षा**

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत नहीं करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी अंचल में वरीय पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई, जो कैम्प में अस्वीकृत मामलों की समीक्षा करेंगे कि रिजेक्शन का कारण सही है या नहीं।

**अस्वीकृत मामलों के लिए काउंसलिंग की होगी व्यवस्था :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बताया कि कैंप में जिन आवेदकों के आवेदन अस्वीकृत हुए हैं, उनके लिए रिजेक्शन काउंसलिंग की व्यवस्था की जाएगी, ताकि आवेदक जान सके कि किस कारण उनके आवेदन को अस्वीकृत किया गया।

**दूसरे चरण में शेष अंचलों में शिविर का होगा आयोजन :** उपायुक्त ने कहा कि अंचल कार्यालयों में राजस्व से संबंधित कार्यों में आम लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि जिला के शेष अंचलों में दूसरे चरण में कैंप लगाकर लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन किया जाएगा।

#### बिचौलिए दिखें तो स्थानीय थाना को सूचित करें

जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री अंचल में सभी पदाधिकारी/कर्मियों को समय पर कार्यालय आने और लोगों को उनकी समस्या के समाधान के संबंध में सही जानकारी प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। उन्होंने आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर अबुआ साथी 9430328080 पर भी जानकारी देने की अपील की।
दाखिल-खारिज राजस्व शिविर में कुल 1134 मामलों में से 534 को स्वीकृत किया गया जबकि 460 मामले अस्वीकृत किए गए। अनगड़ा अंचल में 179 में से 147, चान्हो में 151 में से 103, बड़गाईं में 97 में से 58, बुढ़मू में 41 में से 32, बुंडू में 30 में से 24, बेड़ो में 43 में से 25, हेहल में 59 में से 21, नगड़ी में 162 में से 65 और अरगोड़ा में 372 में से 59 मामले स्वीकृत किये गए।

### सिल्ली कॉलेज में विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## सिल्ली कॉलेज रांची विश्वविद्यालय के लिए एक मिसाल है

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली कॉलेज इतिहास विभाग की तरफ से एमए जूनियर छात्रों सत्र 2023-2025 के द्वारा सत्र 2021-2023 और सत्र 2022-2024 के छात्रों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मांडर कॉलेज मंडर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ पीसीएन राणा ने



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि ने कहा कि आप सभी आने वाले कल के भविष्य हैं,आप जहां भी जाएं अपना नाम रोशन करें, हमारी दुआ आपके साथ है।

## अपनी समस्याएं मौखिक नहीं लिखित रूप में दें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली विधायक अमित कुमार महतो ने रविवार को सिल्ली प्रखंड के मुरी पूर्वी और मुरी पश्चिमी के पंचायत भवन में जनता दरबार लगाया और लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जनता दरबार में मैय्या योजना, अबुआ आवास, राशन कार्ड, विधवा पेंशन समेत कई मामले आए। विधायक ने सभी मामलों पर प्रखंड और अंचल के पदाधिकारियों को जांच कर यथा शीघ्र निष्पादन करने का आदेश दिया। विधायक ने कहा कि हमें जनता ने विश्वास कर बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए चुना है। हमें भी जनता के प्रति खरा उतरकर बेहतर तरीके से कार्य करना



है। इस दौरान विधायक लोगों से रूबरू हुए और कहा कि जो भी समस्याएं हैं अपनी समस्याओं को मौखिक नहीं लिखित रूप में दें। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इन समस्याओं का निष्पादन जल्द से जल्द करने का कोशिश करूंगा। विधायक ने आगे कहा कि प्रखंड और अंचल कार्यालय के जितने भी पदाधिकारी है उनका फोन नंबर लेकर रखें और किसी भी प्रकार की जानकारी की जरूरत पड़े तो सीधे पदाधिकारियों से संपर्क करें। इस मौके पर सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, कृषि पदाधिकारी कमलाकांत महतो, अशरफ अली, मोहम्मद शमसु ,नौशाद आलम, महेश, संजीत साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### खलारी में सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

मां सरस्वती की पूजा को लेकर क्षेत्र में तैयारी पूरी कर ली गई है। गांव, गली, मुहल्लों में पंडाल बनाया जा रहा है। कुछ एक को छोड़ सभी सरकारी व निजी स्कूलों में भी मूर्ति स्थापित कर पूजा की जा रही है। पूजा स्थलों व पंडालों में आकर्षक साज सज्जा किया गया है। आयोजन समितियां पंडालों को अलग अलग आकर्षक आकार देने में लगे हैं। देर शाम तक लोग जेहलीटांड़ स्थित कुम्हार टोले से मां सरस्वती की मूर्तियां ले जाते रहे। खलारी प्रखंड क्षेत्र में करीब सौ जगहों पर सरस्वती पूजा की जा रही है। खलारी जेहलीटांड़ के मूर्तिकार प्रमोद प्रजापति ने मां सरस्वती की मूर्तियों को एक दिन पूर्व ही अंतिम रूप दे दिया है। प्रमोद ने बताया कि इस वर्श छोटी बड़ी 100 से अधिक मूर्तियां बनाई गयी हैं। अधिकतर मूर्तियां आर्डर पर बनाए गए हैं। मूर्तियां 1200 रूपए से लेकर 8000 रुपए कीमत तक बिकी। खलारी के अलावा सटे दूसरे जिलों के चंदवा, बालूमाथ, पिपरवार, बहेरा, कल्याणपुर व चामा, बिजुपाड़ा तक के लोग मूर्तियां ले गए हैं।

### मोहन का चयन बेस्ट कोरियोग्राफर अवॉर्ड के लिए हुआ




**मुरी।** सिल्ली के मोहन सहिस दिन प्रतिदिन अपने कला के माध्यम से राज्य का नाम भी रोशन कर रहे है। कभी रवा रत्न से सम्मानित होकर कभी बिस्वा रत्न से सम्मानित होकर तो कभी वर्ल्ड रिकॉर्ड बना कर लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं। इसी तरह फिर से स्वामैक फिल्म प्रोडक्शन के आयोजित आईडीपी आइकॉनिक अवॉर्ड शो में शामिल होकर अपने मंत्रमुग्ध कोरियोग्राफी के लिए चुने गए। मोहन ने पिछले कुछ महीने मुंबई में कोरियोग्राफ कर रहे थे जिनमें मोहन ने इंडियन टेलीविजन सीरियल में कोरियोग्राफ किया था। आज उनकी कोरियोग्राफी इंडस्ट्री में बेस्ट कोरियोग्राफी और बेस्ट डांस के लिस्ट में चयन किया गया है। अगर मोहन इस अवॉर्ड को जीतते है तो मोहन को स्वयं बॉलीवुड कोरियोग्राफर मास्टर मर्जी जो डांस इंडिया डांस, डांस दीवाने, डांस चैंपियन जैसे शो को जज कर चुके है और बॉलीवुड पर अपना कोरियोग्राफी के दम पर पूरी इंडस्ट्री को नचा चुके हैं। मोहन को उनके हाथों में बेस्ट कोरियोग्राफर का अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाएगा। यह शो भोपाल में 3 फरवरी को रखा गया है फिलहाल इस समय मोहन शो के लिए रांची से रवाना हो चुके है।

### सशक्त संगठन और चुनाव को लेकर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा ने की बैठक



रांची। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की रविवार को पुदांग के अपार्टमेंट में बैठक हुई। इस बैठक में बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र में बने संगठनों को ध्यान में रखते हुए। झारखण्ड में भी विधिवत बाह्मणों के लिए सश्क्त संगठन और चुनाव कराने की बात कहीं गई हैं। वहीं,प्रखंड में दो ,जिला कार्यकारिणी में एक नाम का चयन होगा। सभी ग्राम से प्रखंड कार्यकारिणी, प्रखंड अध्यक्ष, और जिला प्रतिनिधि आपस में जिलाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। जिला-नगर से दस नाम प्रादेशिक कार्यकारिणी के लिए भी प्रस्तावित किया जाएगा। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा। वहीं, प्रदेश संयोजक शैलेश मिश्रा, प्रदेश संगठन प्रभारी स्वेता झा,प्रदेश सदस्यता प्रभारी चंद्र नाथ झा, और प्रदेश सर्वेक्षण प्रभारी सुशील ठाकुर, को चुना गया हैं। बैठक में अमरनाथ झा , शैवाल शेखर मिश्रा, रीतेश रंजन झा ,अरुण मिश्रा, शैलेश मिश्रा, योग नारायण झा,आदि उपस्थित रहें।

## हाइवा ने स्कूटी सवार को रौंदा दो युवकों की मौत, सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

आरकेडी कंपनी के हाईवा की चपेट में आने से दो स्कूटी सवार युवकों क्रमशः 25 वर्षीय सोलेस्टिन लकडा. पिता दुर्गा लकड़ा एवं 22 वर्षीय आकाश किस्पोट्टा की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों बेड़ो थाना क्षेत्र के नगड़ी टोली गांव के रहने वाले थे। दोनों अपने चाचा झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता जुगेश उरांव से मिलने नगड़ी टोली से बेड़ो जा रहे थे। तभी सड़क निर्माण में लगे आरकेडी कंपनी के हाईवा ने बारीडीह गांव एवं पोकलो डोढ़हा के बीच रोंग लेन में जाकर रांची गुमला मुख्य मार्ग में दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। स्कूटी एवं हाइवा की टक्कर में दोनों निर्दोष युवकों की जान चली गई। घटना के बाद भारी गुस्से में आकर आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची गुमला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। कथित प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नगड़ी टोली से दोनों युवक स्कूटी में सवार होकर बेडो.जा रहे थे वहीं



विपरीत दिशा से गलत लेन में चलते हुए हाईवा तेज रफ्तार से चलते हुए दोनों युवकों को स्कूटी सहित अपनी चपेट में ले लिया। जहां दोनों को चपेट में लेने के बाद हाइवा को उसके चालक ने डिवाइडर के ऊपर चढ़ा दिया। समाचार लिखे जाने तक रांची गुमला मुख्य मार्ग जाम था। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नकुल शाह घटनास्थल पहुंचे और स्थिति को संभालने में जुट गए हैं। घटना के बाद आरकेडी कंपनी के प्रति लोगों का गुस्सा अपनी चरम पर था। लोगों का कहना था कि अक्सर घटनाएं आरकेडी कंपनी की गाड़ियों से ही क्यों होती है ? उनका मनोबल इतना क्यों बढ़ा हुआ है । उन पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती ? हालांकि सवालों का जवाब अब प्रशासन को देना पड़ सकता है। हालांकि इस संदर्भ में पुलिस प्रशासन की कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

### भारत रंग महोत्सव 2025 का हुआ उद्घाटन 7 तक होगा उत्सव

**रांची।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) ने रविवार को डोरंडा स्थित शौर्य सभागार में भारत रंग महोत्सव (बीआरएम) का उद्घाटन हुआ। 'भरंगम' कहा जाने वाला बीआरएम दुनिया का सबसे बड़ा रंगमंच उत्सव है, जिसने 2024 में सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरे किए। इस अनूठी पहल के माध्यम से, एनएसडी उत्सव की पहुंच को और विस्तारित कर रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह पहल पिछले वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम, वंदे भरंगम' पर आधारित है। मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृति निदेशालय, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा कार्य विभाग निदेशक आसिफ एकराम थे। वहीं विशिष्ट अतिथि निदेशक (कार्मिक) सीसीएल हर्ष नाथ मिश्रा थे, जबकि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के संकाय सदस्य अब्दुल कादिर शाह, ने सत्र की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि आसिफ एकराम ने कहा कि मैं अत्यंत हर्षित हूं कि भारत रंग महोत्सव हमारे शहर में हो रहा है।

## एसएसपी ने नामकुम थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रविवार को एसएसपी ने नामकुम थाना का वार्षिक निरीक्षण किया, जिसमें थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी/कर्मी को कई निर्देश दिए गए। जिसमे लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। लंबित वारंट एवं कुर्की का निष्पादन अविलंब करेंगे। साथ ही फिरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिया गया। भूमि विवाद से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्र पर कार्रवाई करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया। सभी निरीक्षण से संबंधित पंजियो का अवलोकन कर उसमें पाए गए कमियों का निराकरण/ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिया गया। आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अविलंब निष्पादित करेंगे। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि सम्मत कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

## नैतिकता का ज्ञान देने की शुरुआत अभिभावक घर से करें : कंचन सिंह

**काजल मेहता, रांची**

आज मां सरस्वती की आराधना पूरे देश भर में की जा रही है। भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी सरस्वती पूजा की जाती है। जहां एक तरफ प्रतिमा स्थापित कर देवी की पूजा धूम धाम से की जाती है। वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के साथ बदसुलूकी और बदतमीजी के मामले भी आए दिन सामने आते हैं। हाल ही के दिनों में कई मामले थानों में दर्ज हुए है। हालांकि पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को सजा दिलाई गई। लेकिन क्या न्याय हर महिला को मिल पाती है, यह बड़ा सवाल है? आज भी कई महिलाएं थानों में अपनी फरियाद लेकर जाती हैं तो उनके साथ अपरधियों जैसे व्यवहार किया जाता है। हालांकि शहरी इलाकों में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती है साथ ही शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की परेशानियों को सुना जाता है। जहां महिलाएं बेहिचक अपनी शिकायतें दर्ज करवाती हैं। लेकिन इनकी संख्या कम है। वहीं ग्रामीण इलाकों के थानों में महिलाओं के साथ आज भी पुलिस कर्मियों का व्यवहार की स्थिति अच्छी नहीं है। ग्रामीण क्षेत्र के थानों में महिला पुलिस कर्मियों की संख्या अपेक्षाकृत कम है। हालांकि कई हेल्पलाइन मोबाइल नंबर है जिस पर महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। कहीं किसी थाने में भी किसी महिला के साथ यदि दुर्व्यवहार किया जाए तो भी महिलाएं डीसी द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 या फिर हेल्प लाइन नंबर 1091, 112 पर कॉल करके अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती हैं.

### नारियों को सदियों से पूजनीय माना जाता है

सरस्वती पूजा का उद्देश्य ज्ञान प्राप्ति है लेकिन क्या ज्ञान के साथ बच्चों को विद्यालयों में नैतिकता सिखाई जाती है। नैतिकता जिसमें महिला की सम्मान का विषय हो, नैतिकता जिसमें महिलाओं के सामने चाहे वह बहन, महिला मित्र या मां और पत्नी के सम्मान का विषय हो। इस मुद्दें पर समाज कल्याण की सहायक



निदेशक कंचन सिंह ने मातृत्व परदारेषु परद्रव्येषु लोष्ठवत। आत्मवत सर्वभूतेषु यः पश्यति स पंडितः।। जो मनुष्य पर-स्त्री को माता के समान, पराये धन को मिट्टी के ढेले के समान और समस्त प्राणिमात्र को स्वयं के समान देखता है, वही पंडित (विद्वान) है, कहते हुए कहा कि नारियों को सदियों से पूजनीय माना जाता है। सभी प्रमुख देवियां नारी हैं। ज्ञान की देवी भी नारी हैं इसलिए सरस्वती पूजा के दौरान बच्चों के बीच नारियों के सम्मान की नैतिकता का ज्ञान देना बेहद जरुरी है। बच्चों को सिखाने का सबसे बड़ा माध्यम है परिवार में घर के पुरुषों का महिलाओं के साथ व्यवहार और विद्यालय में शिक्षक का महिला शिक्षिका के साथ व्यवहार अच्छा होना। बचपन से यदि बच्चों के सामने घर और विद्यालय दोनों जगहों पर महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना पुरुषों में होने से घर के बच्चे भी वही भावना रखते हैं। नैतिकता का ज्ञान देने की शुरूआत घर से होनी चाहिए। आज के पीढ़ी के सरस्वती पूजा को लेकर उन्होंने कहा आज के बदले हुए वक्त में पूजा तो हो रही है लेकिन उसका मूल रूप बदल गया है। आज के दौर में पूजा पाठ में गाने बजाना नाचना यह प्रचालन जरुरी हो गया है इसलिए बच्चों में और युवाओं में संस्कृति लाने की जरुरत है।

### महिलाओं के साथ पुलिस का व्यवहार हो संवेदनशील : तनुश्री सरकार

खूंटी की सीडब्ल्यूसी की अध्यक्ष तनुश्री सरकार ने कहा की पहले की तुलना में माहौल में काफी सुधार आया है। उन्होंने यह भी कहा कि थाना प्रभारियों और पुलिस को महिलाओं के साथ संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए। क्योंकि महिलाएं जब बुरी परिस्थितियों में आ जाती है तभी थाना और पुलिस का रूख करती हैं।



कई विपरीत हालातों से गुजर कर महिलाएं पुलिस के पास अपनी फरियाद लेकर जाती हैं इसलिए महिलाओं के प्रति पुलिस को संवेदनशीलता रखनी चाहिए। उन्होंने कहा अब सभी मामलों पर सुनवाई होती है।

**महिलाएं अपनी परेशानियों को ले 9430328080 या 1091,112 हेल्पलाइन नंबर पर कर सकती हैं शिकायत**

## बेड़ो व लापुंग में सरस्वती पूजा की तैयारी पूरी, बने भव्य पंडाल

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो और लापुंग प्रखंड सहित ककरिया और दोलैचा सहित दर्जनों गांवों में सरस्वती पूजा की व्यापक तैयारियां की गई है। बेड़ो प्रखंड के होली कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, विद्या सागर पब्लिक स्कूल बेड़ो एवं मुरतो शाखा, डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों में सरस्वती पूजा की व्यापक तैयारियां की गई है। वहीं बेडो.बस्ती सरस्वती पूजा समिति के अध्यक्ष आयुष गोप , कोषाध्यक्ष दीपक गोप एवं सचिव खद्दी उरांव के नेतृत्व में पूजा समिति के कार्यकर्ता 24 घंटे तैयारी में जुटे हैं। वहीं झारखंड युवा उत्थान समिति झरी क्लब देवी मंड़प रोड के अध्यक्ष शशी गोप, कार्यकारी अध्यक्ष अमित गुप्ता, उपाध्यक्ष अभिनव कुमार, सचिव विजय बडाईक एवं कोषाध्यक्ष विक्की बडाईक के नेतृत्व में व्यापक तैयारियां की जा रही है। वहीं लापुंग में पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ दोलैचा के सरस्वती पूजा आयोजन समिति नवयुवक संघ हैप्पी क्लब बस स्टैंड दोलैंचा एवं ककरिया के श्री राम क्लब सहित अन्य सार्वजनिक संस्थाओं में व्यापक तैयारियां की गई है। दोलैचा में सरस्वती पूजा आयोजन समिति नवयुवक संघ हैप्पी क्लब बस स्टैंड दोलैंचा में सरस्वती पूजा को लेकर समिति गठित की गई है जिसमें अध्यक्ष रोहित साहु, कोषाध्यक्ष गौतम साहु, सचिव मुगुल साहु, सदस्य शुभम कुमार, गणेश साहु, मदन साहु, सोनू साहु, प्रिंस कुमार तुलसी साहु अखिलेश्वर साहु नितेश साहु, विभाष साहु, नमन भगत, सीताराम साहु, माड़वारी साहु, रवि साहु, जटू साहु, कृष्ण साहु, मनोज साहु, प्रकाश साहु, राजेश साहु, शिवकुमार साहु, विष्णु साहु, कार्तिक साहु, प्रहलाद साहु, रोशन साहु, अमित सिंह, आकाश सिंह, वरुण सिंह, राजेश ठाकुर, डब्लू महतो, नितेश ठाकुर, बलराम साहु, संतु साहु, चिरंजी साहु, सुमन साहु, किशलाल स्वांसी, सोनू स्वांसी सहित अन्य लोगों को शामिल किया गया है।

## एक नजर

### महाशिवरात्री में हर-हर महादेव से गूंजेगा क्षेत्र

**रामगढ़।** स्थानीय एलआईसी कार्यालय के समीप जय श्री महाकाल मंडली की ओर से 13 वां महाशिवरात्री महोत्सव 26 फरवरी को बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा। 20 फरवरी को पूजा पंडाल का निर्माण शुरू होगा। जबकि, 25 फरवरी को अग्नि पूजा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। 26 फरवरी को महाकाल का भव्य दरबार सजाकर पूजा-अर्चना की जाएगी। दोपहर दो बजे से अटूट भंडारा शुरू होगा। जबकि, संध्या तीन बजे छोटे-छोटे बच्चों की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकी आयोजित किया जाएगा। सफल बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण होगा। शाम छह बजे महाआरती, पुष्प वर्षा के साथ दूध-भांग प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए महाकाल मंडली के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य युद्ध स्तर पर जुटे है।

### सुरक्षाकर्मियों ने 30 टन चोरी का कोयला किया जब्त

**रामगढ़।** वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के परेज प्रोजेक्ट के सुरक्षा प्रभारी मुन्ना नोनिया ने रविवार को पुलिस के सहयोग से लगभग 30 टन चोरी का कोयला जब्त किया है। इस संबंध में मुन्ना ने बताया कि परेज के 80 कॉलोनी में परियोजना के कोल डंप से स्थानीय ग्रामीण कोयला चोरी कर जमा कर के रखा था। इस कोयला को चोर साइकिल और मोटरसाइकिल से चोरी छिपे बाहर ले जाकर बेचने का काम करते हैं। कोयला चोरी होने से परियोजना को आर्थिक नुकसान हो रहा था। इसलिए कोयला चोरी के खिलाफ अभियान चलाकर पेलोडर और हॉलपैक से लगभग 30 टन चोरी का कोयला को जब्त कर प्रोजेक्ट के कोल डंप में जमा किया गया। वहीं सुरक्षा विभाग और पुलिस के इस कार्रवाई से कोयला चोरों में भय का माहौल व्याप्त हो गया है।

### मांडू प्रखंड मध्याह्न भोजन कोषांग में हो रही लापरवाही

**रामगढ़।** शहर प्रतिनिधि। मांडू प्रखंड मध्याह्न भोजन कोषांग में लगातार लापरवाही हो रही है। इसे लेकर बीईईओ विजय कुमार राम ने सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने मध्याह्न भोजन कोषांग कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल कुमार को शोकॉज जारी किया है। इसके माध्यम से राहुल कुमार को कहा कि आपके द्वारा लगातार कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचते हैं। इस कारण मध्याह्न भोजन कोषांग का समस्त काम प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा विभागीय दिशा - निर्देशों का पालन नहीं करने की बात कही। क्यों नहीं सेवा से बर्खास्त किया जाए इस बाबत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। पत्र की प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधीक्षक रामगढ़ को भी प्रेषित की गई है।

सरस्वती पूजा आज, तैयारियां पूरी, प्रशासन भी एलर्ट

# 7 फरवरी तक लागू हुई निषेधाज्ञा, 5 फरवरी की रात्रि 8 बजे तक प्रतिमा विसर्जन का आदेश

*सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह चुस्त दुरुस्त दिख रहा है*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बसंत पंचमी के अवसर पर मां शारदे की पूजा धूमधाम से मनाए जाते है. बरही के विभिन्न क्लबों के भव्य पूजा पंडाल और विसर्जन जुलूस पूरे जिले में विशेष स्थान रखता है. इस वर्ष भी पूजा हर्षोल्लास मनाने के लिए क्लबों और शैक्षणिक संस्थानों की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकीं है. सोमवार को विद्यादायिनी मां सरस्वती की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया जायेगा. जो मंगलवार और बुधवार के प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न होगा. इसे लेकर सभी रविवार को भी लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों में चहल पहल रहे. विद्यार्थियों ने पूजा स्थल की साफ सफाई कर प्रतिमा स्थापित करने का काम किया. सोमवार को भक्तिभाव से पूजा अर्चना के साथ पट खुलेंगे और भक्तों को मां शारदे का दर्शन होगा. सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह चुस्त दुरुस्त दिख रहा है. पूजा में किसी भी प्रकार का हुड़दंगी या अशांति नहीं हो इसके लिए प्रशासन ने 7 फरवरी तक निषेधाज्ञा घोषित करते हुए कई आवश्यक निर्देश जारी किए गए है. जिसके तहत डीजे बजाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जुलूस निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है. पूजा पंडालों या विसर्जन के क्रम में अश्लील गाने बजाने या फूहड़ नृत्य करने पर पाबंदी लगाए गए हैं. इसके साथ ही हर हाल में सभी पूजा समितियों को 5 फरवरी को रात्रि 8 बजे तक प्रतिमा विसर्जन के आदेश दिए गए है. विसर्जन के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों पर किसी भीं स्थिति में जुलूस नहीं निकालने को कहा गया है.

## शेड निर्माण कार्य का बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया निरीक्षण, जताई नाराजगी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय, होन्हे में झारखंड सरकार के भवन निर्माण विभाग द्वारा 47,86,300 की लागत से पावर ब्लॉक और शेड निर्माण कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं पाईं। निरीक्षण करते हुए सुधीर मंगलेश ने कहा की छत की ढलाई में छरी (गिट्टी) के स्थान पर छरी की चुरन का उपयोग किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। कहा की ढलाई की मोटाई भी मानक से कम पाई गई। बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि वे इस मामले की शिकायत स्थानीय विधायक ममता देवी एवं रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से करेंगे। ग्रामीणों ने भी कार्य को लेकर पर नाराजगी जताई है और प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## न्यूज बॉक्स

### कानून की जानकारी देकर लोगों को किया गया जागरूक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बंडासिंघा में रविवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय डोर टू डोर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के तहत सभी ग्राम वासियों को घर-घर जाकर उनके अधिकारों और कानून की जानकारी पीएलबी नवीन पांडेय के द्वारा दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों को बताया गया कि गांव में कई ऐसे लोग हैं जिन्हें कानुन की जानकारी के अभाव में उनके साथ काफी दोहन होता है। इसलिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने नवीन पांडेय को धन्यवाद दिया।

### सरस्वती पूजा को लेकर भदानीनगर ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित



**रामगढ़।** सरस्वती पूजा को लेकर भदानीनगर ओपी में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। हर पर्व-त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों और पूजा समिति के लोगों से ओपी प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा सौहार्द और शांति पूर्ण माहौल में मनाएं। किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना ओपी को दें। तत्वरित कार्रवाई की जायेगर। उन्होंने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न देते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने पूजा पंडालों एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान आपत्तिजनक गाने ना बजाए की अपील की। मौके पर एसआई सोमय सोरेन, नूतन पूर्ति, देवरिया मुखिया विकास नायक, बृजनाथ मुंडा, टिकेश्वर महतो, परमवीर सिंह, अभय करमाली, राजेंद्र बेदिया, रूपेश कुशवाहा, विशाल महतो, धनीलाल महतो, धीरज महतो, प्रेमचंद महतो आदि उपस्थित थे ।

## व्यापार जगत, एमएसएमई सेक्टर और छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने वाला बजट



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश किए गए बजट को श्री दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने व्यापार जगत,एमएसएमई सेक्टर और छोटे उद्यमियों को बढ़ावा देने वाला करार देते हुए सराहना की है. उन्होंने कहा की बजट 2025 में व्यापार जगत,एमएसएमई सेक्टर और छोटे उद्यमियों को समर्थन देने के लिए कई अहम फैसले लिए गए हैं. इन घोषणाओं का उद्देश्य व्यापार को आसान बनाना, फंडिंग बढ़ाना और रोजगार के नए अवसरों को उत्पन्न करना है. एमएसएमई सेक्टर के लिए लोन गारंटी लिमिट बढ़ी। छोटे और मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता देने के लिए लोन गारंटी की सीमा 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये कर दी गई है. इससे कारोबारियों को अधिक पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी. श्री जैन ने कहा की सूक्ष्म उद्यमों के लिए कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड 5 लाख रुपये तक की लिमिट वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड सूक्ष्म उद्यमियों के लिए जारी किए जाएंगे जिससे छोटे व्यापारियों को आसान फंडिंग का लाभ मिलेगा. कहा की इनकम टैक्स का स्लैब को चेंज करने से माध्यम वर्ग के व्यापारी को टैक्स में राहत मिलेगा.

सहकारिता विभाग का तीन दिवसीय फसल सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित

# जैविक कृषि को बढ़ावा दें किसान

*प्रशिक्षण के बाद सभी किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। तकनीकी रूप से खेती करने से किसानों की आय बढ़ेगी*




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा खुर्द पंचायत सचिवालय मे कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा चलाए जा रहे फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण रविवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का समापन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसमें अधिकारियों और अतिथियों की उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण में किसानों को यांत्रिक विधि से फसलों में कीट नियंत्रण, पीला या नीला चिपचिपा फंदा, फ्रूट फ्लाई ट्रैप और खेतों में तैयार नीमास्त्र का छिड़काव जैसी तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों को बताया गया कि कीटनाशकों का प्रयोग कम करके जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जाए। प्रशिक्षण के बाद सभी किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। प्रशिक्षण पौधा संरक्षण प्रभारी कुंदन कुमार, कीट विशेषज्ञ कमलेश कुमार, बीटीएम चिंता हरण पाठक, और एग्री पोडूसर हीरालाल प्रसाद, मनरेगा बीएफटी महेंद्र टुडू,मास्टर ट्रेनर साहेबराम सोरेन,सुंदर दास ने सफलतापूर्वक कार्यक्रम संचालित किया। मौके पर मुखिया मुन्नी देवी, सुजीत कुमार, नारायण प्रसाद, मुनिलाल प्रसाद,लाल मोहन प्रसाद, सुनीता देवी, कलावती कुमारी, सावित्री देवी, कौशल्या देवी, गुड़िया देवी, अनीता कुमारी, सुलेखा कुमारी, बिनोद कुमार, ललिता देवी, कोलेश्वर सिंह, खगेंद्र प्रसाद, लालधारी प्रसाद, पवन प्रसाद, गीत देवी, अंजू देवी, क्रांति कुमारी, सरिता देवी, रेणु देवी और अन्य किसान उपस्थित थे।

नप्रावि हथगढ़ा का एसएमसी भंग, 8 को होगा पुनर्गठन

# लापरवाही सहित पाई गई कई कमियां दिए गए कार्रवाई के निर्देश : बीइईओ

*बीईईओ ने बताया कि विद्यालय में 15 जनवरी से 30 जनवरी तक कुल 13 दिन मध्यान्ह भोजन बंद थे. सरस्वती वाहिनी माता समिति का खाता अध्यक्ष के पास था*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते 30 जनवरी को नव प्राथमिक विद्यालय हथगढ़ा के विरुद्ध स्थानीय ग्रामीणों ने मध्यान्ह भोजन बंद रहने व अन्य समस्याओं से संबधित लिखित शिकायत पत्र बीईईओ को दी थी. मामले के संबध में बीइईओ किशोर कुमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुएं बीपीएम व दो सीआरपी के तीन सदस्यीय जांच कमिटी गठित कर मामले की जांच कार्रवाई. जिसमे कई अनियमितताओं का उजागर हुआ. बीईईओ ने बताया कि विद्यालय में 15 जनवरी से 30 जनवरी तक कुल 13 दिन मध्यान्ह भोजन बंद थे. सरस्वती वाहिनी माता समिति का खाता अध्यक्ष के पास था. वर्गकक्ष व विद्यालय में साफ सफाई की कमी और किचेन शेड का दरवाजा टूटा था. विद्यालय का शैक्षणिक स्तर भी औसत से कम पाया गया. जो संतोषप्रद और विधिसम्मत नही था. नतीजतन विद्यालय प्रबंधन समिति को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए सीआरपी द्वारिका प्रसाद चौधरी को 8 फरवरी को एसएमसी पुनर्गठन का निर्देश दिया गया है. किसुन ठाकुर सहायक अध्यापक को एमडीएम अनुश्रवण की जिम्मेवारी, सीआरपी को 13 दिन बंद रहे मध्यान्ह भोजन की प्रतिपूर्ति राशि अभिभावक की खाता में हस्तांतरित कर चावल वितरित करवाने, नान्हू ठाकुर प्रधानाध्यापक को विद्यालय के तीन वर्ष के आय व्यय की विवरण उपलब्ध करवाने और विद्यालय की साफ सफाई में अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिए गए है. ऐसा नही किए जाने पर पंचायत स्तरीय स्थानीय प्राधिकार की बैठक आहूत कर लघु/वृहद दंड देने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी.

डाक जीवन बीमा दिवस पर प्रधान डाकघर में कार्यक्रम का आयोजन

## जीवन बीमा मृत्यु दावा धारकों को चेक का भुगतान किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
प्रधान डाकघर रामगढ़ के परिसर में डाक जीवन बीमा दिवस के अवसर पर सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल ने केक काटकर सभी डाक कर्मचारी, डाक जीवन बीमा धारकों सहित जिले के सभी लोगों को डाक जीवन बीमा दिवस की बधाई दी। मौके पर उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी जीवन बीमा डाक जीवन बीमा है। जिसमें कम प्रीमियम लेकर अधिक बोनस दिया जाता है। उन्होंने जिले के सभी लोगों को डाक जीवन बीमा कराने की बात कही। साथ ही यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए ग्रामीण डाक जीवन बीमा कराने की बात कही। सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल सहित रामगढ़ प्रधान डाकघर के पोस्टमास्टर मनोज कुमार ने डाक जीवन बीमा दिवस पर प्रधान डाकघर में जीवन बीमा मृत्यु दावा धारकों सहित बीमा परिपक्वता धारकों को चेक द्वारा भुगतान किया। डाक जीवन बीमा दिवस पर मुख्य रुप से सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल, पोस्टमास्टर मनोज कुमार, डाक सहायक रविशंकर राय,शुभम कुमार संतोष कुमार, कुंदन कुमार सिंह समेत कई डाककर्मी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत सैनिक का किया गया स्वागत



**हजारीबाग।** बाबापथ, हुरहुरू निवासी हवलदार नवीन कुमार सिंह को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने शहीद सुभाष सौरभ बारला के स्मारक के सामने बारी-बारी से माला पहनाकर एवम बुके देकर गर्म जोशी से स्वागत किया एवं दूसरी पारी की शुरूवात की शुभकामनाएं दिया। बताते चलें कि नवीन सिंह आर्मी के गार्ड रेजीमेंट में 24 साल सेवा देकर सेवानिवृत्त हुए हैं और सेवा के दौरान इन्होनें कई ऑपरेशन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए और दुश्मनों के दांत खट्टे कर सकुशल अपने गांव वापस आए। मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए सैनिक का स्वागत संस्था के द्वारा हमेशा होता रहेगा साथ ही सभी को एकजुट रहने की सलाह दी। वहीं जिला अध्यक्ष महेंद्र गोप ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सेवानिवृत सदस्य एवं संस्था दोनों को मजबूती मिलती है। सेवानिवृत हुवे सैनिक नवीन सिंह ने संगठन के सभी सदस्यों को धन्यवाद कहा साथ ही कहा कि इस संस्था के साथ हमेशा कदम से कदम मिलाकर चलते रहेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, सचिव अवध कुमार भारती, उप सचिव रामनंदन मिश्रा, उप कोषाध्यक्ष वासुदेव साहू, सदस्य शिवशंकर कुमार, अमित सिंह, बबन दास, रंजित यादव समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# पूजा का सर्वोत्तम समय सुबह 7:10 से लेकर 9:30 तक : आचार्य मनोज पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाडीह निवासी आचार्य मनोज पांडेय ने 3 जनवरी को होने वाली विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा का समय सुबह 7:10 से लेकर 9:30 तक को सर्वोत्तम बताया और कुछ विशेष टिप्स दिए । उन्होंने बताया कि मां सरस्वती की पूजा मनोभाव से करनी चाहिए।इसके लिए कुछ विधियां ध्यान में रखना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सुबह स्नान कर पीले रंग के वस्त्र पहने ,पूजा घर/स्थान में साफ सुथरी चौकी पर पीले रंग का आसन सजायें, तत्पश्चात मां सरस्वती एवं गणेश जी की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें।उन्हें केसर या पीले चंदन का टीका लगाएं, घी का दीपक जलाएं, हल्दी, कुंकुम, अक्षत चावल, अर्पित करें, माता के समीप किताबें, वाद्य यंत्र रखें, पीले रंग का फूल और पीले रंग का भोग लगायें जैसे केला, पीले चावल आदि ।मां सरस्वती के मूल मंत्र ॐ ऐं सरस्वत्यै नमः का जाप करें। ज्ञान ,बुद्धि और विवेक की प्राप्ति के लिए दोनो हाथ जोड़कर प्रार्थना करें। जरूरतमंद बच्चों को किताब,पेन,कॉपी आदि दान कर प्रसाद वितरण करें। विदित हो कि श्री पांडेय विगत 25 वर्षों से पूजा पाठ करवाने के लिए इस क्षेत्र में विशेष रूप से जाने जाते हैं ।उन्होंने पूजा पंडालों में बजने वाले अश्लील गानों पर बड़ी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इस दौरान मां सरस्वती के मधुर गीत ही पंडालों में बजनी चाहिए ताकि आसपास के लोगों में भक्ति के भाव का संचार हो। अश्लील गाने बजाना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। मां सरस्वती के संबंध में जानकारी देते हुए प्राथमिक विद्यालय परबता के शिक्षक डॉ दिनेश्वर महतो ने बताया बताया कि एक मान्यता के अनुसार बसंत पंचमी से बसंत ऋतु का शुभारंभ होता है और ठंड से राहत मिलती है। साथ ही इसी दिन मां सरस्वती का जन्म ब्रह्मा जी के कमण्डलु के जल से हुआ था। बसंत ऋतु एवं मां सरस्वती का अवतरण एक साथ होने से इसे बसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा जी ने पूरी सृष्टि में उदासीनता को देखकर अपने कमंडलु से जल की कुछ बूंदें गिराया जिससे एक दिव्य देवी उत्पन्न हुई जो जगत में विद्या एवं संगीत की देवी के रूप में विख्यात हुईं।

### एक ही छत के नीचे मिलेंगी सभी तरह की स्वदेशी वस्तुएं : अमरेंद्र सिंह

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला सिद्धू कानू मैदान में स्वदेशी जागरण मंच के बैनरतले स्वदेशी मेला का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजक स्वदेशी जागरण मंच अमरेंद्र सिंह ने किया। जबकि, विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी कुंटू बाबू, इस्कॉन के स्वामी उत्तम ओझा उपस्थित थे। कार्यक्रम के संचालन जय प्रकाश बादल ने किया। मेला में स्वदेशी समानों का अलग-अलग स्टॉल लगाया गया है। समानों को खरीदने के लिए लोगों मेला में पहुंच रहे है। मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि जिलावासियों को एक ही छत के नीचे सभी तरह की स्वदेशी वस्तुएं मिलेगी। स्वदशी वस्तुओं की कीमत काफी कम होती है। जबकि, वस्तुएं काफी टिकाऊ होती है। उन्होंने कहा कि जो लोग स्वदेशी वस्तुओं से प्रेम करते है, वे खरीदारी करने के लिए अवश्य आएंगे।

रेनबो ट्रॉफी टूर्नामेंट का आगाज, पहला दिन पंचमाधव व श्रीनगर बना विजेता

# ग्रामीणों में प्रतिभा की कमी नहीं, सिर्फ निखारने की जरूरत है : सिकंदर

*इस मैच में विक्रम कुमार राणा को मैन ऑफ द घोषित किया गया. पंचमाधव की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 74 रन बनाए*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
गड़लाही स्थित रेनबो स्कूल मैदान में रविवार से रेनबो ट्रॉफी टूर्नामेंट का आगाज हुआ. जिसका उद्घाटन स्थानीय मुखिया मनोज कुमार, निदेशक सिकंदर कुशवाहा, युवा समाजसेवी पुरण राम, बंगाली राम आदि ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे. पहले दिन दो मैच हुए. ग्रुप ए से पंचमाधव बनाम रालो और ग्रुप बी से बिजैया बनाम श्रीनगर के क्रिकेट टीम के बीच खेल हुई. ग्रुप ए से पंचमाधव की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 74 रन बनाए. विपक्षी रालो की टीम मात्र 68 रन बनाकर 6 रन पीछे रहते हुए ऑल आउट हो गई. इस मैच में विक्रम कुमार राणा को मैन ऑफ द घोषित किया गया. ग्रुप बी के विजैया और श्रीनगर के बीच हुए मुकाबले में श्रीनगर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 82 रन बनाए. वही विजैया की टीम महज 37 रन बनाकर बड़े अंतरं से मुकाबला हार गई. आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं. निदेशक श्री कुशवाहा ने ट्रॉफी आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण को निखारते हुए युवाओं के बीच आपसी सद्भावना और प्रेम बढ़ाना है. उद्घाटन मैच काफी रोमांचक रहा. इस अवसर पर मोहन प्रजापति, अजय प्रजापति, नारायण प्रजापति, सिकन्दर पंडित आदि सहित कई लोग उपस्थित थे.

### जांच करने पहुंची पुलिस के साथ कर्मचारी ने की हाथापाई, जेल

**रामगढ़।** ग्रामीण कार्य विभाग विशेष प्रमंडल में कार्यरत कर्मचारी मोहम्मद सलाउद्दीन अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मो सलाउद्दीन के खिलाफ विभाग के कार्यपालक अभियंता राजकुमार भारती ने गबन का मामला दर्ज कराया था। इसमें मो सलाउद्दीन के अलावा पूर्व कार्यालय कार्यपालक अभियंता अमरेंद्र कुमार और अकाउंट ऑफिसर अमिताभ मनी पाठक को भी आरोपी बनाया गया था। शनिवार को दर्ज प्राथमिक के आधार पर पुलिस शनिवार दोपहर लगभग 2:00 बजे जांच करने ग्रामीण कार्य विभाग विशेष प्रमंडल के कार्यालय पहुंची और कर्मचारियों से पूछताछ करने का प्रयास की तो कर्मचारी पुलिस से ही उलझ गया और उनसे हाथापाई पर उतारू हो गया। इस हाथापाई में अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारी की वर्दी फट गई। पुलिस आरोपी कर्मचारियों को अपने साथ गिरफ्तार कर थाने ले आई और वहां से उसे जेल भेज दिया।

### मानव तस्करी और एनडीपीएस एक्ट पर सिविल कोर्ट सभागार में हुई कार्यशाला

# मानव तस्करी गंभीर अपराध है : पीडीजे

● मानव तस्करी खत्म करने के लिए सभी का सहयोग जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मानव तस्करी और एनडीपीएस एक्ट विषय पर रविवार को व्यवहार न्यायालय सभागार में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल संरक्षण पदाधिकारी,पुलिस अधिकारी व पारा लीगल वोलेंटियर सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यशाला का उद्घाटन प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,एडीजे नरंजन सिंह,सचिव मरियम हेमरोम,स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और इससे निपटने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई। मौके पर मानव तस्करी रोकथाम एवं जागरूकता के लिए सबों से सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम में प्रधान जिला जज ने कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है,जो न केवल मानवाधिकारों का हनन करता है,बल्कि समाज की जड़ों को भी कमजोर करता है। मौके पर जागरूकता अभियान चलाने और स्कूलों,कॉलेजों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कार्यशालाएं आयोजित करने की बात कही गई। यह कोशिश सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करेगा। कार्यशाला में मानव तस्करी के रोकथाम के लिए मानव तस्करी के शिकार लोगों को रेस्क्यू कर रोजगार से जोड़ने पर चर्चा हुई। पीडीजे ने कहा कि मानव तस्करी जैसे कलंक को समाज से दूर करने के लिए सबों का सहयोग जरूरी है। सिमडेगा जिले को मानव तस्करी के कलंक से मुक्त कराने के लिए सभी वर्ग के लोगों को अपने स्तर से प्रयास करने की जरूरत है। एडीजे नरंजन सिंह ने एनडीपीएस के मामले में जब्त समानों की सूची बनाने और इसके अन्य बिंदुओं के बारे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान सही तरीके से होने पर ही अपराधियों को सजा दिलाई जा सकती है। चीफ एलएडीसीएस प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि मानव तस्करी के रोकथाम के लिए गांव स्तर पर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। इसमें पारा लीगल वोलेंटियर की भूमिका बड़ी है। इसके अलावा मानव तस्करों पर कड़ी कार्रवाई भी करना आवश्यक है। डिप्टी एलएडीसी ब्रिजभान अग्रवाल ने डायन प्रथा उन्मूलन के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। अधिवक्ता अलका बागे ने भी मानव तस्करी के रोकथाम के लिए संगठित होकर कार्य करने की बात कही। इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत और कार्यक्रम का संचालन प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने किया। कार्यक्रम में न्यायिक दंडाधिकारी सुभाष बाड़ा,बार एसोसिएशन के सचिव प्रद्युम्न सिंह,पूर्व अध्यक्ष बसंत कुमार सहित कई अधिवक्ता,पुलिस अधिकारी,पीएलवी मौजूद थे।

### नदी में मछली मारने के दौरान डूबने से हुई मौत

**जलडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र के बलडेगा धरनाकाटा गांव में रविवार की सुबह नदी में मछली मारने के दौरान डूबने से क्रिया देवबहार गांव निवासी दीपक टेटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक अपनी बहन के घर मेहमान गया था और रविवार के सुबह मछली मारने के लिए नदी की ओर गया बताया जा रहा है कि वह पूर्व में भी मिर्गी बीमारी की वजह से मूर्छित हो चुका है।नदी में मछली मारने के दौरान उसे मिर्गी का अटैक आया और आसपास मदद नहीं मिलने की वजह से उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में विधायक प्रतिनिधि समी आलम एवं जिला सचिव विपिन पंकज मिंज अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

## सही समय पर समाप्त हों सांगठिक चुनाव : किशलय तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के निमित्त भाजपा कार्यालय में सांगठिक चुनाव हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में स्वागत भाषण करते हुए जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि 4 फरवरी तक सदस्यता अभियान की तिथि बढ़ा दी गयी है सभी मंडल अध्यक्ष अपने मंडल के बूथों में कम से कम 2 सक्रिय सदस्य अवश्य बनाएं।कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला चुनाव प्रभारी सह भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि प्रदेश भर में 1 फरवरी से भारतीय जनता पार्टी संगठन में सांगठिक चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गयी है ।बूथ अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष जिलाध्यक्ष के बाद प्रदेश अध्यक्ष का भी चुनाव किया जाएगा इस के निमित्त मंडल वार पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए गए हैं,मंडल संगठन प्रभारी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल पर्यवेक्षक की मौजूदगी में बूथ कमिटी शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक एवं शक्ति केंद्र पर्यवेक्षक का चुनाव किया जाएगा साथ ही बूथों में सांगठिक चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात मंडल एवं जिलाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा इसे लेकर प्रदेश नेतृत्व द्वारा पर्यवेक्षक के रूप में पलामू सांसद बीडी राम चुनाव प्रभारी के रूप में किशलय तिवारी सह प्रभारी के रूप दुर्गविजय सिंहदेव एवं श्रद्धानन्द बेसरा को सह प्रभारी के रूप में नियुक्त किया गया।कार्यशाला को दुर्गविजय सिंहदेव एवं श्रद्धानन्द बेसरा ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में प्रतिमा स्थापित कर धूमधाम से हुई मां सरस्वती की पूजा




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में रविवार को प्रतिमा स्थापित करते हुए विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधि विधान के साथ पूजन हुई जहां पर आचार्य जयंत मिश्रा के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया जबकि अजमान के रूप में शिक्षक संजू एवं सत्यजीत कुमार ने अपनी भूमिका निभाई इस दौरान विधि विधान से गणेश गौरी कलश पूजन एवं मां सरस्वती की पूजा की गई जिसके बाद आरती उतारी गई। जानकारी देते हुए शिक्षक सत्यजीत कुमार ने बताया कि 2 फरवरी को पंचांग में बसंत पंचमी प्रारंभ हो गई थी। जिसको देखते हुए बसंत पंचमी की मां सरस्वती की पूजा की गई। इसके अलावा उन्होंने बताया कि यहां पर 3 तारीख को भी मन की प्रतिमा रहेगी ,इसके बाद विधि विधान के साथ इसकी विसर्जन की जाएगी। इधर राम जानकी मंदिर प्रांगण में भी वीणा बाल संघ की राम जानकी मंदिर की ओर से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित करते हुए छोटे-छोटे बच्चों ने विधि विधान के साथ पूजा किया जहां पर आचार्य वासुदेव गौतम के द्वारा विधि विधान के साथ मां सरस्वती की पूजा कराई इस दौरान पूजा समिति के छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हुए। अगरतला को इस बार 2 फरवरी और 3 फरवरी दोनों दिन बसंत पंचमी का मुहूर्त है जिसको देखते हुए कई जगहों पर एक दिन पूर्व पूजा किया गया जबकि अधिकांस जगहों पर आज मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाएगी

### विधि विधान के साथ की गई मां सरस्वती की पूजा



**कोलेबिरा।** लचरागढ़ एवं बानो में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया।लचरागढ़ सक्सेस प्वाइंट कंप्यूटर और आरबीए कम्प्यूटर सेंटर में सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया। माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर संस्थान के छात्र-छात्राओं के द्वारा पूजा अर्चना किया गया तथा विद्या-बुद्धि-बल की कामना मां सरस्वती से की गई इसके प्रसाद का वितरण किया गया,पंडित अशोक पंडा व मानस पंडा के द्वारा पूजा संपन्न कराया गया।इस अवसर पर कुंदन कुमार दास,मनोज होता,रुपेश पंडा,पिंकी कुमारी,शिवानी कसेरा,शिवानी कुमारी,अर्चना कुमारी,किरण कुमारी,माही कुमारी,काजल कुमारी,विश्वासी कुमारी,रुची कुमारी,नैना कुमारी,प्राची कुमारी,तन्नु कुमारी,अविनाश साहू,अनिता कुमारी,गीता,नरे साहू,इधर बानो,लचरागढ़ के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं और सरस्वती पूजा समितियों के द्वारा 3 फरवरी को भी सरस्वती पूजा का आयोजन किया गया है जिसकी तैयारी की जा रही है।

## विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय में दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण पर हुई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में देर शाम जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।बैठक में आगामी 7 फरवरी से लेकर 9 फरवरी तक सिमडेगा आनंद भवन धर्मशाला में दुर्गा वाहिनी मातृ शक्ति की होने वाली विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ।मौके पर जिला अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में सिमडेगा गुमला एवं लोहरदगा से दुर्गा वाहिनी एवं मातृशक्ति की बहने शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद जोर-शोर से तैयारी शुरू की है ,ताकि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार से कोई भी परेशानी ना हो और शांतिपूर्ण तरीके से इस कार्यक्रम को संपन्न किया जा सके। उन्होंने इस कार्य में नगर समिति जिला समिति के अलावा समाज के प्रबुद्धजनों के साथ मिलकर करने की बात कही। इसके अलावा मठ मंदिरों की रक्षा , सामूहिक संकीर्तन एवं अपने धर्म संस्कृति एवं समाज के उत्थान से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई इसके अलावा भी विश्व हिंदू परिषद की आगामी कार्यक्रमों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उन कार्यक्रमों पर भी विचार विमर्श की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा जिला महामंत्री कृष्णा शर्मा, मंत्री सुबोध महतो ,कोषाध्यक्ष मुरारी प्रसाद ,उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मिश्रा, जिला गौ रक्षा प्रमुख राम जी यादव, नगर गौ रक्षा प्रमुख सुमित गुप्ता अरुण कुमार सिंह ,बजरंग प्रसाद मिथिलेश सिंह सुरेश गोप के अलावा कई अन्य लोग शामिल हुए।

## लचरागढ़ में सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ में सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया।इस अवसर पर पत्रकार अमित कुमार साहू,धर्मवीर सिंह,अनुज कुमार साहू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया।पंडित अशोक पंडा के द्वारा पूजा और नारियल फोड़कर पूजा संपन्न कराया गया।पूजा के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के संचालक कुंदन कुमार दास ने बताया कि कोचिंग सेंटर में वर्ग 1 से 10 तक के बच्चों की कोचिंग क्लास ली जाएगी।इसके लिए नामांकन प्रारंभ कर दिया गया है,नामांकन 31 मार्च तक ली जाएगी और 1 अप्रैल से कोचिंग क्लासेस आरंभ किया जाएगा।उन्होंने बताया कि बेहतर शिक्षक-शिक्षिका के द्वारा बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाएगी।कंप्यूटर सेंटर के बाद अब बच्चों को ध्यान में रखते हुए वर्ग 1 से 10 तक के बच्चों को भी क्लासेस दी जाएगी। इस अवसर पर केशव सिंह,संचालक कुंदन कुमार दास, पिंकी कुमारी, मनोज होता, रूपेश पंडा, पिंकी कुमारी, शिवानी कसेरा, शिवानी कुमारी,अर्चना कुमारी, किरण कुमारी, माही कुमारी, काजल कुमारी, विश्वासी कुमारी, रुची कुमारी, नैना कुमारी, प्राची कुमारी, तन्नु कुमारी, के अलावा छात्र छात्राएं और अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय रसोइया सयोंजिका अध्यक्ष संघ की हुई बैठक

### हक अधिकार को लेकर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ सिमडेगा कि बैठक रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रखी गई। इस बैठक कि अध्यक्षता जिला सचिव संध्या देवी ने की एवं मंच संचालन कुंवारी होरो के द्वारा किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए जिला सचिव ने कहा कि लगातार काम करने के बावजूद रसोइया संयोजिकाओं के साथ शोषण सरकार की ओर से जारी है हमारे हक अधिकार की मांग को लेकर कई बार आवाज उठाते हैं लेकिन हमारी आवाज को दबा दिया जाता है लेकिन मजबूरीवश सभी लोग काम करने पर मजबूर हैं ।उन्होंने कहा रसोइयाओ का बकाया मानदेय भुगतान जल्द करें। अभी कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जा रहा है उस पर रसोइयाओ प्रोमोशन किया जाए।जिस तरह पारा शिक्षक को किया गया है उसी प्रकार हमें भी करें। पारा एवं रसोइया को चयन प्रबंधन समिति के द्वारा किया गया। जबकि एक को प्रोमोशन दुसरे को क्यों नहीं। यहां पर भेदभाव किया जा रहा है।उन्होंने कहा कुकिंग प्रतियोगिता में संकुल, प्रखंड, जिला, राज्य तक पहुंचने के बाद भी कोई काम नहीं है। जबकि राज्य में आए प्रतिभागियों को हर विभाग में काम दिया जाता है हमें भी काम दिया जाए। नहीं तो कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित नहीं कराया जाए। इस बैठक में आशीसन कूल्लू, सुनिता लोहराइन , मेरी हेमरोम, मालती देवी, माइकल खेस, मंजू देवी सुषमा हारो पूनम तिर्की मेघा देवी आदि उपस्थित थे।

## रोलर स्केटिंग के माध्यम भारत भ्रमण में निकली काशी की ब्रांड एम्बेसडर बेटी पहुंची सिमडेगा

● स्वास्थ्य भारत और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का दी संदेश

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** जब मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो और मन में कुछ कर गुजरने की कामना हो तो फिर इंसान हर तकलीफ उठा लेने का संकल्प कर लेता है कुछ ऐसा ही कर रही है, बनारस की ब्रांड एम्बेसडर सोनी चौरसिया। जो हजारों किलोमीटर का सफर रोलर स्केटिंग करते हुए पूरा कर आज सिमडेगा पहुंची। हम बात कर रहे हैं बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी बनारस की। जहां की बेटी सह ब्रांड एम्बेसडर सोनी चौरसिया की जिन्होंने 126 घंटे 05 मिनट तक कथक करने का विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मे अपना नाम दर्ज कर चुकी है। जिसे लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी तारीफ कर चुके हैं और वह बनारस की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रांड एंबेसडर है। सोनी के जुनून की अब दूसरी पारी रोलर स्केटिंग के माध्यम से 113 दिन में 10550 किलोमीटर दूरी तय कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की है। आज उनका आगमन खेल नगरी सिमड़ेगा में हुआ जो सिमडेगा जिला के लिए गर्व की बात है। सिमडेगा जिला के लिए गर्व की बात इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि सिमडेगा जिला बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का चेहरा बन चुका है। चाहे हम अर्जुन अवार्ड हॉकी खिलाड़ी सलीमा की बात करें या फुटबॉलर पूर्णिमा या एंकर मेनका जिसकी तारीफ प्रधानमंत्री मोदी कर चुके है। अब सोनी कुमारी के आगमन से उन्हें देखकर सिमडेगा की बेटियों और ऊर्जावान होगी जिससे यहां की बेटियां झारखंड और भारत का नाम पूरे विश्व में लहराएंगे। बाबा नगरी की बेटी सोनी जो गिनीज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए रोलर स्केटिंग के माध्यम से 10550 किलोमीटर की यात्रा पर निकले हैं। आमतौर पर इतनी लंबी यात्रा लोग ट्रेन या गाड़ियों से तय करते हैं, पर सोनी में एक ऐसा जुनून है कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए रोलर स्केटिंग के माध्यम से पूरे भारत भ्रमण पर निकली है। ये भारत भ्रमण करते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ योग के माध्यम से स्वास्थ्य भारत का संदेश दे रही है। इनके इस बेहतर कार्य के लिए हमारी शुभकामना इनके साथ है।सोनी के इस यात्रा की मॉनिटरिंग कर रहे उनके गुरु राजेश डोगरा ने बताया कि सोनी इससे पहले भी कश्मीर से कन्याकुमारी तक स्केटिंग यात्रा कर चुकी है। साथ हीं ये कथक नृत्य भी विश्व कृतिमान बना चुकी है। ये यात्रा भी गिनीज बुक में दर्ज करवाने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उनलोगों ने 20 जनवरी को काशी से शुरू की है। इस यात्रा के दौरान रोलर स्केटिंग करते हुए ये लोग 20 राज्य होते हुए 10550 किलोमीटर का सफर तय कर 12 मई को वापस काशी पहुंचेंगे। सोनी चौरसिया की टीम में उनके गुरु राजेश डोगरा के साथ कैमरा संचालक साक्षी दाते, सचिन रोहिल्ला और कार्तिकेय चौरसिया हैं। सिमडेगा पहुंचने पर सोनी चौरसिया और इनके टीम का सिमडेगा आनंद भवन में शहर के युवा समाज सेवी रिंकू अग्रवाल, ओलंपिक एसोशिएशन के जिला अध्यक्ष श्रीराम पूरी, समाज सेवी सह सीनियर जर्नलिस्ट आशीष शास्त्री, शिक्षक विनय नंद, समाज सेवी राकेश जायसवाल, समाज सेवी विक्की अग्रवाल, विशाल गोयल, अमित अग्रवाल और आदेश कुमार ने भव्य स्वागत किया। यहां रिफ्रेश होने के बाद सोनी चौरसिया की टीम ओडिसा की तरफ बढ़ी।

# न्यूज बॉक्स

### चिक बड़ाईक समाज बानो की हुई बैठक संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**बानो।** पंचायत भवन बानो के सभागार में चीक बड़ाईक समाज बानो की बैठक फिरू बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में समाज सयोंजक विश्वनाथ बड़ाईक ने कहा आज लोग समाज से दूर होते जा रहे हैं।समाज में एकजुटता लाने का प्रयास करें। राजेश बड़ाईक ने कहा आज समाज को संगठित करने के लिए मांदी राजा ( अध्यक्ष ) का चयन करना आवश्यक है । समाज के लोग प्रलोभन में आ कर दूसरे धर्म अपना रहे हैं।वैसे लोगों को जागरूक करना आवश्यक है।आज समाज का जगह बनाये रखने के लिए हमें राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करना है। मुखिया से लेकर विधायक पद का दावा कर चीक बड़ाईक समाज अपने को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आज हमें अनुसूचित जनजाति का जाति प्रमाण पत्र मिलता है उसे बेकार होने न दे। सिर्फ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रमाण पत्र का उपयोग न करें बल्कि बड़े कार्यो के लिये करें। आप बड़े पदों पर होंगे तो समाज भी विकास करेगा।बैठक में वन भोज व सामाजिक खेल आयोजन करने की भी चर्चा की गई।समाज की अगली बैठक 18 फरवरी को बानो पंचायत परिसर में करने का निर्णय लिया गया ।बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष शिवनन्दन बड़ाईक,जनक बड़ाईक, दिनेश चीक बड़ाईक, संजय बड़ाईक, रितेश बड़ाईक पुरषोत्तम बड़ाईकआदि लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड परिसर के पुराने आवासीय क्वार्टर में लगे पत्थर की हो रही है चोरी, प्रशासन मौन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय परिसर के पुराने आवासीय क्वार्टर के पत्थर को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी की जा रही जिस पर प्रशासन मौन है।बताया जा रहा है कि प्रखंड परिसर में अधिकारियो एवं कर्मचारियों के लिए आवासीय क्वार्टर बनाया गया था जिसका जोड़ाई पत्थर से किया गया था अब वह क्वार्टर जीर्ण -शीर्ण हो गया है। कई क्वार्टर तो गिर भी रहा है।इस क्वार्टर के पत्थर को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी करके निकाला जा रहा है। बताया जा रहा है की इसको कहीं दूसरे जगह बेच दिया जा रहा है।इस संबंध में अंचल अधिकारी सुधांसु पाठक एवं थाना प्रभारी सोनू पाठक ने बताया कि इसकी निगरानी की जा रही है और बहुत जल्द चोरी करने वाले लोग पकडे जाएंगे।

### गायत्री परिवार के रथ का जिले में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया




**रांची।** सिमडेगा : गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित अखण्ड दीप,पूरे भारत वर्ष में भ्रमण कर मानव कल्याण ,मनुष्य में देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग का अवतरण को 9 कार्य कर रही है इसी कड़ी में रविवार को ज्योति कलश रथ सिमडेगा पहुंची ।मौके पर जिले की गायत्री परिवार व भक्तों ने भव्य स्वागत किया। रथ के पूरे जिला में 2 फरवरी से 9 फरवरी तक भ्रमण , दीपक व सत्संग की पूरी तैयारी पूरी कर ली गई है। मां गायत्री मंदिर में रविवार शाम में दीप यज्ञ का आयोजन किया गया है । रथ के साथ हरिद्वार से दयाशंकर, पंडित,संतर सिंह, पंचू साहू ,झारखंड जॉन प्रभारी रामनरेश एवं ,प्रमोद साहनी चल रहे हैं।

### पुलिस लाइन में कार्यक्रम आयोजित करते हुए सेवानिवृत पुलिस पदाधिकारी को दी गई विदाई



**रांची।** सिमडेगाः पुलिस लाइन में रविवार को कार्यक्रम आयोजित करते हुए सेवानिवृत हुए पुलिस पदाधिकारी के लिए विदाई सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस दौरान इंस्पेक्टर हनुमान शरण सिंह सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार मंडल सब इंस्पेक्टर शिवाजी मंडल सब इंस्पेक्टर शिव कुमार सिंह को विदाई दी गई तथा उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित की गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा एसपी सौरभ उपस्थित थे जहां पर उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत सेवानिवृत्त होना यह प्रक्रिया सभी के जीवन में आता है हालांकि इस दौरान जीवन में आए उतार-चढ़ाव और सफलतापूर्वक अपनी नौकरी पूरी करना अपने आप में भी एक बड़ी चुनौती है। एसपी ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान इन सभी ने सभी लोगों के साथ मधुर व्यवहार स्थापित करते हुए कार्य किया में उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ने भी अपने बातें रखी। इसके बाद सभी सेवानिवृत हुए पुलिस पदाधिकारी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर विदाई दी गई। इस मौके पर पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिन संयुक्त मंत्री सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने ग्रामीणों को किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक



**बानो।** बानो के मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग बानो के प्रशिक्षु नर्सिंग की छात्राओं के द्वारा मीरा मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, घरों के आस पास साफ सफाई रखने, नाला या कहीं दूषित जल को जमा नहीं होने देने, किसी भी प्रकार की शरीर में समस्याओं पर अंधविश्वास से दूर हटते हुए समुचित इलाज कराने को लेकर जागरूक किया गया। वहीं क्षेत्रों में घूम घूम कर बीपी जांच भी की गई। किसी भी प्रकार से अंधविश्वास से दूर रहने पर छात्राओं ने विशेष अपील की। वहीं विभिन्न स्थान पर नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी ग्रामीणों को जागरूक करने को लेकर मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने अपनी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। वहीं गर्भवती महिलाओं को नियमित देखभाल के लिए स्वास्थ्य केंद्र आकर रूटीन चेकअप के लिए जागरूक किया,जिससे जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रह सके और गर्भवती महिलाओं को एनीमिक , पीपीएच , एनीमिया, एकलेमसिया आदि जैसे रोगों के बारे में और उसके दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। मौके पर संस्थान की लेक्चरर कविता कुमारी, ट्यूटर वंदना धनवार, ट्यूटर अमृता लवली जोजो आदि शामिल रहीं।

### चौकीदार अभ्यर्थियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर किया हंगामा

# मेडिकल फिटनेस न मिलने से नाराज



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
चौकीदार बहाली में चयनित 250 अभ्यर्थियों को 3 फरवरी को जिला कार्यालय में अपनी मेडिकल रिपोर्ट जमा करनी है. लेकिन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण मेडिकल रिपोर्ट में हो रही देरी से अभ्यर्थियों का धैर्य जवाब दे रहा है. पिछले तीन दिनों से अभ्यर्थी अपनी मेडिकल जांच के लिए एसएनएमएमसीएच और अस्पतालों का चक्कर लगा रहे हैं.आज अभ्यर्थी अपना मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय पहुंचे. अभ्यर्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. इस दौरान वे काफी आक्रोशित दिखे. उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर हंगामा करना शुरू कर दिया. अभ्यर्थियों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं. जिसके कारण उनकी रिपोर्ट समय पर नहीं मिल पा रही है. एक अभ्यर्थी ने बताया कि हम लोग बार-बार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन रिपोर्ट नहीं बन पा रही है. विभाग की लापरवाही के कारण हम लोगों को मानसिक व शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. अभ्यर्थी जीरिया कुमारी ने बताया कि मेडिकल जांच के लिए अभी से कागजात जमा करने को कहा गया था. परसों से जमा कर रहे हैं. लेकिन कोई जवाब नहीं मिल रहा है. पूछने पर कोई जवाब नहीं दे रहा है. पहले कहा गया कि 10 बजे से मिलेगा. यहां पहुंचने पर कहा गया कि तीन बजे मिलेगा.

# मां सरस्वती की पूजा आज, तैयारियां पूरी

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरीतिलैया**
जिले में बसंत पंचमी को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही है. मूर्तिकार दिन-रात मां सरस्वती की भव्य प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं. मां सरस्वती की पूजा तीन जनवरी को होगी. इसे लेकर शैक्षणिक संस्थानों व क्लबों द्वारा तैयारी की जा रही है.शहर में कुछ जगहों पर सार्वजनिक रूप से बड़े स्तर पर सरस्वती पूजा की तैयारी है.विद्यापुरी में इस बार भी तालाब के बीचोंबीच मां सरस्वती विराजमान होंगी. यहां की प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र रहती है. इसके अलावा सीएच स्कूल रोड, गांधी स्कूल रोड व अन्य जगहों पर सरस्वती पूजा मनाने की तैयारी है.पूजा को लेकर मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे हैं. झंडा चौक के पास क्वालिटी गली में स्थित मूर्तिकार राजू पंडित का परिवार पिछले 60 वर्षों से प्रतिमा बनाने का कार्य कर रहा है. पहले उनके पिता यह कार्य करते थे और अब उन्होंने इस परंपरा को आगे बढ़ाया है.राजू पंडित ने बताया कि वे केवल मिट्टी का उपयोग कर मूर्तियां बनाते हैं, ताकि पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे. इस वर्ष उन्होंने लगभग 150 मूर्तियां बनायी है, जिनकी ऊंचाई 3 से 6 फीट तक है. मूर्तियों की कीमत 1500 रुपये से लेकर 4000 रुपये तक है. इनकी बनायी प्रतिमाएं चंदवारा, चाराडीह, कोडरमा, डोमचांच सहित कई इलाकों तक जाती हैं. राजू ने बताया कि समय के साथ मूर्तियों की मांग में परिवर्तन आया है.लोग अब पारंपरिक मूर्तियों के साथ-साथ फैंसी डिजाइन को भी पसंद कर रहे हैं. सजावट की सामग्री में भी बदलाव आया है. ग्राहक अब ज्यादा आकर्षक प्रतिमाओं की मांग कर रहे हैं. बदलाव का असर हर तरफ है. मूर्तिकार राजू का बेटा कुछ समय तक इस कार्य में पढ़ाई के साथ साथ हाथ बंटाने आता है, लेकिन अब इसमें पहले जैसा लाभ नहीं होने के कारण नई पीढ़ी की इसमें रुचि कम हो रही है.


# बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ प्रशासन की ताबड़तोड़ छापेमारी

*छापेमारी अभियान के दौरान एक बालू लदा ट्रैक्टर और लगभग 50 हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण जब्त किया गया*



**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**
चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में सरायकेला खरसावां जिला खनन विभाग और चांडिल अनुमंडल प्रशासन द्वारा शुक्रवार को बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया. सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के निदेर्शानुसार शुक्रवार शाम से शुरू किए गए इस अभियान के दौरान जिला खनन विभाग और चांडिल अनुमंडल प्रशासन को बड़ी सफलता मिली. अभियान के पहले दिन 6 हाईवा और 4 ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू का परिवहन करते हुए पकड़े गए. इसके अलावा तिरुलडीह थाना क्षेत्र में 2250 सीएफटी बालू का अवैध भंडारण भी जब्त किया गया. शनिवार को दूसरे दिन सुबह ईचागढ़ और कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में किए गए छापेमारी अभियान के दौरान एक बालू लदा ट्रैक्टर और लगभग 50 हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण जब्त किया गया. मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम को जिला खनन विभाग की टीम ने चौका थाना अंतर्गत चांदुडीह में औचक छापेमारी की. इस दौरान अवैध बालू लदे 3 ट्रैक्टर को जब्त कर चौका थाने में सुपुर्द किया गया. खनन विभाग ने बताया कि इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है. इसी दौरान चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी, ईचागढ़ और कुकड़ू के अंचलाधिकारी, जिला खनन विभाग और तिरुलडीह थाना की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी की और तिरुलडीह थाना क्षेत्र से एक ट्रैक्टर जब्त किया. साथ ही, 2250 सीएफटी अवैध बालू का भंडारण भी जब्त किया गया.

## एसडीआई ने आश्रित को सौंपा 10.5 लाख का चेक



**चांडिल।** कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह सब पोस्ट ऑफिस में पोस्टल कर्मियों के मौजूदगी में चांडिल सब डिवीजन के एसडीआई दिवाकर कुमार दीपक ने मृत बीमाधारक की पत्नी को 10 लाख 49 हजार 99 रुपए का चेक सौंपा. एसडीआई ने बताया कि पोस्टल कर्मी तिरुलडीह थाना क्षेत्र के सपादा गांव के पोस्टल कर्मी कृष्णा प्रमाणिक ने दस लाख रुपए का डाक जीवन बीमा करवाया था. जिसकी किस्त 2626 रुपये मासिक थी. कृष्णा प्रमाणिक ने सिर्फ एक ही महीने की किस्त जमा की थी, तभी उसकी मौत हो गई थी. कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक की पत्नी झरना प्रमाणिक को 10 लाख 49 हजार 99 रुपये का चेक सौंपा गया.

## झामुमो ने ईचागढ़ विधानसभा में सदस्यता अभियान को लेकर कसी कमर



**चांडिल।** झामुमो केंद्रीय समिति के निदेर्शानुसार पार्टी नेताओं ने ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान को लेकर कमर कस ली है. चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ व कुकडु प्रखंड में सदस्यता अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. शनिवार को चांडिल प्रखंड के जयदा स्थित होटल में व नीमडीह प्रखंड के डाक बांगला में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई. झामुमो जिला संयोजक मंडली ने सदस्यता अभियान को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए. ईचागढ की विधायक सविता महतो ने कार्यकर्ताओ को सदस्यता अभियान में केंद्रीय समिति के निर्देशों का पालन करने की बात कही. कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों को गांव-गांव तक पंहुचाकर व सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोडने की जरूरत है. इससे सभी को योजनाओं का लाभ मिल सकेगा. उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान को लेकर 5 फरवरी को ईचागढ व कुकडु प्रखंड में बैठक आयोजित की गई है. इस अवसर पर गुरुचरण किस्कू, चारूचांद किस्कू, ओम प्रकाश लायेक, सुधीर किस्कू, कृष्णा किशोर महतो, पशुपति महतो, हरिदास महतो, धर्मु गोप, हरेकृष्ण सिंह सरदार, संतोष किस्कू, दिलिप किस्कू, सुदामा हेंब्रम, बैधनाथ टुडू, दिनबंधु महतो समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### प्रधानाचार्य ने पंसस प्रतिनिधि पर गाली देने व जान से मारने का लगाया आरोप

# शिक्षक समुदाय में भारी आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनीप्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बघानल के प्रधानाचार्य संभु गुप्ता ने रविवार को बिरनी थाना में आवेदन देकर खरखरी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुभाष साव पर गली गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य संभु गुप्ता ने बताया कि जिला शिक्षा अधीक्षक के आदेश पर 31 जनवरी को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हेतु विद्यालय के प्रांगण में वार्ड सदस्य के अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया था जिसमे सरकारी नियमानुसार प्रबंधन समिति का चयन किया गया। परन्तु सुभाष साव के मनमुताविक सदस्य एवं अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। जिस वजह से 1 फरवरी को रात्रि 9 बजे सुभाष साव ने मुझे फोन कर जान से मारने एवं खम्भा में बांधकर पीटने की धमकी दी साथ ही गंदी गली भी दिया। कहा इससे पूर्व भी सुभाष साव ने गाली गलौज किया था।



## झारोटेफ जिला इकाई ने जताया विरोध

प्रधानाचार्य संभु गुप्ता के मामले को लेकर झारखण्ड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इम्प्लाई फेडरेशन (झारोटेफ) जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा की अध्यक्षता में रविवार को बैठक बुलाई । बैठक में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बाघानाल के प्रभारी प्रधानाध्यापक शंभू कुमार गुप्ता के साथ पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुभाष साव द्वारा हुए दुर्व्यवहार का मुद्दा छाया रहा। संगठन के संज्ञान में लाया गया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक को रात में टेलीफोन पर गाली गलौज करते हुए बांधकर मारने की धमकी दी गई है। जिससे पूरा शिक्षक समुदाय आक्रोशित है।

## सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

**महेशपुर।** प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय कानिझाड़ा के प्रभारी प्रधानाध्यापक अंसारुल हक विगत 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हो गए थे। शनिवार को विद्यालय परिसर में उनके विदाई के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से माला पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक सरोज कुमार पांडेय ने बताया कि अंसारी हक जेपीएससी के 2004 की प्रथम परीक्षा में उत्तीर्ण होकर शिक्षक बने। उन्होंने एलएलबी की भी पढ़ाई की। वे करीब 21 वर्षों तक विद्यालय में शिक्षा का अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका कार्यकाल काफी संतोषप्रद तथा सहयोगात्मक रहा। वे आनेवाले समय में अपनी विशेष कार्यशैली के लिए अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने कुछ समय तक जिले में न्यायिक कार्यों में भी सहयोग किया।

# 31 डीजे संचालकों को पुलिस ने भेजा नोटिस




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।**
सरस्वती पूजा को लेकर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। बिरनी थाना क्षेत्र में 15 और भरकट्टा ओपी क्षेत्र में 16 डीजे संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए स्पष्ट किया है कि किसी भी हाल में त्योहारों के दौरान डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बिरनी थाना प्रभारी आकाश भारद्वाज और भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस सख्ती से डीजे संचालकों और आयोजकों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि वे नियमों का पालन करें।

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ का अचला सप्तमी पर सूर्य पूजनोत्सव कल



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की हजारीबाग जिला इकाई की ओर से चार फरवरी की सुबह 9.30 बजे से सूर्य सप्तमी अर्थात अचला सप्तमी का आयोजन भक्तिभाव से किया जाएगा। इसमें महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र शामिल होंगे। इस आशय का निर्णय रविवार को न्यूज एरिया पहली गली स्थित शंकर मिश्र के आवास प्रांगण महा कल्याणेश्वर शिव मंदिर परिसर की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासंघ के जिलाध्यक्ष सह वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप पाठक ने बताया कि सूर्य पूजनोत्सव होगा। इस दौरान आदित्य हृदय स्रोत का पाठ 11 शाकद्वीपीय ब्राह्मण करेंगे। उसके बाद खीर-पूड़ी और बुंदिया का भोग वितरण श्रद्धालुओं के बीच किया जाएगा। इस बीच शंकर मिश्र और उनकी टीम संगीतमय भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिरस में डुबो देंगे। कार्यक्रम में जिलेभर से शाकद्वीपीय समाज से सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु जुटेंगे।

# विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा आज, रोशनी से जगमगाया परिसर



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग प्रेस क्लब के प्रांगण में सोमवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना विधि विधान के साथ बड़े धूमधाम से की जाएगी। यह पूजा कार्यक्रम बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्रीय पत्रकार, समाजसेवी, और प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रहेगी। पूजा के दौरान मां सरस्वती के प्रतिमा की पूजा के साथ विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण,पुष्प अर्पण,धूप और दीप जलाने की परंपरा का पालन किया जाएगा, जो ज्ञान और विद्या की देवी की आराधना का प्रतीक है। हजारीबाग प्रेस क्लब भवन को सजाया गया है, जो बिल्कुल एक दुल्हन की तरह सुसज्जित प्रतीत हो रहा है। यहां पर रोशनी की बहार है, जो कार्यक्रम की भव्यता और महत्व को दशार्ती है। जगमगाती लाइट्स और रंग-बिरंगे फूलों से सजा हुआ भवन एक आकर्षक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। इस सजावट में विशेष रूप से शाम के समय रोशनी का महत्व और बढ़ जाता है, जिससे यह आयोजन और भी ऐतिहासिक और यादगार बनता है। इस पूजा में क्लब के सदस्य, पत्रकार, और स्थानीय समाजसेवी एवं अधिकारियों के साथ मिलकर अपनी श्रद्धा अर्पित करेंगे। हर साल की तरह इस वर्ष भी पूजा अर्चना के बाद सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मां सरस्वती की पूजा करना है, बल्कि यह भी एक अवसर है जहां समाज के सभी वर्गों के लोग एकत्रित हो सकते हैं और आपसी सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा दे सकते हैं। हजारीबाग प्रेस क्लब द्वारा आयोजित यह पूजा एक ऐसा अवसर बन गया है, जो क्षेत्रीय पत्रकारिता और समाजसेवा के क्षेत्र में एक सकारात्मक संदेश देने का काम करता है। इस आयोजन के माध्यम से क्लब का यह संदेश है कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने वालों को धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में भागीदारी निभानी चाहिए, ताकि हम सब मिलकर समाज की उन्नति और समृद्धि की दिशा में योगदान दे सकें।

## डीसी ने जिला पशुपालन व गव्य विकास योजना की समीक्षा की

**पाकुड़।** प्रतिनिधि उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के कार्यों एवं संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय डिजिटल पशुधन मिशन तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाने के साथ-साथ पारदर्शिता बरतने जैसे बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने राष्ट्रीय कृत्रिम गभार्धान कार्य में तेजी लाने के लिए नए कृत्रिम गभार्धान कार्यकताओं के चयन एवं प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्येक माह पांच हजार कृत्रिम गभार्धान के न्यूनतम लक्ष्य को अर्जित करने का भी निर्देश दिया। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तथा जोड़ा बैल वितरण योजना की समीक्षा किया। लाभुकों को त्वरित लाभ पहुंचाने हेतु निर्देश दिया गया।

# बेसहारा बेटियों की शाही शादी, बैंड, बाजा संग झूमे बाराती



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
रविवार की सुबह उन 101 जोड़ों के लिए जितनी सुहानी थी, उससे कहीं अधिक सांसद मनीष जायसवाल के जज्बात बिखर रहे थे। बड़कागांव रोड़ पर सिमरा रेस्ट हाउस के समीप स्थित अपकमिंग जीडी गोयनका स्कूल परिसर जब 101 दूल्हों की सामूहिक बारात निकली, तो चहुंओर मंगल गान के साथ ताशा की धुन फिजाओं में वैवाहिक माहौल का कुछ अलग ही समां बंध गया। बारात बन हजारों की जमात अभूतपूर्व भीड़ सज-धजकर साथ चल पड़ी। बारात का पहला दिव्यांग दूल्हा बीएमडब्ल्यू कार पर पहुंचा, तो सभी की निगाहें उस पर जा टिकीं। कोई थार से तो कई अन्य लग्जरी वाहनों से बारात पर सवार दिखें। सांसद मनीष जायसवाल खुद अन्य मेजबानों के साथ बारात में मौजूद मेहमानों के स्वागत की अगुवाई में खड़े थे। बारात के पूरे रास्ते पर पहले से बारातियों के स्वागत में पलकें बिछाए लोग तालियां बजाकर और छतों से पुष्प वर्षा कर स्वागत करते दिखे। शाही शादी का नजारा विहंगम था। महिला, पुरूष, बच्चे, बुजुर्ग, युवा, शहर-गांव से आए हजारों लोग इस विवाहोत्सव के गवाह बने। ऐसा विहंगम दृश्य अद्भुत, अविस्मरणीय और अकल्पनीय था। हर किसी को ऐसा लग रहा था कि उनके अपनों की शादी है। अलग-अलग मंडप में सुर्ख लाल जोड़ों में सजी 101 दुल्हन किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थी। उनके परिवार और शादी के साजो-सामान करीने से मंडप की शोभा बढ़ा रहे थे। पूरे स्टेडियम और आसपास के मार्गों पर किसी त्योहार जैसी चहल-पहल थी । हजारीबाग स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) स्टेडियम में अभूतपूर्व सांसद सामूहिक विवाह उत्सव- 2025 का यह दृश्य जेहन में सदैव यादगार रहेगा। खासकर उन 101 जोड़ों को, जिन्होंने और उनके परिजनों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी कि उनके दूल्हे इस कदर सजी-धजी कार में बैंड, बाजा, बारात के साथ रंग-बिरंगी आतिशबाजियों के बीच झूमते-गाते और नाचते उनके साथ सात फेरे लेंगे। लेकिन यह शाही शादी हकीकत में तब्दील थी। दरअसल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल इन 101 गरीब घरानों की बेटियों के लिए किसी मसीहा से कम नहीं थे। इन जोड़ों को शाही शादी के सपने दिखाए और फिर उनके ख्वाब को पंख भी लगाए। बेटियों के कन्यादान और फिर शादी के बाद विदाई के दौरान मसीहा सांसद मनीष जायसवाल विचलित और भावुक हो गए।

## बारातियों के लिए खाने का भी बढ़िया इंतजाम

वहीं सामूहिक शादी के दौरान बारातियों के लिए खाने से लेकर हर एक सुविधा का ख्याल रखा गया . शादी के दौरान बेटियों को उपहार स्वरूप स्कूटी और कई सामान दिए गए. बता दें कि पिछले दो महीने से सामूहिक विवाह की तैयारी चल रही थी.शादी के दौरान बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव समेत भारतीय जनता पार्टी के कई नेता समेत हजारों की संख्या में आम जनता शामिल हुए.

## ग्रिजली विद्यालय में शैक्षणिक पदों के लिए साक्षात्कार 16 को

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय द्वारा शैक्षणिक पदों के लिए 16 फरवरी को ग्रिजली पब्लिक स्कूल परिसर में साक्षात्कार होगा. ग्रिजली विद्यालय के सीइओ प्रकाश गुप्ता व प्राचार्या अंजना कुमारी ने बताया कि साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से लिया जायेगा. विद्यालय द्वारा पीजीटी, टीजीटी, पीआरटी, नर्सरी टीचर, टाइपिस्ट व विभिन्न प्रशासनिक पदों के रिक्त पद के लिए यह साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है. साक्षात्कार के दिन उम्मीदवारों के सुगम आगमन व प्रस्थान के लिए बस की सुविधा भी दी जा रही है, जिसके लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ब्लॉक रोड झुमरीतिलैया से बस सुबह 10 बजे से 11 बजे तथा सुभाष चौक झुमरीतिलैया से 10:15 बजे व 11:15 बजे ग्रिजली पब्लिक स्कूल के लिए प्रस्थान करेगी. उन्होंने बताया की उम्मीदवारों के लिए आवेदन फार्म ग्रिजली विद्यालय की वेबसाइट तथा उजाला कॉम्पलेक्स झुमरीतिलैया स्थित प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है. उम्मीदवारों को प्रशिक्षित और अनुभवी होना चाहिए।

### अफीम की खेती के विरुद्ध एसपी का चला अभियान, 50 एकड़ भूमि पर कार्रवाई

# विकसित समाज के लिए अफीम के सौदागरों का करें विरोध : एसपी



**नवीनम मेल संवाददाता। बरही/चौपारण**
एसपी अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में चौपारण के मुड़िया ग्राम अंतर्गत अफीम की खेती के खिलाफ अभियान चलाया गया. इस दौरान करीब 50 एकड़ वन क्षेत्र भूमि और रैयती भूमि पर लगाए गए अफीम/पोस्ते की खेती को विनष्ट किया गया. पौधे विनष्ट करने में ट्रैक्टर और पुलिस की टीम ने महती भूमिका निभाई. इस अभियान में एसडीडीपीओ अजीत कुमार बिमल, अंचल पुलिस निरीक्षक बरही चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश सहित चौपारण थाना के सशस्त्र बल के जवान सहित वन विभाग की टीम ने सहयोग किया. एसपी ने विकसित समाज के लिए लोगों से अफीम/पोस्ता सौदागरों के खिलाफ आवाज बुलंद करने की अपील किया. इसके साथ ही एसपी ने अफीम/पोस्ते की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर प्राथमिक दर्ज करने का निर्देश भीं दिया. जानकारी के अनुसार प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जा चुका है.

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रत्येक वस्तु का अपना स्थान होता है, परंतु जब आप अपने सच्चे सुख की उपेक्षा कर समय गंवाते हैं तो यह अच्छा नहीं। मैंने प्रत्येक अनावश्यक कार्य को छोड़ दिया ताकि मैं ध्यान करके ईश्वर को जान सकूँ, ताकि मैं दिन और रात उनके दिव्य चैतन्य में मग्न रह सकूँ। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### जलवायु परिवर्तन का घातक असर अब बच्चों पर

संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ की रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्यों एवं खुलासे ने बच्चों को लेकर चिंता को बढ़ा दिया है। अब तक कृषि व मौसम के चक्र पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के अध्ययन निष्कर्ष तो सामने आते रहे हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन का बच्चों के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य विषयक ऐसा संवेदनशील अध्ययन पहली बार सामने आया है, जिसने जहां नीति-निर्माताओं और शिक्षाविदों को चिंता में डाला है वहीं अभिभावकों की परेशानियों को बढ़ा दिया है। सरकार पर भी दबाव बनाया कि वह बच्चों व शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन से होने वाले घातक असर को कम करने के लिये कारगर नीतियां बनाये एवं उन्हें तत्परता से लागू करें। इस रिपोर्ट के अनुसार गत वर्ष सिर्फ भारत में लगभग पांच करोड़ छात्र लू एवं अत्यधिक गर्मी के कारण प्रभावित हुए। जलवायु परिवर्तन सिर्फ हमारे पर्यावरण पर ही असर नहीं डाल रहा है बल्कि ग्रामीण और गरीब बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा और खतरनाक असर डाल रहा है। ओस्लो विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान की पोस्ट डॉक्टरल फेलो डॉ केटलिन एम प्रेंटिस और उनके सहयोगियों ने इस बारे में विस्तृत अध्ययन किया है। 'नेचर क्लाइमेट चेंज' पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार दक्षिण एशिया, खासकर भारत, बांग्लादेश और कंबोडिया जैसे देशों में अप्रैल महीने में गरम हवा की लहरों (हीटवेव) ने शिक्षा व्यवस्था को बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।जलवायु परिवर्तन के मामले में भारत को बेहद संवेदनशील देश करार दिया गया। वर्ष 2024 में दुनिया के 85 देशों में 24.2 करोड़ बच्चों की पढ़ाई चरम मौसम के कारण बाधित हुई। इसका अर्थ यह है कि वर्ष 2024 में दुनिया भर के स्कूल जाने वाले हर सात बच्चों में से एक बच्चा मौसमी बाधाओं के कारण कभी न कभी स्कूल नहीं जा सका। शोध के अनुसार बढ़ती गर्मी एवं गर्म दिनों की अधिक संख्या ने न केवल बच्चों के स्वास्थ्य को बल्कि परीक्षा परिणामों को खराब किया। मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है। यूनिसेफ ने अपनी रिपोर्ट में चेताया है कि यदि ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन ऐसे ही जारी रहा, तो वर्ष 2050 तक बच्चों के गरम हवाओं के संपर्क में आने की संभावना आठ गुनी बढ़ जाएगी। सार्वभौमिक तापमान में लगातार होती इस वृद्धि के कारण विश्व के पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है, उससे मुक्ति के लिये जागना होगा, संवेदनशील होना होगा एवं विश्व के शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को सहयोग के लिये कमर कसनी होगी तभी हम जलवायु परिवर्तन से जुड़े बच्चों के संकट से निपट सकेंगे। वर्ष 2024 में भारत में गर्मी के सारे पुराने रिकॉर्ड टूट गये थे। यह वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म साल के तौर पर दर्ज हुआ था। यूनिसेफ ने स्पष्ट किया है कि जलवायु संकट न केवल बच्चों की शिक्षा, बल्कि उनके पूरे भविष्य को खतरे में डाल रहा है। यदि इस संकट से निपटने के लिए तत्काल प्रभावी एवं जरूरी कदम नहीं उठाये गये, तो इसके बुरे असर को लंबे समय तक महसूस किया जाएगा और नयी पीढ़ी का जीवन अनेक खतरों से घिर जाएगा। अब जरूरी हो गया है कि सरकार शिक्षा पर जलवायु परिवर्तन के असर को कम करने के लिए ठोस रणनीतियां बनाने को आगे आए।

*मौसमी बाधाओं का असर बच्चों की शिक्षा पर लंबे समय तक रहता है*

# यह बजट बच्चों, नारी शक्ति युवाओं, किसानों को समर्पित

## मध्यम और वेतनभोगी वर्ग के लिए विशेष



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज बजट घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा संसद में पेश किया गया 2025-26 का बजट, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह सर्वसमावेशी बजट न सिर्फ भारत के वर्तमान को संवारेगा बल्कि आने वाले वर्षों में देश की प्रगति की राह को भी रोशन करेगा। GYAN यानी, गरीब, युवा, अन्नदाता किसान एवं नारीशक्ति के हितों को केंद्र में रखकर निर्मित यह सर्वस्पर्शीय बजट प्रत्येक वर्ग के लिए अत्यंत ही लाभदायक सिद्ध होगा। साथ ही यह बजट विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस भविष्योन्मुखी एवं लोककल्याणकारी केंद्रीय बजट की सौगात के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी एवं वित्तमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

बजट अभिभाषण में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने घोषणा की है कि पोषण सहायता के लागत मानदंडों को उपयुक्त रूप से बढ़ाया जाएगा। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 कार्यक्रम के तहत पूरे देश में 8 करोड़ से अधिक बच्चों, 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं और धातृ माताओं तथा आकांक्षी जिलों और पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 20 लाख किशोरियों को पोषण सहायता प्रदान की जाती है।

अन्नपूर्णा देवी ने यह भी उल्लेख किया कि पूरक पोषण कार्यक्रम (एसएनपी), मिशन पोषण 2.0 का एक अभिन्न घटक है, जिसके तहत 6 महीने से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धातृ माताओं (पीडब्लूएलएम), तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरियों को पोषण पूरकता प्रदान की जाती है। इसका उद्देश्य पोषक तत्वों की कमी को पूरा करना और कुपोषण से निपटना है।

मंत्री ने बताया कि इस बजट में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण की चुनौती का समाधान करने के लिए, संशोधित पोषण मानदंडों में पूरक पोषण की मात्रा और गुणवत्ता दोनों पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें आहार विविधता के सिद्धांतों को अपनाया गया है।

उन्होंने कहा कि यह संशोधन कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और यह सुनिश्चित करेगा कि समाज के कमजोर वर्गों को उचित पोषण मिले। उन्होंने कहा कि भारत सरकार आंगनवाड़ी प्रणाली को सशक्त बनाने और उच्च गुणवत्ता वाली पोषण सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, जिससे पूरे देश में स्वास्थ्य संबंधी परिणामों में सुधार हो सके।

आगे उन्होंने कहा कि अपने बजट भाषण में वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने पांच लाख फर्स्ट टाइम महिला उद्यमियों / अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से उद्यमियों के लिए २ करोड़ तक के टर्म लोन्स की भी घोषणा भी की है। उन्होंने कहा कि यह योजना स्टैंड अप इंडिया से मिली सीख को अपनाएगी और मैनेजमेंट एवं उद्यमिता में ऑनलाइन प्रशिक्षण भी शामिल करेगी और इस योजना से महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा जो वीमेन लेड डेवलपमेंट की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

मंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में लैंगिक बजट पर विशेष ध्यान दिया गया है।

बीई 2024-25 में 3.27 लाख करोड़ के आवंटन की तुलना में, इस बजट में महिलाओं और बालिकाओं के विकास से सम्बंधित योजनाओं के लिए 4.49 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण वृद्धि महिलाओं के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार की महिला नेतृत्व वाला विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

श्रीमती देवी ने कहा कि नारी शक्ति को इस बजट में भी प्रमुखता से केंद्र में रखा गया है। वित्त मंत्री जी ने बजट में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी GYAN पर केंद्रित विभिन्न विकास उपायों का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि यह बजट पीएम धन-धान्य योजना और व्यापक बहु-क्षेत्रीय 'ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन' कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को निश्चित रूप से लाभ पहुंचाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने आगे बताया कि बच्चों के लिए, नारी शक्ति के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए , विशेष तौर पर मध्यम वर्ग और वेतनभोगी वर्ग – इन सभी के लिए यह बजट समर्पित है। पेश की गई नई कर व्यवस्था में 12 लाख रुपये तक की आय को आयकर से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है जो एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम है। वहीं वेतनभोगी कर दाताओं के लिए यह सीमा 75,000 की मानक कटौती के कारण 12.75 लाख रुपए होगी। उन्होंने कहा कि सभी करदाताओं को लाभ पहुंचाने के लिए आयकर स्लैबों और दरों में व्यापक बदलाव किए गए हैं।

बजट प्रावाधानों की सराहना करते हुए केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि यह बजट विकास को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प सिद्धि में हमारी यात्रा को गति देगा।

आज की बात



**अन्नपूर्णा देवी**
महिला एवं बाल विकास मंत्री, भारत सरकार

## क्यों अकेले हैं जस्टिन ट्रूडो ?

यह अब साफ़ हो गया है कि भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को शिकस्त का सामना करना पड़ा है। जिन लोगों को खुश करने के लिये ट्रूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर ट्रूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह ट्रूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। ट्रूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि 'न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए'। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि ट्रूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है। निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया ट्रूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे ट्रूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

## वसंत पंचमी युवाओं के लिए वरदान

वसंत पंचमी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हर वर्ष माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व विद्या, बुद्धि और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती को समर्पित है। इस दिन विशेष रूप से विद्यार्थी, शिक्षक माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ यह त्योहार नई ऊर्जा, नवीनता और सृजनात्मकता का संदेश देता है, जो विशेष रूप से युवा वर्ग के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होता है। वसंत पंचमी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, कला, संगीत, और बौद्धिकता को प्रोत्साहित करना है। इस दिन माँ सरस्वती की पूजा करके विद्यार्थी ज्ञान प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेते हैं। यह पर्व युवाओं के लिए आत्मविकास, अनुशासन, और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर जीवन जीने का संदेश देता है। माँ सरस्वती को ज्ञान की देवी माना जाता है। उनकी पूजा से छात्र अपने अध्ययन में एकाग्रता और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं। नाटक,संगीत, नृत्य, चित्रकला और अन्य कलाओं में रुचि रखने वाले लोग इस दिन माँ सरस्वती से सृजनशीलता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। यह पर्व युवाओं को अपनी कला को निखारने का संदेश देता है। हंस, जो माँ सरस्वती का वाहन है, विवेक और पवित्रता का प्रतीक है। यह हमें यह सिखाता है कि हमें सत्य और असत्य में भेद करना चाहिए और अपने जीवन को नैतिकता और सच्चाई के मार्ग पर ले जाना चाहिए। यह पर्व युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने, नई चीजें सीखने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। माँ सरस्वती की प्रतिमा में हंस और वीणा का विशेष महत्व है। ये दोनों ही विद्यार्थियों को गहरे संदेश देते हैं। वीणाः संगीत और विद्या का प्रतीक, जो हमें यह सिखाती है कि संतुलित जीवन जीना आवश्यक है। केवल अध्ययन ही नहीं, बल्कि रचनात्मकता और आत्म-अनुशासन भी महत्वपूर्ण हैं। हंसः हंस को विवेक का प्रतीक माना जाता है, जो विद्यार्थियों को सही और गलत में अंतर समझने की सीख देता है। अक्षरमालाः माँ सरस्वती के हाथ में रखी अक्षरमाला ज्ञान और ध्यान की शक्ति का प्रतीक है, जो हमें निरंतर अभ्यास और ज्ञानार्जन की प्रेरणा देती है। पुस्तकः ज्ञान और शिक्षा का प्रतीक, जो बताता है कि शिक्षा जीवन में अंधकार को दूर करके हमें उजाले की ओर ले जाती है। वसंत पंचमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक उत्सव है जो युवाओं को ज्ञान, सृजनात्मकता और आत्मविकास के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, अनुशासन अपनाने और नई ऊर्जा के साथ अपने भविष्य को संवारने की प्रेरणा देता है। माँ सरस्वती की कृपा से हर युवा अपने जीवन में सफलता प्राप्त करे, यही इस पर्व का सच्चा संदेश है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

मधुऋतु में होता रहा, पतझड़ का आभास।
नज़र नेह को लग गयी, मौसम भरे उदास।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## शेयर लाभ पर भी कर दरों में कमी होनी चाहिए थी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी कर को ले कर बड़ी आलोचना के घेरे में थी इस बार के बजट में उन्होंने इन आलोचनों को धो डाला। 12 लाख रुपए आय पर टैक्स को शून्य कर उन्होंने बड़ा कार्य किया। वैसे बजट में अन्य आर्थिक बातों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में धन आवंटन भी महत्वपूर्ण होता है परंतु भावनात्मक दृष्टिकोण से, विशेषकर आय कर की दरों पर भारत में तो जनसाधारण का विशेष ध्यान रहता है। थोड़ी धीमी पड़ रही अर्थव्यवस्था को गति देने के लिया पूंजीगत व्यय को 11 लाख करोड़ तथा पी एस यू के लिए 4.5 लाख करोड़ धन का आवंटन अच्छा प्रस्ताव है। कम लागत के नए आवास बनाने की योजना से भी लाभ होगा। आय कर में बड़ी छूट के बाद भी वित्तीय घाटा का लक्ष्य जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रखना भी प्रशंसनीय है। शेयर मार्केट के लिए बजट में अतिरिक्त लाभ नहीं दिखा। कुछ दिनों से भारतीय शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट है। विदेशी निवेशकों ने 2.50 लाख करोड़ रुपए से अधिक के शेयर बेच दिए हैं तथा लगातार विक्रेता बनें हुए हैं। बड़ी संख्या में शेयरों के मूल्यों में 30 से 50 प्रतिशत की कमी देखी गई है। निवेशकों का मनोबल नीचा,निराश सा है। ऐसे में शेयर मार्केट को भी कर संबंधी छूट प्रदान करनी चाहिए थी। शेयर मार्केट किसी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग होता है, हो गया है। उसमें गिरावट संपत्ति का क्षय होती है तथा ये लाखों करोड़ रुपए के होती है। भारत में 15 करोड़ डीमैट खाते हो गए हैं। एक अनुमान के अनुसार 45 करोड़ भारतीय प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से शेयर मार्केट से संबंधित हो गए हैं। निवेशक भी अब एक बड़ा वर्ग हो गया है। फिर शेयर मार्केट को सहारा देना भी अब सरकारों का कर्तव्य है। ऐसे में वित्त मंत्री जी को शेयर मार्केट के भले के लिए भी घोषणाएं करनी चाहिए थी। यदि लघु अवधि पूंजीगत कर तथा दीर्घ अवधि पूंजीगत कर के कमी कर दी जाती तो शेयर मार्केट में बड़ा उछाल तो देखने मिलता ही, मध्यम अवधि में भी मार्केट तेजी की ओर बढ़ जाता। एसटीजीसी को 20 प्रतिशत से घटा कर 15 प्रतिशत तथा एलटीसीजी को 12.5 प्रतिशत से घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया जाना चाहिए था। इसके व्यापक लाभ होते। मार्केट में उछाल से कई लाख करोड़ रुपए की संपत्ति वृद्धि होती, विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय शेयर मार्केट आकर्षक होता, उनकी बिकवाली रुक क्रय आता तथा विदेश मुद्रा भंडार को सहारा मिलता। हो सकता है कि सरकार को कर राजस्व भी अधिक मिलता क्योंकि मार्केट में तेजी रहेगी तब बड़ी संख्या में लोगों को लाभ होगा एवं लाभ होगा तभी न टैक्स देंगे। मार्केट गिरता रहेगा, लाभ होगा ही नहीं तो अधिक टैक्स लायबिलिटी बनेगी ही नहीं। साथ ही मार्केट में तेजी रहती तो सौदे भी बहुत होते हैं, मंदी में कम हो जाते हैं। मंदी रहने से एसटीटी संग्रह में भी कमी आएगी। अतः निर्मला जी यदि शेयर के लाभ पर कर कम कर देती तो इसका बहुत बड़ा तथा व्यापक लाभ होता। ऐसा नहीं होने पर बजट के दिन स्वाभाविक उतार चढ़ाव के बाद निफ्टी 26 अंक नीचे ही बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भी नकद संभाग में 1327 करोड़ रुपए का विक्रय ही किया। भारतीय निवेशक समुदाय भी सीतारमण जी पर शेयरों पर कर को लेकर बहुत अधिक टिप्पणियां करने लगे हैं। संभव हो तो इन करों को भी कम करने के संशोधनों पर भी विचार हो, निर्णय हो। भारतीय शेयर मार्केट में निचले स्तरों से थोड़ा उछाल देखने मिला है परंतु यह टिकेगा, बढ़ेगा तभी जब विदेशी निवेशक विक्रय के स्थान पर क्रय प्रारंभ करेंगे। कुछ प्रमुख वैश्विक संस्थान यूबीएस, जेपी मोर्गन ने भारतीय मार्केट के मूल्यांकन इन स्तरों पर भी महंगे होने की बात कहनी प्रारंभ कर दी है। इस मनोभाव में परिवर्तन के लिए अर्थव्यवस्था ने पुनः तीव्र वृद्धि तथा कंपनियों के लाभ में बढ़त आवश्यक है। तभी ऊंचा मूल्यांकन न्यायोचित होगा। आयकर कम कर सरकार ने खपत बढ़ाने का एक आधार तैयार किया है। ऐसे में यदि शेयर लाभ पर भी कर कम कर दिया जाता तो यह सोने पर सुहागा ही होता। भारतीय शेयर एक मूल्यांकन ऑडिट की समयावधि में हैं। महंगे शेयरों में गिरावट के बाद उनमें भी और अधिक गिरावट की ही संभावना है। केवल उचित मूल्यांकन पर उपलब्ध शेयरों को ही इकठ्ठा किया जाना चाहिए। कोई शेयर बहुत गिर गया, इसलिए उसे खरीद लें, इस भाव से बचना चाहिए। पीई अनुपात, मार्केट पूंजीकरण, लाभ का विश्लेषण कर ही निवेश करें। तेल वितरण कंपनियां, सरकारी बैंक, गृह आवास निर्माण के शेयर अच्छा निवेश हो सकते हैं। अच्छी अर्थनीति भी अच्छी राजनीति होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


देश की बात



**शशांक भारद्वाज**
वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक
चॉइस ब्रोकिंग

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# महाकुंभ पहुंचे श्रद्धालुओं ने 'सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को सराहा



**एजेंसी। प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ में वसंत पंचमी के दिन अमृत स्नान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या और 3 फरवरी को अमृत स्नान को लेकर राज्य सरकार और मेला प्रशासन द्वारा उचित व्यवस्था की गई है जिससे यहां पर किसी भी श्रद्धालु को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। कुछ श्रद्धालुओं से समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत की। हरियाणा से आई अनीता ने बताया, "हम वसंत पंचमी पर अमृत स्नान करने के लिए आए हैं। इसे हमारे सनातन धर्म में काफी अच्छा माना जाता है। सुरक्षा और सफाई-व्यवस्था यहां पर एक नंबर की है। किसी भी तरह से कहीं भी गंदगी नजर नहीं आ रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमृत स्नान पर्व 'बसंत पंचमी' के अवसर पर व्यवस्थाओं में 'जीरो एरर' रखने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को प्रयागराज में वसंत पंचमी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि वसंत पंचमी के अवसर पर पूज्य अखाड़ों की पारंपरिक शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से कर ली जाएं। पूज्य संतगण हों, कल्पवासी हों, देश भर से आए श्रद्धालु हों या देशी-विदेशी पर्यटक, हर एक की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर चूक की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

### जो अफवाह फैलाई जा रही है, वैसा कुछ भी नहीं है

सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया गया है। यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है।" उन्होंने कहा कि हाल में हुई दुर्घटना को लेकर मन में शंका थी। घर से जब निकल रहे थे तो मन में सवाल था कि प्रयागराज में क्या होगा। लेकिन, जब यहां आए हैं तो सभी शंकाए दूर हो गई हैं। ऐसा लग रहा है कि बच्चों को भी साथ लाना चाहिए था जिससे वह भी अमृत स्नान कर सकते। यहां व्यवस्था काफी अच्छी है। मैं एक चीज कहना चाहूंगी कि जो अफवाह फैलाई जा रही है, यहां वैसा कुछ भी नहीं है। यहां प्रशासन ने अच्छी व्यवस्था की है। हरियाणा से आए राजकुमार ने बताया कि मेला प्रशासन बहुत अच्छा काम कर रहा है। भारी तदाद में लोग आ रहे हैं, लेकिन किसी को परेशानी नहीं हो रही है।

### महाकुंभ में आए विदेशी श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की व्यवस्थाओं का सराहा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ में सोमवार को वसंत पंचमी के मौके पर सिर्फ देसी ही नहीं बल्कि विदेशी श्रद्धालु भी अमृत स्नान करेंगे। यहां इटली से कुछ श्रद्धालु खासतौर पर अमृत स्नान में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचे हैं। समाचार एजेंसी आईएएनएस ने यूरोप से आए कुछ श्रद्धालुओं से बात की। यहां योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्था से विदेशी श्रद्धालु भी खुश नजर आ रहे हैं। इटली से आए एक श्रद्धालु ने कहा, "मुझे यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह शहर बहुत ही अच्छा है। महाकुंभ में अपने कुछ दोस्तों के साथ आया हूं। यहां आकर जो मेरा अनुभव है, वह काफी शानदार है। मुझे यकीनन काफी अच्छा लग रहा है। मैं यहां पर वसंत पंचमी पर होने वाले अमृत स्नान में शामिल होने के लिए आया हूं।"इटली से आए एक फोटोग्राफर ने कहा कि वह महाकुंभ की तस्वीरें लेने आए हैं। कुंभ में घूमने के दौरान कुछ लोगों से मिलने का मौका मिला। भारतीय लोग बहुत अच्छे होते हैं, खासतौर पर प्रयागराज के लोग। यहां का वातावरण काफी अच्छा है। मुझे भारत की विविधता काफी अच्छी लगती है। उन्होंने बताया कि वह अब तक पांच कुंभ मेलों में शामिल हो चुके हैं, लेकिन यह उनमें सबसे बेहतर है। ब्रिटेन से आई एक श्रद्धालु ने कहा, "बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है। यह काफी जादुई लगता है। बहुत, बहुत अच्छा, एक प्यारा अनुभव। लोग बहुत प्यारे हैं, लोग बहुत दयालु हैं। यह अद्भुत रहा है, हम लगभग दो सप्ताह से यहां हैं और लोग बहुत मिलनसार हैं।

### महंतों ने किया साफ, मौनी अमावस्या के दिन सभी 13 अखाड़ों ने किया स्नान

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद साधु-संतों के अमृत स्नान को लेकर कई अखाड़ों के महंतों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा सवाल उठाए जाने को गलत ठहराते हुए कहा कि सभी 13 अखाड़ों ने उस दिन सादगी के साथ संगम स्नान किया था। महाराज अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने वीडियो के माध्यम से कहा, "सनातन परंपरा के बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ में 29 जनवरी को जो दुखद घटना हुई, उस पर सभी संतों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अगर ऐसा कहा है कि अखाड़ों ने स्नान नहीं किया तो यह एक सफेद झूठ है। दोपहर बाद दो बजे से लेकर 7.30 बजे तक सभी 13 अखाड़ों ने स्नान किया है। सभी अखाड़ों ने सादगीपूर्ण



ढोल-नगाड़े और शाही जुलूस के बिना पैदल जाकर स्नान किया। ऐसे में अगर इसको लेकर भ्रांति फैलाई जाती है, तो मैं इसका खंडन करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मैं आश्वस्त करता हूं कि हम उनके साथ हैं और रहेंगे। वसंत पंचमी पर भी श्रद्धा के साथ हम स्नान करेंगे।"उदासीन बड़ा अखाड़ा से वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी हरि चेतनानंद ने कहा, "मौनी अमावस्या के दिन सभी 13 अखाड़ों, महामंडलेश्वरों और महंतों ने सादगी पूर्वक संगम पर सर्वप्रथम अपने इष्टदेव को स्नान कराया और उसके बाद स्वयं स्नान किया।

## भाजपा को वोट देकर सत्ता में लाइए

# मैं व्यक्तिगत रूप से दिल्लीवासियों की सेवा करूंगा : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



> यह जनता जनार्दन की आकांक्षाओं का बजट है मध्यम वर्ग को हजारों रुपए की बचत होगी क्योंकि 12 लाख रुपए तक की आय पर कर शून्य कर दिया गया है

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरके पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। खुद को जनता का 'सेवक' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्लीवासियों को गारंटी दी कि शहर में भाजपा की सरकार बनने के बाद वह झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों और मध्यम वर्ग के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

आर.के.पुरम में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। उन्होंने मध्यम वर्ग की जेब में अधिक पैसा डालने के लिए केंद्रीय बजट 2025-26 में शामिल आयकर लाभों पर प्रकाश डाला। आप सरकार के घोटालों पर पीएम मोदी ने निशाना साधा और कहा कि आप नेताओं को जवाब देना होगा और "जिन्होंने लूटा है, उन्हें लौटाना ही पड़ेगा। केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत के चार स्तंभों- गरीब, किसान, युवा और नारी को मोदी की गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। उन्होंने कहा, ''यह जनता जनार्दन की आकांक्षाओं का बजट है। मध्यम वर्ग को हजारों रुपए की बचत होगी क्योंकि 12 लाख रुपए तक की आय पर कर शून्य कर दिया गया है। आजादी के बाद से यह किसी भारतीय वेतनभोगी व्यक्ति को दी गई सबसे बड़ी कर छूट है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार में 12 लाख रुपये सालाना आय वाले व्यक्ति को अपनी आय का एक-चौथाई हिस्सा कर के रूप में देना पड़ता था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार में 12 लाख रुपये सालाना आय वाले व्यक्ति को कर के रूप में 10 लाख रुपये का नुकसान होता था। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले तक कांग्रेस सरकार में 12 लाख रुपये कमाने वाले व्यक्ति को 2.60 लाख रुपये टैक्स देना पड़ता था, लेकिन हमारी सरकार में 12 लाख रुपये कमाने वाले व्यक्ति को कोई टैक्स नहीं देना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि भाजपा की भ्रष्टाचार मुक्त सरकार ने गरीबों के विकास और कल्याण के लिए प्रत्येक रुपया खर्च किया है। सरकार ने गरीबों को मुफ्त राशन और पक्के मकान दिए हैं तथा सड़कें, अस्पताल, फ्लाईओवर बनाने और "मेक इन इंडिया" को बढ़ावा देने पर पैसा खर्च किया है। उन्होंने कहा कि वसंत पंचमी के साथ ही मौसम बदलने लगता है और तीन दिन बाद दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही विकास का बसंत आने वाला है। 'आप' में मची भगदड़ की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि झाड़ू तिनके की तरह बिखर रही हैं क्योंकि आपदा के नेता इसे छोड़ रहे हैं। हाल ही में आपदा के आठ विधायकों के भाजपा में शामिल होने के फैसले का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, "आपदा

# सीएम योगी के सघन टीबी अभियान के 56 दिन बेमिसाल, 53,251 मरीज चिन्हित

**लखनऊ (आईएएनएस)**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद एक जनवरी से पूरे प्रदेश में विस्तारित 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान बेमिसाल रहा है। पहले एक महीने के अंदर तकरीबन 40 हजार टीबी मरीजों की पहचान हुई है। सात दिसंबर से शुरू हुए अभियान में अब तक कुल 53,251 टीबी मरीजों की पहचान हो चुकी है। इसी बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने मथुरा का भ्रमण कर अभियान के प्रति संतोष जताया है। राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने बताया कि सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने शनिवार शाम को मथुरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बांदी में लगे निक्षय शिविर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलदेव का निरीक्षण किया। इसके अलावा निःक्षय वाहन का अवलोकन व कई टीबी मरीजों से बात की। उन्होंने बलदेव सीएचसी में निक्षय मित्र द्वारा विकसित आईडी कम कैलेंडर को सराहा और साथ ले गईं।

डॉ. भटनागर ने बताया कि प्रदेश में सर्वाधिक 15,222 टीबी मरीज मथुरा जिले में निक्षय मित्रों द्वारा गोद लिए गए हैं। इस पर उन्होंने खुशी जताई। डॉ. भटनागर ने बताया कि अभियान में अब तक कुल 53,251 टीबी मरीजों की पहचान हुई है जिनमें से 36,295 का इलाज शुरू कर दिया गया है। सभी 75 जनपदों में लगभग तीन करोड़ की उच्च जोखिम की जनसंख्या को आच्छादित कर 1.72 करोड़ लोगों की टीबी के संभावित लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की गई और एक्स-रे, नॉट या माइक्रोस्कोपिक जांच की गई।

अब तक अभियान में सर्वाधिक 2,057 टीबी के मरीज आगरा में और सबसे कम 131 संत रविदास नगर में मिले हैं। सीतापुर में 2,045, लखनऊ में 1,818, अलीगढ़ में 1,582 व कानपुर में 1,536 टीबी के मरीजों की पहचान हुई है। इसके साथ ही अभियान के दौरान कुल 3,24,2026 निक्षय शिविर लगाकर टीबी की स्क्रीनिंग की गई और जागरूकता का काम किया गया। औसतन प्रतिदिन 4,604 निक्षय शिविर लगाए गए। 60,998 निक्षय मित्रों द्वारा लगभग 1,82,182 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है और 3,06,477 पोषण पोटली का वितरण किया गया है। सात दिसंबर से उन 15 जनपदों में 100 दिवसीय टीबी सघन अभियान शुरू हुआ था, जहां टीबी से होने वाली मौतों की संख्या अधिक थी।




**उच्च जोखिम वाले समूह**

- **18.5** किग्रा/मी² से कम बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) की कुपोषित जनसंख्या
- **60** साल से अधिक आयु के लोग
- **03** वर्ष के भीतर टीबी मरीज जिनका उपचार पूरा हुआ, के संपर्क में रहने वाले
- डायबिटीज एवं एचआईवी के रोगी
- पुराने टीबी मरीज पांच वर्ष के भीतर
- झुग्गी-झोपड़ियों, जेलों, वृद्धाश्रमों आदि में रहने वाले लोग
- धूम्रपान एवं नशा करने वाले रोगी

## आज का राशिफल

**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

**वृष :** बुजुर्गों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी।

**मिथुन :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी।

**कर्क :** राजकीय कार्यों से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**सिंह :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी।

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी।

# महाकुंभ में अखाड़ों का अंतिम अमृत स्नान आज

**नवीन मेल संवाददाता**



- तीसरे अमृत स्नान के साथ ही अखाड़ों की प्रयागराज से रवानगी आरंभ हो जाएगी
- अचला सप्तमी तक सभी शैव अखाड़े काशी रवाना हो जाएंगे

**प्रयागराज।** वसंत पंचमी पर सोमवार को अखाड़ों का अंतिम अमृत स्नान होगा। आखिरी स्नान में महाकुंभ के दौरान महामंडलेश्वर बनाए गए संत भी रथों में सवार होकर निकलेंगे। तीसरे अमृत स्नान के साथ ही अखाड़ों की प्रयागराज से रवानगी आरंभ हो जाएगी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी ने बताया कि अचला सप्तमी तक सभी शैव अखाड़े काशी रवाना हो जाएंगे। काशी में होली तक प्रवास करने के बाद बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलने के साथ उनका कुंभ पूर्ण होगा। इसके बाद सभी संन्यासी अपने-अपने स्थानों को लौट जाएंगे। मौनी अमावस्या के दौरान संगम पर हुए हादसे की वजह से दूसरा अमृत स्नान पूर्ण वैभव के साथ नहीं हो सका था। आचार्य महामंडलेश्वर समेत साधु-संतों ने बिना लाव-लश्कर के ही स्नान किया।

# बजट में 12 लाख तक कर छूट देकर सुर्खियां बटोरने का काम हुआ : प्रियंका चतुर्वेदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



लोकसभा में शनिवार को पेश आम बजट को शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने जमीनी हकीकत से दूर बताया और कहा कि इससे जनता को फायदा नहीं हुआ है। प्रियंका चतुर्वेदी ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह लगातार आठवां बजट था। हमें उम्मीद थी कि जनता को कुछ राहत मिलेगी। उन्होंने 12 लाख रुपये तक की आय को करमुक्त कर वाहवाही जरूर बटोरी, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है।

उन्होंने कहा कि बजट में बेकाबू हो रही महंगाई पर चर्चा नहीं हुई। नई नौकरियों के अवसर कैसे पैदा होंगे, इसका कोई जिक्र नहीं हुआ। हमें अब भी नहीं पता कि युवाओं के लिए उन्होंने जिस इंटर्नशिप कार्यक्रम की घोषणा की थी, उसके तहत कितने लोगों को रोजगार मिला है। किसानों के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर कोई बात नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बजट का निष्कर्ष निकालें तो कुछ सुर्खियां बनाई हैं, लेकिन हकीकत में जनता का फायदा नहीं हुआ है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा, "मैं फिर भी इस बजट का स्वागत करूंगी क्योंकि, टैक्स स्लैब में जनता को राहत मिली है।" बजट में दो चुनावी राज्यों पर फोकस के आरोप पर प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, "अगर वे चुनावों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश कर रहे हैं, तो यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे "एक राष्ट्र, एक चुनाव" की अवधारणा की धज्जियां उड़ रही हैं क्योंकि अगर आप देखें तो बिहार के लोग शायद यह चाह रहे होंगे कि चुनाव हर साल आएं, ताकि वित्त मंत्री उन पर ध्यान दें।

## गोपालगंज में पूर्व मुखिया के भाई की गोली मारकर हत्या, व्यवसायी घायल

**गोपालगंज (आईएएनएस)।** बिहार के गोपालगंज जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने रविवार को एक दुकान में अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में दुकान पर बैठे पूर्व मुखिया के भाई सत्येंद्र सिंह की मौत हो गई जबकि दुकानदार घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, सत्येंद्र सिंह मीरगंज निवासी नयन प्रसाद की टाइल्स दुकान के पास बैठकर बात कर रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार होकर आए चार हथियारबंद बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना में दोनों घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में सत्येंद्र सिंह की मौत हो गई।

## दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद 'सोने के महल' की होगी जांच : जोगाराम पटेल

**जोधपुर (आईएएनएस)।** राजस्थान के संसदीय कार्य और विधि मंत्री जोगाराम पटेल इन दिनों जोधपुर प्रवास पर हैं। उन्होंने सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए दिल्ली चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने 'आप' पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद "सोने के महल" की जांच होगी। जोगाराम पटेल ने कहा, "दिल्ली अब दूर नहीं है। निश्चित रूप से दिल्ली में भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनेगी। जो लोग 'सोने के महल' बना चुके हैं, उनकी जांच होगी। कांग्रेस तो दिल्ली में दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है, लेकिन केजरीवाल ने जो भव्य महल बनाए हैं।

# मोदी सरकार की 'उम्मीद' योजना से महिलाओं के सपनों को मिली उड़ान

- 'उम्मीद' योजना केंद्र सरकार के स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन द्वारा शुरू की गई है

**राजौरी (आईएएनएस)**




केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में चलाई जा रही 'उम्मीद' योजना ने महिलाओं के सपनों को नई उड़ान दी है। इस योजना ने सिर्फ महिलाओं को रोजगार ही नहीं दिया है बल्कि उन्हें वह हौसला और आत्मविश्वास भी दिया है, जिसके दम पर वे आत्मनिर्भर बन सकती हैं। शिक्षित होने के बावजूद बेरोजगारी का दंश झेल रही महिलाएं इस योजना की मदद से घर की बेड़ियों को तोड़कर बाहर आई हैं। जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका मिशन (जेकेआरएलएम) की 'उम्मीद' योजना के तहत राजौरी के सीमावर्ती जिले में महिलाओं ने मसाले और मसाला उत्पाद बनाने के लिए एक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) बनाया है। इससे उन्हें रोजगार मिला है और प्रतिमाह हजारों रुपये की आमदनी भी हो रही है। यहां काम करने वाली महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। योजना की एक लाभार्थी ने बताया, "हम 'उम्मीद' योजना का हिस्सा हैं और हमने 'स्पाइसी' नाम से एक इकाई शुरू की है, जहां हम हल्दी, मिर्च, धनिया और अन्य मसाला पाउडर का प्रसंस्करण और पैकेजिंग करते हैं। हमारी इकाई में 10 समूह हैं, जिनमें से प्रत्येक में 10 महिलाएं हैं। पीएम मोदी का बहुत-बहुत धन्यवाद। हम चाहते हैं कि पीएम मोदी हम लोगों के लिए और भी स्कीम दें। जिससे ज्यादा से ज्यादा महिलाएं लाभांवित हो सकें।"एक अन्य लाभार्थी ने कहा कि शिक्षित होने के बावजूद उनके पास रोजगार नहीं था। लेकिन, 'उम्मीद' योजना ने उन्हें रोजगार दिया है और महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिलाओं ने अन्य लोगों, विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं से इस योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि यह योजना वित्तीय स्वतंत्रता का मार्ग प्रदान करती है, जिससे हर महीने हजारों रुपये और सालाना लाखों रुपये कमाने की संभावना है। यह पहल ग्रामीण महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में सरकारी योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव का प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि 'उम्मीद' योजना केंद्र सरकार के स्टेट रूरल लाइवलीहुड मिशन द्वारा शुरू की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाली महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना की मदद

सीके नायडू अंडर 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट

# झारखंड को पहली पारी में 290 रनों की भारी बढ़त



**रांची।** जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे हैं सीके नायडू अंडर- 23 स्टेट ट्रॉफी क्रिकेट के तहत आज दूसरे दिन झारखंड ने बिहार के विरुद्ध पहली पारी 290 रनों की भारी बढ़त हासिल कर ली है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक झारखंड ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 487 रन बना लिए थे। शुभ शर्मा 95 रनों पर नाबाद थे। वह अभी तक चार छक्के एवं पांच चौके लगा चुका हैं। इससे पहले बिहार ने अपनी पहली पारी में कल 197 रन बनाए थे। आज झारखंड की ओर से राजनदीप सिंह ने 16 छक्के एवं छह चौके की मदद से 149 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा शिखर मोहन ने एक छक्के एवं 10 चौके की मदद से 72, आर्यन हुड्डा ने 30, रोबिन मिंज ने 35 तथा कुनैन कुरैशी ने तीन छक्के एवं पांच चौके की मदद से नाबाद 76 रन बनाए। बिहार की ओर से सूरज कश्यप व मनीष कुमार ने दो-दो तथा आकाश राजन को एक विकेट मिला।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल धीरे-धीरे उत्सव का रूप ले रहा है : मनसुख मंडाविया



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' लोगों को फिटनेस अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि यह पहल धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप ले रही है। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम में शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया गया तथा बताया गया कि सफलता प्राप्त करने के लिए स्वस्थ शरीर महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया 'फिट इंडिया' अभियान का समर्थन कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य पूरे देश में फिटनेस और स्वास्थ्य की संस्कृति का निर्माण करना है। केंद्रीय खेल मंत्री ने साइकिलिंग इवेंट की बढ़ती सफलता पर कहा,फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप ले रहा है, जिसमें प्रत्येक रविवार को अलग-अलग थीम पर पूरे देश में साइकिलिंग इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं।

## डरबन सुपर जायंट्स ने 11 रन की रोमांचक जीत के साथ किया अपने अभियान का अंत




**जोहान्सबर्ग(आईएएनएस)।** डरबन सुपर जायंट्स ने वांडरर्स में जोबर्ग सुपर किंग्स पर 11 रन की रोमांचक डीएलएस जीत के साथ सीजन-3 में अपने अभियान का अंत किया। इस नतीजे के साथ जेएसके ग्रुप स्टेज लॉग स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहा और बुधवार को सेंचुरियन में एलिमिनेटर में तीसरे स्थान पर रहने वाली सनराइजर्स ईस्टर्न केप का सामना करेगा।डीएसजी के हेनरिक क्लासेन ने 47 गेंदों पर नाबाद 76 रन बनाकर मेहमान प्रशंसकों को खुश होने का मौका दिया। इस प्रक्रिया में, क्लासेन एसए-20 में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। क्लासेन ने केन विलियमसन (22) के साथ 43 गेंदों पर 64 रन और वियान मुल्डर (नाबाद 30) के साथ 43 गेंदों पर 70 रन की दो मजबूत साझेदारियां की, जिससे डीएसजी 173/4 पर पहुंच गया। सुपर किंग्स के तेज गेंदबाज लुथो सिपामला ने एक बार फिर 1-12 के चार ओवरों में शानदार प्रदर्शन किया। इसमें ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस का बड़ा विकेट भी शामिल था। बारिश के कारण जेएसके के रन-चेज में जब बाधा आई और मेजबान टीम का स्कोर 3.1 ओवर के बाद 31/1 था। जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो जेएसके की पारी को 16 ओवर की कर दिया गया और उनके सामने नया लक्ष्य 147 रनों का रखा गया। डीएसजी के लेग स्पिनर नूर अहमद ने 3-25 के शानदार स्पेल से जेएसके को पीछे धकेल दिया और खेल फिर से शुरू होने के बाद घरेलू टीम वापसी नहीं कर पाई। डीएसजी ने रूकी सीजे किंग को भी एसए20 डेब्यू का मौका दिया और युवा खिलाड़ी ने इंग्लैंड के डबल व्हाइट-बॉल विश्व चैंपियन मोइन अली का विकेट लेकर अपनी पहली बड़ी सफलता हासिल की।

## अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर बरकरार रखा खिताब






**जी तृषा** के ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत की हुई शानदान जीत

**44** रन सिर्फ 33 गेंदों पर नाबाद रही जी तृषा

**26** रन सिर्फ 22 गेंदों पर नाबाद रही चलके

**संक्षिप्त स्कोर:** दक्षिण अफ्रीका **82 रन** पर ऑल आउट (मीके वैन वूर्स्ट 23, फे काउलिंग 15; तृषा गोंगाडी 3-15, परुनिका सिसौदिया 2-6), भारत ने 11.2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर **84 रन** बनाकर मैच जीत लिया। (तृषा गोंगाडी 44 नाबाद, सानिका चालके 26 नाबाद) कायला रेनेके 1-14)।

**कुआलालंपुर(आईएएनएस)।** तृषा गोंगाडी ने शानदार खेल दिखाते हुए भारत को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का खिताब फिर से जीतने में अहम भूमिका निभाई। भारत ने रविवार को बायुमास ओवल में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया।

भारत की स्पिन गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और कुल नौ विकेट चटकाए, जिनमें से तीन तृषा को मिले। अच्छी फील्डिंग की बदौलत भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को सिर्फ 82 रन पर समेट दिया।

धीमी पिच पर यह स्कोर बड़ा नहीं था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए तृषा ने 33 गेंदों पर नाबाद 44 रन बनाए, जबकि सानिका चालके ने 22 गेंदों पर 26 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने 11.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया और लगातार दूसरी बार यह खिताब जीत लिया। इससे पहले भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में यह ट्रॉफी जीती थी। इस जीत से एक बार फिर साबित हुआ कि अंडर-19 महिला क्रिकेट में भारत का दबदबा बना हुआ है। खास बात यह रही कि भारत ने टूनार्मेंट में एक भी मैच नहीं गंवाया और खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई जिसने सभी मुकाबले जीते। 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तृषा ने विकेटकीपर के पास से चौका लगाकर शुरूआत की।फिर उन्होंने फे काउलिंग की गेंदों को कवर क्षेत्र में दो बार सीमा रेखा के पार पहुंचाया। इसके बाद जी. कमलिनी ने कायला रेनेके की गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से चौका लगाया। तृषा ने सेशनी नायडू की लेग-स्पिन गेंदों पर शानदार शॉट खेले और चार ओवर में भारत का स्कोर 36 रन बिना किसी नुकसान के था। पांचवें ओवर में कमलिनी आठ रन बनाकर आउट हो गईं जब उन्होंने कायला की गेंद को बाउंड्री के पार भेजने की कोशिश की, लेकिन लॉन्ग-ऑन पर कैच दे बैठीं। इसके बाद सानिका ने कवर और मिड-ऑफ के बीच शानदार चौका लगाया, जबकि तृषा ने डीप मिडविकेट और लॉन्ग-ऑन के बीच खूबसूरत शॉट खेलकर चार और रन लिए। सानिका ने एश्ली वान विक के ऊपर से चौका लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। फिर दोनों बल्लेबाजों ने स्ट्राइक को अच्छी तरह से रोटेट किया। सानिका ने जेम्मा बोथा की गेंद को बाउंड्री पार भेजा, फिर तृषा ने जेम्मा की गेंद को विकेटकीपर के पास से चौका लगाया।



## नारी शक्ति पर हमें बहुत गर्व है' : प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने अंडर-19 विश्व कप जीतने पर टीम इंडिया की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महिला अंडर-19 विश्व कप 2025 में टीम इंडिया की जीत की सराहना की और कहा कि यह जीत बेहतरीन टीम वर्क, दृढ़ संकल्प और धैर्य का परिणाम है। भारत ने रविवार को बेयूमास ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 विकेट से जीत के साथ अंडर-19 टी20 विश्व कप खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर बात करते हुए टीम इंडिया को उनकी जीत के लिए बधाई दी और कहा कि उन्हें नारी शक्ति पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं भी भेजीं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हमारी नारी शक्ति पर बहुत गर्व है! क्क्उ अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 में विजयी होने के लिए भारतीय टीम को बधाई। यह जीत हमारी बेहतरीन टीमवर्क के साथ-साथ दृढ़ संकल्प और धैर्य का परिणाम है। यह कई उभरते एथलीटों को प्रेरित करेगी। टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' गत चैंपियन ने लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लिए एक ऑलराउंड प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका को 82 के मामूली स्कोर पर रोककर एक मजबूत नींव रखी। जवाब में भारत के शीर्ष क्रम ने पहले दो ओवरों में बिना कोई विकेट खोए 18 रन बनाने के बावजूद आक्रामक रुख अपनाया। पावरप्ले के अंतिम ओवर में जी कमालिन को खोने के बाद भी भारत ने गति को ऊंचा रखा।

## दुबई में हमारा मिशन सिर्फ एक मैच नहीं, बल्कि चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है : गंभीर



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में शुरू होने में मात्र 17 दिन शेष हैं। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि उनकी टीम प्रतियोगिता में प्रत्येक मैच जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, न कि केवल चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में जीत हासिल करने पर। 2002 और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम 23 फरवरी को दुबई में पाकिस्तान से भिड़ेगी। मुंबई में बीसीसीआई के वार्षिक पुरस्कार समारोह के अवसर पर गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हम चैंपियंस ट्रॉफी में यह सोचकर नहीं जाते कि 23 तारीख का मैच हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि पांच मैच, सभी मैच महत्वपूर्ण हैं। दुबई जाने का मिशन चैंपियंस ट्रॉफी जीतना है, न कि केवल एक विशेष मैच जीतना। उन्होंने कहा, लेकिन हां, यदि यह चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बीच का एक मैच है, तो हम इसे यथासंभव गंभीरता से लेने का प्रयास करेंगे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब दो देश, भारत और पाकिस्तान, एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं, तो जाहिर है कि भावनाएं बहुत अधिक होती हैं, लेकिन अंत में यह एक मुकाबला ही रहता है। भारत को 20 फरवरी और 2 मार्च को दुबई में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भिड़ना है। यह मैच आठ टीमों के टूनामेंट के नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए जीतने बहुत महत्वपूर्ण हैं। गंभीर ने यह भी महसूस किया कि एकदिवसीय विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान गलती की बहुत कम गुंजाइश होती है। गंभीर ने कहा, 50 ओवर के विश्व कप की तुलना में चैंपियंस ट्रॉफी एक पूरी तरह से अलग चुनौती है क्योंकि हर खेल सचमुच निर्णायक होता है।

## लीजेंड 90 लीग के पहले मैच में रैना और धवन के बीच होगा मुकाबला



**रायपुर (आईएएनएस)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन 6 फरवरी को रायपुर में होने वाले लीजेंड 90 लीग के ब्लॉकबस्टर ओपनिंग मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच आमने-सामने होंगे।

ओपनिंग मैच में एक रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है, क्योंकि अनुभवी सितारे अपनी ऑन-फील्ड प्रतिद्वंद्विता को फिर से जगाने के लिए एक साथ आएंगे। इस मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुरेश रैना और शिखर धवन आमने-सामने होंगे, जो एक एक्शन से भरपूर टूनार्मेंट की शुरूआत होगी। ओपनर के बाद, राजस्थान किंग्स 7 फरवरी को दूसरे मैच में दुबई जायंट्स से भिड़ेगी, जबकि उसी दिन बाद में गुजरात सैम्प आर्मी का सामना बिग बॉयज से होगा। इस सप्ताहांत में दिल्ली रॉयल्स, राजस्थान किंग्स, छत्तीसगढ़ वॉरियर्स, दुबई जायंट्स, बिग बॉयज और गुजरात सैम्प आर्मी जैसी टीमें वर्चस्व के लिए भिड़ेंगी। इस बीच, हरियाणा ग्लेडिएटर्स 11 फरवरी को दुबई जायंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे।

## जेनेलिया देशमुख ने शेयर किए पुणे यूनाइटेड टीम की जीत के पल

**मुंबई(आईएएनएस)।** अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख वर्ल्ड पिकलबॉल लीग के नए सीजन में अपनी टीम पुणे यूनाइटेड की जीत का जश्न मनाती नजर आईं। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर जीत के पलों को शेयर करते हुए प्रशंसकों को झलक दिखाई। अभिनेत्री कभी मजेदार तो कभी काम से जुड़े पोस्ट के साथ सोशल मीडिया पर खासा उपस्थिति दर्ज कराती हैं। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज के सेक्शन पर तस्वीरों के साथ कुछ वीडियो को भी शेयर किया, जिसमें वह फैमिली के साथ जीत के पलों का लुत्फ उठाती नजर आईं। जेनेलिया और उनके पति रितेश देशमुख टीम के सह-मालिक हैं। पुणे यूनाइटेड ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फाइनल की एक तस्वीर शेयर की। टीम ने बड़ी जीत के पीछे टीम की मेहनत और आत्मविश्वास को श्रेय देते हुए बताया कि टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, यही काफी है। कैप्शन में लिखा, सबसे मुश्किल और खास समय में इस टीम ने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया है। जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया और जीत हासिल की।



## सरकार ने आदिवासी कल्याण योजनाओं का बजट 46 प्रतिशत बढ़ाया



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने अनुसूचित आदिवासियों के विकास के लिए कुल बजट आवंटन वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 45.79 प्रतिशत बढ़कर 14,925.81 करोड़ रुपये कर दिया है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये था। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना का विस्तार किया गया है और इसे पांच वर्षों में 80,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) के तहत शामिल किया गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट परिव्यय में लगातार वृद्धि देखी गई है, जो 2023-24 में 7,511.64 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये हो गया है और अब 2025-26 में 14,925.81 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट 2014-15 में 4,497.96 करोड़ रुपये था और मौजूदा बजट आवंटन 2014-15 के बजट से 231.83 प्रतिशत अधिक है, जो आदिवासी कल्याण पर सरकार के निरंतर फोकस को दशार्ता है। दूरदराज के क्षेत्रों में आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का परिव्यय पिछले साल के 4,748 करोड़ रुपये से लगभग दोगुना होकर 7,088.60 करोड़ रुपये हो गया है।

1. 2025-26 के लिए 45.79 प्रतिशत बढ़कर 14,925.81 करोड़ रुपये कर दिया है
2. पांच वर्षों में 80,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शामिल किया गया है।
3. वित्त वर्ष 2024-25 में 10,237.33 करोड़ रुपये था।

# बजट से बढ़ेगी खपत, आर्थिक विकास को मिलेगा सहारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आम बजट 2025-26 से देश में खपत बढ़ेगी। इससे देश की आर्थिक गति को भी सहारा मिलेगा। यह जानकारी रविवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में दी गई।

असित सी मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड की रिपोर्ट में बताया गया कि सरकार के द्वारा इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ाए जाने के कारण मध्यम वर्ग के हाथ में अधिक पैसा बचेगा और पूंजीगत व्यय को जारी रखने से समग्र सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और उसके बाद निजी निवेश में और वृद्धि होगी। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि सरकार ने समावेशी विकास के लिए नीति या बजटीय उपायों के माध्यम से सभी क्षेत्रों को आवंटन दिया है। सुधारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण राजकोषीय समेकन के लिए प्रतिबद्ध रहीं, उन्होंने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.4 प्रतिशत निर्धारित किया, जो कि वित्त वर्ष 2024-25 में 4.8 प्रतिशत है। रिपोर्ट में बताया गया कि बजट का लक्ष्य निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुधारों को जारी रखना है। यह रोजगार के अवसर पैदा करने, खपत को पुनर्जीवित करने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक समग्र सकारात्मक तस्वीर दिखाता है।

भारतीय अर्थव्यवस्था प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है।



### वित्त मंत्री ने पेश किया संतुलित बजट, देश की अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार: हर्ष भुटा

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया आम बजट 2025 राजकोषीय अनुशासन को बनाए रखते हुए विकास को बढ़ावा देने वाला एक संतुलित बजट है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन,, सस्टेनेबल एनर्जी और टैक्स नीतियों के सरलीकरण पर सरकार का फोकस सराहनीय है। यह बयान रविवार को भुटा शाह एंड कंपनी एलएलपी में पार्टनर हर्ष भुटा ने दिया। भुटा ने कहा कि बजट में एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी आधारित सेक्टरों पर खास फोकस किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिन्यूएबल एनर्जी से रोजगार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय बजट 2025-26 आर्थिक विकास में तेजी लाने, समावेशी विकास करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावना को ऊपर उठाने और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने की सरकार की प्रतिबद्धता पर आधारित है। रिपोर्ट में बताया गया कि इस बजट में छह अहम क्षेत्रों में सुधार की नींव रखी है, जिसमें कराधान, ऊर्जा, शहरी विकास, खनन, फाइनेंशियल सेक्टर और रेगुरेटरी सुधार शामिल है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि अगले पांच वर्षों में इन सुधारों से देश की प्रतिस्पार्धात्मक क्षमता वैश्विक स्तर पर बढ़ेगी। देश विकसित भारत के लक्ष्य के और निकट पहुंच पाएगा। बजट 2025-26 में अनुपालन को सरल बनाने, आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने और राजकोषीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दूरगामी कर सुधार पेश किए गए हैं।

## भारतीय स्टार्टअप्स ने इस हफ्ते जुटाए 240.85 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** 30 भारतीय स्टार्टअप इस हफ्ते 240.85 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाने में कामयाब रहे हैं। इसमें से पांच ग्रोथ स्टेज और 20 अर्ली-स्टेज राउंड्स की फंडिंग है। हफ्ते के दौरान 12 डील्स के साथ बेंगलुरु स्टार्टअप फंडिंग में शीर्ष पर था। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई और पटना का स्थान रहा। एनट्रैकर रिपोर्ट में कहा गया कि सभी सेक्टर्स में ई-कॉमर्स स्टार्टअप को सबसे अधिक निवेश मिला और करीब पांच सौदे किए। इसके बाद एसएएएस (सॉफ्टवेयर एस ए सर्विस) और फिनटेक स्टार्टअप का स्थान रहा। इन दोनों सेक्टरों में तीन-तीन डील हुईं। इसके अलावा फूडटेक, हेल्थकेयर और मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में भी निवेश आया है। ग्रोथ-स्टेज कैटेगरी में ऐडटेक स्टार्टअप लीप ने ऐपिस पार्टनर्स के नेतृत्व में सीरीज ई के तहत 65 मिलियन का फंड जुटाया है। बी2बी सीफूड स्टार्टअप कैप्टन फ्रैश ने 30 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। एसएएएस आई मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म सुपरऑप्स ने 25 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है। 20 अर्ली-स्टेज स्टार्टअप्स ने संयुक्त तौर पर 107.15 मिलियन डॉलर की फंडिंग जुटाई है। बी2बी एसएएएस स्टार्टअप एटॉमिकवर्क ने 25 मिलियन डॉलर की राशि सीरीज ए राउंड में जुटाई है। इसके बाद को-वर्किंग फर्म इनोव8, सीनियर सिटिजन -केंद्रित स्वास्थ्य सेवा प्रदाता गेरी केयर, टेलीकॉम कंपनी एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज और मोबिलिटी स्टार्टअप वोल्टअप ने फंड जुटाया है।

## सराफा बाजार में सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली(हि.स.)।** सराफा बाजार में सोने के भाव में तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट आई है। देश के ज्यादातर सराफा बाजार में आज सोने की कीमत मे 140 से 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 84,490 रुपये से लेकर 84,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 77,450 रुपये से लेकर 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी की कीमत में गिरावट आने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 84,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 77,600 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# खरौंधी में सरस्वती पूजा की धूम, डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध

**नवीन मेल संवाददाता**



**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड में सरस्वती पूजा समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। सोमवार को आयोजित होने वाले इस पर्व को लेकर पूजा समितियों और स्कूलों के विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। पूजा समितियाँ पूरे उत्साह से पंडाल निर्माण, मूर्ति स्थापना और सजावट का कार्य कर रही हैं। स्कूलों के विद्यार्थी भी देवी सरस्वती की आराधना के लिए विशेष रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस बीच, खरौंधी थाना प्रभारी ने सरस्वती पूजा समारोह के दौरान डीजे बजाने पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। इसे लेकर प्रशासन द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड के गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों और पूजा समितियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सभी से अनुरोध किया गया कि वे शांतिपूर्ण और मर्यादित तरीके से पूजा समारोह का आयोजन करें, जिससे क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे। पुलिस प्रशासन ने साफ किया कि डीजे बजाने पर रोक का मकसद लोगों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाना और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

शांति समिति की बैठक में यह भी कहा गया कि तेज आवाज से स्कूलों, अस्पतालों और वृद्धजनों को समस्या होती है, इसलिए सभी पूजा समितियाँ प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। पूजा को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वे माँ सरस्वती की भव्य प्रतिमा की स्थापना और उनकी आराधना के लिए तैयारियों में जुटे हैं। विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भजन, नृत्य और भाषण प्रतियोगिताएँ शामिल होंगी। पूजा समिति के सदस्यों का कहना है कि इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से भव्य और आकर्षक बनाया जाएगा।

मूर्ति निर्माण का कार्य अंतिम चरण में है और पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। सरस्वती पूजा को लेकर पूरे प्रखंड में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे डीजे बजाने की मनाही के आदेश का पालन करें और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचें। पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है, ताकि सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हो सके।

## लगातार हाथी का उत्पात जारी, चार दीवारी को तोड़ा

# एक व्यक्ति को सूंड से पटकर किया घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे इन दिनों हाथी का आतंक चरम सीमा पर है। लगातार उत्पात मचाते हुए क्षति कर रहा है। जिससे ग्रामीणों मे भय व्याप्त है। बिते रात साल्वे पंचायत के जबरा ग्राम मे सिधेश्वर मिस्त्री पिता बालो मिस्त्री का चार दीवारी तोड़फोड़ कर दरवाजा को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया वहीं लगभग 5 क्विंटल आलू खाकर तीतर बितर कर दिया जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। वहीं जबरा निवासी गणेश भुइयाँ का भी आलू फ़सल खाकर चट कर दिया। विश्रामपुर स्थित जंगल किनारे उगन भुइयाँ का घर को ध्वस्त कर दिया। लगातार हाथि द्वारा उत्पात किया जा रहा है और आमजनो का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इधर फूलसु पंचायत के उत्क्रमित विद्यालय मतकोमा में भी दरवाजा खिड़की तोड़कर चावल खाकर बर्वाद कर दिया हालांकि इसकी सूचना शिक्षक विजय कुमार राम ने सम्बंधित विभाग को दे दिया है। कान से कम सुनने वाला किसान कर रहा था सरसों का पटवन, दो हाथी पहुँच कर अपने सूंड मे लपेट कर दूर फेका,हुआ घायल सालवे ग्राम निवासी गोपाल गंझु पिता स्व रति गंझु ने शाम को जंगली हाथियों के चंगुल से बाल बाल बचे। गोपाल गंझु साम लगभग साढे छः बजे अपने खेत मे सरसो के फसल में पटवन कर रहे थे। इसी बिच उधर से गुजर रहे दो हाथियों की नजर उस पर पड़ी। और उसके पास जाकर उसे सुढ में उठा कर सरसो के खेत में ही फेक दिया। गोपाल गंझु को कम सुनाई पड़ता है इस कारण हाथियों के आने का आहट भी महसूस नही हुआ था। मौजूद ग्रामीणों ने भारी मसकत से हाथियो को भगाया। वहां से हाथियो के गुजर जाने के बाद परिजनों के सहयोग से उसे बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालुमाथ ले जाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### बंशीपुर में बना अवैध जानलेवा स्पीड ब्रेकर, हादसों का बढ़ा खतरा



**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय से दक्षिण हैदरनगर-पतरिया मुख्य पथ के बीच मार्ग में बंशीपुर टोला पर अवैध रुप में जानलेवा स्पीड ब्रेकर बनाए जाने से हादसों को आशंका प्रबल हो गई है। इससे छोटे बड़े वाहनों के सुलभ यातायात की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता नजर आता है। साथ ही पैदल राहगीरों को भी शाम ढलते ही इस पथ से गुजरने में परेशानी है। इन अवैध स्पीड ब्रेकरों की वजह से वाहन चालकों को अचानक ब्रेक लगाना विवशता होती है। समाजसेवी अंकू सिंह राणा, अरुण कुमार मेहता, मनोज सिंह आदि ने कहा कि। प्रशासन को इस गंभीर मुद्दे का तुरंत संज्ञान लेकर इन अवैध स्पीड ब्रेकरों को हटाना चाहिए। सड़क सुरक्षा के लिए भी यह कदम अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा में सभी वर्ग के लोगों की जिम्मेदारी है।

### अवधि विस्तार नहीं होने से महुआडांड़ समेत कई वन क्षेत्र हुए रेंजर विहीन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ एवं गारू प्रखंड एवं आसपास के वन क्षेत्र की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। एक ओर जहां वन विभाग में कर्मियों एवं पदाधिकारी की कमी है, हाल ही में रेंजर एवं एसीएफ का अवधि विस्तार किया जाना था। जो कि नहीं किया गया जिसके कारण कई वन क्षेत्र रेंजर विहीन हो चुके हैं। जिससे वनों एवं वन्य जीवों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। विभाग में 3 साल के लिए रेंजर एवं एसीएफ का अवधि विस्तार किया जाना था। जो प्रत्येक वर्ष एक-एक साल के लिए अवधि विस्तार करना था। वर्ष 2024 में सेवानिवृत होने वाले रेंजर एवं एसीएफ का अवधि विस्तार किया गया था लेकिन वर्ष 2025 में अवधि विस्तार नहीं किया गया है जिससे महुआडांड़ अनुमंडल क्षेत्र के तीन प्रमुख पीटीआर महुआडांड़ बारेसाढ़ एवं गारू पश्चिम के रेंजर तरुण सिंह सेवानिवृत हो चुके हैं। लेकिन इन वन क्षेत्र में किसी भी नए रेंजर की नियुक्ति नहीं की गई है। गर्मियों में विशेष रूप से जंगलों की सुरक्षा का दायित्व बढ़ जाता है ऐसे में अधिकारियों की अनुपस्थिति में वनों के दोहन का खतरा और भी ज्यादा बढ़ गया है।

### बिजली विभाग के एल्युमीनियम के तारों की चोरी के आरोप में दो आरोपी गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस ने बीती रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर बिजली विभाग के एल्यूमिनियम तार चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक मारुति वैन और एक बाइक भी जब्त की है।



आरोपियों को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया गया। घटना के अनुसार, आरोपी बिजली विभाग का तार कैलान जंगल से चोरी कर बेचने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने समय रहते छापेमारी कर तार और गाड़ी को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशिक अंसारी (पिता रोज मोहम्मद अंसारी) और शेखावत अंसारी (पिता कलामुद्दीन अंसारी) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसाली गांव के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। चोरी के तार और जब्त वाहनों को साक्ष्य के तौर पर रखा गया है। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### भवनाथपुर ने कांडी को 72 रनों से हराकर फाइनल मुकाबला जीता



**केतार।** प्रखंड के परसोडीह उच्च विद्यालय के ग्राउंड में आयोजित शहीद नीलांबर-पितांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भवनाथपुर ने कांडी टीम को हराकर फाइनल मुकाबला जीत लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भवनाथपुर टीम ने बल्लेबाज गोलू के अर्धशतकिय पारी 70 रन के बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 182 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी कांडी टीम ने 15.5 गेंद में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह भवनाथपुर ने मैच 72 रनों से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का भवनाथपुर टीम के गोलू कुमार को और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भवनाथपुर टीम के कप्तान अर्पित सिंह को मिला। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली और उद्घाटनकर्ता पुर्व मुखिया अनील पासवान के द्वारा विजेता टीम को 25 हजार रुपए और ट्राफी और उपविजेता टीम को 20 हजार रुपए और ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुर्व मुखिया अनील पासवान ने कहा की इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा दिखाने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन हर वर्ष कराया जाता है ताकि इस क्षेत्र के खिलाड़ी में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। वहीं विकास माली ने सूदूरवर्ती क्षेत्र में इस तरह का क्रिकेट मैच का आयोजन ककी प्रशंसा करते हुए कहा की छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए टूर्नामेंट बेहतर विकल्प। है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को किसी भी तरह का सहयोग या समाग्री की आवश्यकता पड़े तो कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी हमेशा तैयार रहेगा। ताकि वो आगे चलकर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल सकें। इस मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह, सोनू सिंह, मुखिया मुंगा साह, नागेन्द्र ठाकुर, दिपक सिंह, अध्यक्ष संजय वर्मा, सतेन्द्र गुप्ता,देव कुमार ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## कोल वाहनों के ग्रामीण सड़क से परिचालन का विरोध

# रोके गए वाहन, विभाग मौन हादसों का जिम्मेवार कौन

**नवीन मेल संवाददाता**



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** परिवहन विभाग के लापरवाही का ऐसा असर चतरा जिले में है, की कोल वाहन बिंदास रात में नहीं दिन के उजाले में भी अब पत्थलगड़ा, गिद्धौर और सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्रामीण सड़कों से परिचालन होने लगा है। जिसका विरोध करते हुवे सालिमपुर और नवाडीह के ग्रामीणों ने वाहनों को रोक दिया और परिचालन का विरोध किया। लोगों का कहना है कि अब कोल वाहन गिद्धौर थाना क्षेत्र के सालिमपुर से पत्थलगड़ा के नवाडीह होते सिमरिया जाने लगे हैं। दूसरी ओर भारी कोल वाहन हाइवा के परिचालन पर विभाग ने चुप्पी साधी तो नावाडीह में ग्रामीणों ने आगे आकर रोक लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि सालिमपुर-सिमरिया भाया नावाडीह रोड पर एक दर्जन से अधिक गांव है और सड़क भी कई गांवों के बीच से गुजरा है। इसके बावजूद प्रति दिन इस रूट से लगभग 50 हाइवा सुबह के समय गुजरता है। जिससे ग्रामीणों के साथ स्कूली बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि इधर से कोल हाइवा वाहनों का रूट नहीं है, इसके बावजूद जोर जबरदस्ती कोल वाहन गुजरते हैं। इसके बावजूद इस मामले पर परिवहन व संबंधित विभाग द्वारा किसी प्रकार से कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। वहीं उपरोक्त वाहन सरस्वती पूजा को लेकर लगाए गए लाइट को तोड़फोड़ कर चले जाते हैं। ग्रामीणों ने सरकार से इस मामले पर संज्ञान लेते हुए उक्त सड़क से कोल वाहन के परिचालन पर रोक लगाने व संबंधित जिम्मेवारों के विरुद्ध करवाई की मांग की है। परिवहन विभाग के लापरवाही का नतीजा है कि आए दिन सड़क हादसे में लोग बे मौत मारे जा रहे हैं।

### बलिगढ़ पंचायत में मनरेगा दिवस का हुआ आयोजन

**केतार।** प्रखंड के बलीगढ़ पंचायत सचिवालय के प्रांगण में रविवार को मनरेगा योजना अन्तर्गर विशेष रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति ने कहा कि मनरेगा योजना से जुड़कर आप खुद को रोजगार ले सकते है। मनरेगा से जोड़ने के लिए जॉब कार्ड की जरूरत पड़ती है जिससे साप्ताहिक मजदूरी कर सीधे खाते में मजदुरी की राशि सरकार भेजती है। इतना ही नही गांव स्तर पर समूह की महिलाएं दीदी बाड़ी योजना कर किसान अपने खेतों में मेड़बन्दी, डोभा, तालाब तथा अंबागवानी योजना से जुड़कर अच्छी कार्य कर सकते है। इस रोजगार दिवस के मौके पर अपने पंचायत के मनोज गुप्ता, नवीन कुंमार, सर्वेश कुमार यादव, गीता देवी को जॉब कार्ड दिया गया साथ अबुआ आवास लाभुकों को मनरेगा से मिलने वाला, मजदूरी का मास्टर रॉल दिया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता, रमेश राम, मनोज कुंमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधी हथियार समेत हुए गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** लातेहार पुलिस ने राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधियों को हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अमन साहू गिरोह के सदस्य एवं राहुल सिंह गिरोह के कुछ लोग बालूमाथ के जोगियाडीह स्थित बिरसा मैदान के पास राहुल सिंह के इशारे पर कोयला कारोबारी सह भाजपा नेता मुकेश सिंह के आवास पर फायरिंग कर तथा मुकेश सिंह को जान मारने की योजना बना रहे है ।और हथियार के साथ एकत्रित हुए हैं। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी टीम द्वारा राहुल सिंह गिरोह के पांच अपराधियों को हथियार के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। अपराधियों द्वारा पूछताछ के क्रम में बताया गया कि वे सभी अमन साहू गिरोह के सदस्य हैं एवं राहुल सिंह के निर्देश पर अपराधी घटना को अंजाम देते हैं। तथा गिरोह के नाम पर रंगदारी वसूलने का काम करते हैं। इससे पूर्व भी मुकेश सिंह के घर में दो बार गोलीबारी की घटना को अंजाम दिए चुके हैं । वहीं चंदवा थाना अंतर्गत चिरु ग्राम स्थित एक ईंट भट्टा में फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिए थे। गिरफ्तार अपराधियों में वीरेंद्र गंझु, मुन्ना गंझु, उमेश गंझु सभी ग्राम चेटर थाना चंदवा निवासी वही दिलीप उरांव हेरहंज थाना निवासी एवं विकास साव ग्राम बारीखाप थाना बरियातू निवासी शामिल है। वहीं गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7.65 एमएम का एक देसी पिस्टल, 7.65एमएम का 11 जिंदा कारतूस, 7.65 एमएम का देसी पिस्टल का तीन मैगजीन, दो देसी कट्टा, दो देसी कट्टा का जिंदा गोली एवं सात मोबाइल फोन और दो पल्सर मोटरसाइकिल भी बरामद हुआ है। वही इस छापेमारी दल में बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विनोद रवानी, बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ, बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बरियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, विनय कुमार समेत कई लोग शामिल थे वहीं गिरफ्तार अपराधियों में उमेश गंझु पिता पतलू गंजू चंदवा निवासी के ऊपर चंदवा थाना में वर्ष 2024 में कांड संख्या 82/24 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।

## पीएमश्री रा. उर्दू मध्य विद्यालय हुसैनाबाद का हाल बेहाल

# स्कूल परिसर में घुसा नाली का पानी दुर्गंध से छात्र और शिक्षक परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत द्वारा ऐसा नाली बनाया जा रहा है ,जो थोड़ी भी नाली जाम हो तो पानी नाली का रास्ता भूल कर अंदर ही अंदर से रिसाव होकर स्कूल परिसर पूरी तरह घुस जा रहा है। यह मामला है शहर के हुसैनाबाद थाना के सामने पीएम श्री राजकीय कृत उर्दू मध्य विद्यालय का है, जिसका नाली का गंदी पानी व बदबु से हाल बेहाल है, स्कूली बच्चे नाली की गंदी पानी मे ईंट रखकर जाते दिख रहे है, सड़क किनारे नाली पूरी तरफ जाम है ।इससे पता चलता है कि नगर पंचायत द्वारा सफाई कितनी अच्छी से की जाती होगी, जिससे पानी स्कूल परिसर मे जा घुसा, सोशल मीडिया में आने के बाद नाली की तत्काल सफाई की गई। बताया जाता है कि इस विद्यालय में प्रत्येक शनिवार को रेल प्रोजेक्ट के अनुसार 1 से 8 तक के विद्यार्थियों का विद्यालय में परीक्षा होता है, नाली के गंदे पानी व दुर्गंध से स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार के बीमारियां भी हो सकती है। लेकिन यहां के नगर पंचायत के पदाधिकारी और कर्मियों को इससे क्या लेना देना, अगर होता तो नालियां साफ होती , आगे उच्च पदाधिकारी इस पर संज्ञान ले तो पूर्ण रूप से शायद इन समस्याओं का समाधान हो सकता है। वैसे हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों की स्थिति ऐसी है कि यहां अन उपयोगी योजनाओं का चयन कर सरकारी राशि की बंदरबांट करने का खेल चल रहा है। योजनाओं का लाभ आमजनों को भले नहीं मिले,परंतु कमीशन से पदाधिकारी को मतलब है। इनपर शिकंजा कसने वाला कोई नहीं है। सब जानते हुए भी विधायक चुप्पी साधे हुए है। जबकि वार्ड नंबर दो व तीन में सड़क व नाली का मामला अधर मे हैं।

## घर में लगी आग, एक लाख का नुकसान

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के सांसग पंचायत के तूरी टोला ग्राम में शनिवार की रात हरिमन तूरी के खपरैल में अचानक आग लग गयी। श्री तूरी ने आशंका व्यक्त की कि किसी ने उनके घर में जानबूझ कर आग लगायी है।इस अगलगी में हरिमन तूरी के खपरैल मकान का एक हिस्सा पूरी तरह जल गया। उन्होने बताया कि इस अगलगी में तकरीबन एक लाख रूपये का नुकसान हुआ है। तूरी ने बताया कि घर के लोग खाना खा कर सोये थे।इसी दौरान रात के तरकरीबन 11:30 बजे घर से धुंआ निकलने लगा और देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गया। इसके बाद उन्होने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुन कर आसपास के लोग जमा हो गये।इस आग में उसके पिता फंस गये थे, लोगों की मदद से उन्हें घर से निकाला गया। उन्हें हल्की चोट भी लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता को जान मारने की नीयत से आग लगायी गयी है। कहा कि अगर समय रहते उन्हे नहीं निकाला जाता तो कुछ भी अनहोनी हो जाती।

## पेज एक के शेष

### कल से दो...

मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से बचने की सलाह दी है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, राज्य में फिलहाल हल्की ठंड रहेगी। इसलिए लोगों को ठंड बचकर रहने की जरूरत है। 04 और 05 फरवरी को कई जिलों में आंशिक बदल छाये रहेंगे। इसके बाद तापमान में 1-2 डिग्री का उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा।

### हमें आंदोलनकारियों और...

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहीदों और उनके आश्रितों को सम्मान के साथ हक-अधिकार दे रही है। सीएम ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए हमें लंबा संघर्ष करना पड़ा। दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में आदिवासियों ने लगभग 40-50 वर्षों तक संघर्ष और लड़ाई लड़ी, तब जाकर झारखंड के रूप में अलग राज्य मिला। लगभग 18-20 वर्षों तक जिन्होंने यहां शासन किया, उन्हें राज्य के विकास तथा आदिवासियों की चिंता नहीं की। लेकिन, जिस तरह हमने लड़कर झारखंड लिया, उसी तरह लड़कर हक और अधिकार भी लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के खनिज संसाधनों से देश का खजाना भर रहा है। यहां के खनिज से पूरा देश रोशन हो रहा है। लेकिन, आज भी यह राज्य देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। इसकी वजह यह है कि अलग राज्य बनने के बाद भी विकास पर ध्यान नहीं दिया गया। पर, जब से हमारी सरकार है, इस राज्य को आगे ले जाने का प्रयास निरंतर जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस बात पर जोर दिया कि गरीबों को सिर्फ मदद की ही नहीं जरूरत है, बल्कि उन्हें उनके पैरों पर खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूती देना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा, अब किसी गरीब को अपने इलाज या अन्य जरूरत के लिए सरकार से मिल रहे अनाज और बच्चों को मिली साइकिल बेचने की नौबत नहीं आएगी। हमारी सरकार ने हर गरीब परिवार को ऐसी ताकत दी है कि उन्हें सरकार से मिलने वाले अनाज या किसी अन्य सामान को बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उनकी हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम के माध्यम से लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान करने का कार्य किया गया है। यह सिलसिला ना रुका है और न रुकेगा। यह अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार एक ऐसी व्यवस्था खड़ा कर रही है, जहां आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर जिला और ब्लॉक प्रशासन की टीम पहुंचेगी। आपको ब्लॉक और जिला कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक निरल पूर्ति, विधायक सोनाराम सिंकू, विधायक जगत मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरीन, प्रमंडलीय आयुक्त हरि प्रसाद केशरी तथा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### सीएम सोरेन झामुमो...

हर साल की भांति पार्टी अध्यक्ष आने वाले साल को लेकर 47वां ध्वजारोहण किया। स्थापना दिवस समारोह में नेताओं ने राज्य की समस्या एवं समाधान पर चर्चा की। केंद्र एवं राज्य सरकार की कार्यशैली पर चर्चा की। राज्य के आगामी विकास की रणनीति पर चर्चा हुई। स्थापना दिवस समारोह को लेकर उपराजधानी दुमका पूरी तरह सजा हुआ था, खूबसूरत लाइट सज्जा की गई थी। पार्टी के झंडे से शहर पटा हुआ था। शहीदों एवं महापुरुषों के नाम से तोरण द्वार बनाया गया था। स्थापना दिवस की सालगिरह के अनुसार इस बार 46 तोरण द्वार बनाए गए थे। सरकारी कार्यालय भवन समेत जिले के विभिन्न मार्गों पर पार्टी के नेताओं के बड़े-बड़े होर्डिंग लगे हुए थे। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं मंईयां सम्मान योजना, 200 यूनिट बिजली फ्री आदि योजनाओं के बैनर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया था। कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। इस बीच कई सांस्कृतिक कार्यक्रम की झलक दिखी। कार्यक्रम का संचालन पार्टी प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी ने किया।

### चतरा में एनआईए...

इस बीच, परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। टंडवा थाने की पुलिस ने तुरंत पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया, तो पहाड़ी के पास विष्णु साव का शव बरामद हुआ। उसकी हत्या गोली मारकर और धारदार हथियार से की गई थी। एनआईए के गवाह विष्णु साव की हत्या की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सिमरिया के भाजपा विधायक उज्ज्वल दास ने कहा है कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस सरकारी एजेंसी एनआईए के गवाह को भी सुरक्षा देने में नाकाम रही है।

### नैक ग्रेडिंग को...

इसके पहले वे नैक के चेयरमैन रह चुके हैं। वहां से सेवानिवृत्त होने के बाद वे आरसीयू के वीसी बनाए गए थे। जानकारी के अनुसार, जिस समय एसएन साहा नैक के चेयरमैन थे, उस समय ग्रेडिंग देने में भारी अनियमितता बरती गई थी। उसी सिलसिले में सीबीआई की जांच टीम पलामू के विश्रामपुर स्थित आरसीयू में आई थी। इसके अलावे, देशभर के 20 ठिकानों पर भी छापेमारी हुई है। आरसीयू के रजिस्ट्रार डॉ मंडल ने बताया कि सीबीआई की जांच टीम को एसएन साहा से जुड़ा कोई दस्तावेज यहां नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी मिलते ही एसएन साहा को वीसी के पद से हटाने की प्रकिया शुरू कर दी गई है, ताकि आरसीयू के इमेज पर कोई अंगुली नहीं उठा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जांच के दौरान एसएन साहा छुट्टी पर थे, उनकी गिरफ्तारी दिल्ली से हुई है।


## 15 फरवरी को दिखाया जाएगा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी रहेंगे मौजूद

# 'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' की संसद भवन में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**एजेंसी। मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम में एनिमेटेड फिल्म 'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' का जिक्र करने के बाद अब 15 फरवरी को संसद भवन में इसकी विशेष स्क्रीनिंग रखी गई है। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल होंगे। स्क्रीनिंग को एक महत्वपूर्ण अवसर के तौर पर देखा जा सकता है। इसमें फिल्म के सांस्कृतिक और कलात्मक महत्व के जश्न के साथ ही भारत और जापान के बीच मजबूत संबंधों का जश्न भी शामिल है। फिल्म की स्क्रीनिंग में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी शामिल होंगे। इसका उद्देश्य सभी पीढ़ियों के लोगों के बीच इस पौराणिक महाकाव्य की समझ विकसित करना है। यह रामायण के कालातीत मूल्यों को बढ़ावा देने का भी प्रयास करता है, जो भारतीय परंपरा और आध्यात्मिकता के मूल सिद्धांतों को दिखाता है। गीक पिक्चर्स के सह-संस्थापक अर्जुन अग्रवाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम भारतीय संसद के इस कदम से बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे काम को इतने प्रतिष्ठित स्तर पर मान्यता मिलना सौभाग्य की बात है। यह स्क्रीनिंग सिर्फ एक फिल्म का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत और रामायण की कालातीत कहानी का उत्सव है, जो हमें प्रेरित करने के साथ हमारा मार्गदर्शन भी करती है।

स्क्रीनिंग में संसद के दोनों सदनों के सदस्य और सांस्कृतिक क्षेत्रों से आमंत्रित मेहमान शामिल होंगे। कोइची सासाकी, राम मोहन और युगो साको ने फिल्म का निर्देशन किया है। 'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' का पहला प्रीमियर 1993 में हुआ था।




### फिल्म का हो चुका है टेलीविजन प्रसारण

फिल्म **'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम'** को 24वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (1993) में दिखाया गया था और इसका टेलीविजन प्रसारण भी हुआ था। हिंदी वॉयस कास्ट में राम के रूप में युद्धवीर दहिया, सीता के रूप में सोनल कौशल, लक्ष्मण के रूप में उपलक्ष कोचर और रावण के रूप में राजेश जॉली शामिल हैं। वहीं, मूल हिंदी डब में राम की आवाज अरुण गोविल, सीता की नम्रता साहनी, रावण की अमरीश पुरी और कथावाचक की आवाज शत्रुघ्न सिन्हा ने दी थी।

- **कोइची सासाकी, राम मोहन और युगो साको ने किया है फिल्म का निर्देशन**
- **रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' का पहला प्रीमियर 1993 में हुआ था।**

## इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका रवाना

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिकी दौरे के लिए रवाना हो गए हैं। उनकी मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होने की संभावना है। व्हाइट हाउस में दोबारा एंट्री के बाद ट्रंप की किसी विदेशी नेता के साथ यह पहली बैठक होगी। इजरायली मीडिया के मुताबिक वाशिंगटन के लिए उड़ान भरने के लिए 'विंग ऑफ जियोन' विमान में सवार होने से पहले, प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिकी राजधानी में उनकी बैठकों में 'इजरायल और क्षेत्र के सामने मौजूद महत्वपूर्ण, नाजुक मुद्दों पर चर्चा होगी। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद व्हाइट हाउस में उनसे मिलने वाले वह पहले विदेशी नेता हैं। उन्होंने कहा कि यह, 'इजरायली-अमेरिकी गठबंधन की मजबूती का प्रमाण है।



- **नेतन्याहू पहले विदेशी नेता, जो व्हाइट हाउस में ट्रंप से दूसरे कार्यकाल में करेंगे मुलाकात**

## बाबा बैद्यनाथ को तिलक चढ़ाकर बारात का आमंत्रण देने उनकी "ससुराल" से देवघर पहुंचे डेढ़ लाख श्रद्धालु



**देवघर।** 3 फरवरी को वसंत पंचमी पर जब पूरे देश में हर जगह देवी सरस्वती की पूजा-अर्चना होगी, तब झारखंड के देवघर में बाबा बैद्यनाथ का तिलक-अभिषेक करने के बाद लाखों लोग अबीर-गुलाल की मस्ती में सराबोर हो जाएंगे। देवघर में वसंत पंचमी के दो-तीन पहले से आस्था का जैसा सैलाब उमड़ता है, वह अपने आप में बेहद अनूठा है। इस बार यहां दो लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। इसे लेकर प्रशासन ने भी अपने स्तर पर व्यापक तैयारियां की हैं। वसंत पंचमी पर यहां सबसे ज्यादा श्रद्धालु बिहार-नेपाल के मिथिलांचल से पहुंचते हैं। वस्तुतः आस्था के इस सैलाब के पीछे वह लोकमान्यता है, जिसके अनुसार देवी पार्वती को पर्वतराज हिमालय की पुत्री और भगवान शंकर को मिथिला का दामाद माना जाता है। मिथिलांचल हिमालय की तराई में स्थित नेपाल से लेकर बिहार तक फैला है। शिवरात्रि पर शिव विवाह के उत्सव के पहले इन इलाकों के लाखों लोग वसंत पंचमी के दिन देवघर स्थित भगवान शंकर के अति प्राचीन ज्योर्तिलिंग पर जलार्पण करने और उनके तिलक का उत्सव मनाने पहुंचते हैं।

## वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंका बढ़ी

# ट्रंप 2.0 की टैरिफ बढ़ोतरी प्रभावी

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा, मेक्सिको और चीन से आयातित वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाने का फैसला किया है, जो शनिवार शाम से लागू हो गया। इस फैसले के साथ अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार युद्ध की शुरुआत हो गई है, जो आगे अन्य देशों तक भी फैल सकता है। कनाडा और मेक्सिको से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है। चीन से आयातित वस्तुओं पर 10 प्रतिशत शुल्क बढ़ाया गया है। हालांकि, कनाडा से आयातित तेल पर सिर्फ 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका में अवैध प्रवासियों और घातक नशे, खासतौर पर फेंटेनाइल (एक खतरनाक नशीला पदार्थ) की बढ़ती तस्करी राष्ट्रीय आपातकाल बन गई है। राष्ट्रपति ट्रंप मेक्सिको, कनाडा और चीन को अवैध आप्रवासन को रोकने और हमारे देश में जहरीली फेंटेनाइल और अन्य दवाओं के प्रवाह को रोकने के अपने वादों के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए यह कार्रवाई कर रहे हैं। यह शुरुआत भर है। ट्रंप सरकार जल्द ही कंप्यूटर चिप्स, फार्मास्यूटिकल्स, स्टील, एल्युमीनियम, तांबा, तेल और गैस के आयात पर भी नए शुल्क लगाने की योजना बना रही है। यूरोपीय देशों पर भी ऐसे ही शुल्क लगाए जा सकते हैं।

व्हाइट हाउस की फैक्ट शीट में कहा गया है, आदेश स्पष्ट करते हैं कि अवैध वितरण नेटवर्क के माध्यम से संयुक्त राज्य अमेरिका में फेंटेनाइल जैसी प्रतिबंधित दवाओं के प्रवाह ने सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट सहित एक राष्ट्रीय आपातकाल पैदा कर दिया है। व्हाइट हाउस का कहना है कि चीन अपराधी गिरोहों को खतरनाक रसायन बेचने और धनशोधन रोकने में असफल रहा है। वहीं, मेक्सिको सरकार पर आरोप लगाया है कि वह ड्रग माफियाओं के साथ मिली हुई है और उन्हें नशीले पदार्थ बनाने और अमेरिका में भेजने की छूट दे रही है। इन माफियाओं के कारण हजारों अमेरिकी नागरिकों की जान जा चुकी है। फैक्टशीट के मुताबिक, कनाडा में भी फेंटानाइल का उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों के व्यापार में शामिल होता जा रहा है। ट्रंप प्रशासन के इस कदम का असर अमेरिका और इन देशों के व्यापारिक रिश्तों पर भी पड़ सकता है।

### व्हाइट हाउस ने कहा, यह शुरुआत भर है



### ट्रंप के 'टैरिफ आदेश' पर चीन के कड़े तेवर, जानें क्या कहा?

**बीजिंग।** चीनी वस्तुओं पर टैरिफ लगाने के अमेरिकी आदेश को लेकर चीन ने तीखा विरोध दर्ज कराया है। रविवार को वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि चीन विश्व व्यापार संगठन में मुकदमा दायर करेगा और अपने हितों की रक्षा के लिए उचित जवाबी कदम उठाएगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने कहा, "अमेरिका की ओर से एकतरफा टैरिफ वृद्धि विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। यह कदम न केवल अमेरिका के अपने मुद्दों को हल करने में नाकाम है बल्कि चीन-अमेरिका के सामान्य आर्थिक और व्यापार सहयोग को भी बाधित करता है। चीन [अमेरिकी निर्णय] का कड़ा विरोध करता है और इससे बेहद असंतुष्ट है। बयान में कहा गया, "हमें उम्मीद है कि अमेरिका अन्य देशों के खिलाफ टैरिफ की धमकियों का सहारा लेने के बजाय फेंटेनाइल (घातक ड्रग्स) जैसे अपने घरेलू मुद्दों पर एक वस्तुपरक और तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाएगा। रविवार को एक बयान में, चीनी विदेश मंत्रालय ने फेंटेनाइल के अवैध उत्पादन को नियंत्रित करने के बीजिंग के प्रयासों का जिक किया।

### ट्रूडो बोले, हम पीछे नहीं हटेंगे



**ओटावा (आईएएनएस)।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने शनिवार को कहा कि उनका देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए अनेक अमेरिकी आयातों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। उन्होंने अमेरिकियों को चेतावनी दी कि ट्रंप के फैसले उनके लिए गंभीर परिणाम लेकर आएंगे। दुनिया की सबसे लंबी भूमि सीमा साझा करने वाले पुराने सहयोगी देशों के बीच संबंधों में आई गिरावट के बीच ट्रूडो ने कहा कि वे 155 बिलियन कनाडाई डॉलर (107 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के अमेरिकी सामानों पर टैरिफ लगा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कनाडाई पीएम ने कहा कि 30 बिलियन कनाडाई डॉलर के अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ मंगलवार से लागू होंगे, (उसी दिन ट्रंप के टैरिफ भी प्रभावी होंगे)।

*ट्रंप के 'टैरिफ आदेश' पर मेक्सिको का पलटवार, राष्ट्रपति शिनबाम ने कहा -*

### हम टकराव नहीं चाहते थे लेकिन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन के खिलाफ टैरिफ लगाने के लिए एक आदेश ने एक व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने शनिवार को अमेरिकी आयात पर जवाबी टैरिफ लगाने की बात कही। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर लिखे एक लंबे लेख में शीनबाम ने कहा कि उनकी सरकार अपने शीर्ष व्यापारिक साझेदार के साथ टकराव के बजाय बातचीत चाहती थी, लेकिन मेक्सिको को भी उसी तरह जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शीनबाम ने पोस्ट किया, मैंने अपने अर्थव्यवस्था मंत्री को प्लान 'बी' को लागू करने का निर्देश दिया है, जिस पर हम काम कर रहे हैं, जिसमें मेक्सिको के हितों की रक्षा के लिए टैरिफ और गैर-टैरिफ उपाय शामिल हैं।

# विश्व बोलंतू गुरु ट्रंप

## भाषण का ट्रांसक्रिप्ट तैयार करने में टाइपिस्ट भी थकने-ऊबने लगे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**नई दिल्ली।** न्यूज एजेंसी एपी के अनुसार ट्रंप सार्वजनिक भाषणों में इतना ज्यादा बोल रहे हैं कि उनके बयान को टाइप करने वाले टाइपिस्ट परेशान हो गए हैं। वेबसाइट 'फैक्टबे एसई' के अनुसार वर्ष 2021 में बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद पहले सप्ताह में कैमरे पर 24,259 शब्द बोले थे। इसमें उन्हें 2 घंटे 36 मिनट लगे थे। जबकि, इस बार ट्रंप ने 7 दिनों में 81,235 शब्द कहे हैं। इतने शब्द कहने में उन्हें 7 घंटे 44 मिनट लगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने जितने शब्द बोले, उतने 'मैकबेथ', 'हैमलेट' और 'रिचर्ड-3' जैसी 3 किताबों में भी नहीं हैं।

ट्रंप ने 8 साल पहले पहला कार्यभार संभाला था, तब उन्होंने पहले सप्ताह में 33,571 शब्द बोले थे। इतने शब्द बोलने में उन्हें 3 घंटे 41 मिनट लगे थे। यानी कि अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप बहुत ज्यादा बोल रहे हैं।

बीते 4 साल से कम बोलने वाले जो बाइडेन के बयान को लिखने की आदत बना चुके स्टेनोग्राफर ट्रंप के भाषण का ट्रांसक्रिप्ट करने में थकने व ऊबने लगे हैं। एपी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि काम के बढ़ते बोझ से निपटने के लिए व्हाइट हाउस और स्टेनोग्राफर भर्ती करने वाला है। इस टर्म में ट्रंप ने 20 जनवरी को शपथ ली। अपने संबोधन में उन्होंने 22 हजार से ज्यादा शब्द कहे। इसके 4 दिन बाद वे कैलिफोर्निया की आग से जूझ रहे इलाके का दौरा करने गए, तो उन्होंने 17 हजार से ज्यादा शब्द बोले।

हालत यह है कि ट्रंप के ज्यादा बोलने से टाइपिस्ट तो परेशान हैं ही, विरोधी भी परेशान हैं। अब तो उनके कुछ समर्थक ही उनको विश्व बोलंतू गुरु कहने लगे हैं। वैसे भी ट्रंप लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचने के लिए दशकों पहले से ही तरह-तरह के अजीब तरीके आजमाते रहे हैं। न्यूयॉर्क के बिजनेसमैन के रूप में उन्होंने अपने पक्ष में कहानियां लिखवाईं, जिनमें उनकी झूठी तारीफें होती थीं। उन्होंने अपनी इमारतों पर सोने की परत लगवाई, ताकि लोग उनके बारे में बात करें। उन्होंने बेचे जाने वाले हर प्रोडक्ट पर अपना नाम तक लिखवाया।

रिपब्लिकन पार्टी की नीतियां तैयार करने वाले केविन मैडेन कहते हैं- ट्रंप लगातार आने वाले समय की प्रोग्रामिंग करते रहते हैं और खुद को दर्शकों के साथ जोड़े रखने की कोशिश करते रहते हैं। शपथ ग्रहण के बाद ही यह दिखने लगा था। उन्होंने पहले एक लंबा उद्घाटन भाषण दिया और कुछ ही देर बाद वे अपने समर्थकों के पास एक मैदान में पहुंच गए और वहां भी भाषण दिया। इसके बाद वे ओवल ऑफिस गए और फिर वहां उन्होंने एक घंटे तक पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए।

बाइडेन के कम्युनिकेशन स्टाफ में काम करने वाली केट बर्नर ने कहा कि ट्रंप के लगातार बयान उनके विरोधियों को कन्फ्यूज कर देते हैं। वे इतना ज्यादा बोलते हैं कि उनके विरोधी किसी एक मुद्दे का विरोध ज्यादा देर तक नहीं कर पाते। बर्नर ने कहा कि ट्रंप को इससे दिक्कतें भी हो सकती हैं। ज्यादा बोलने से वे अमेरिकी लोगों के बीच अपनी लोकप्रियता खो सकते हैं।

इस बारे में जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन के प्रवक्ता रह चुके माइकल लारोजा ने कहा कि ट्रंप बहुत ज्यादा झूठ बोलते हैं। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद उन्होंने कई झूठे दावे किए, जो काफी चर्चा में रहे। उन्होंने दावा किया कि बाइडेन और ओबामा की नीतियों की वजह से ही न्यूयॉर्क में हवाई दुर्घटना हुई। लारोजा ने कहा कि ट्रंप फिर से राष्ट्रपति बन गए हैं, ऐसे में उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वे अपनी शर्तों पर खबरें तैयार कर रहे हैं।

## हाइड्रेंट की सफाई के दौरान तीन की मौत

**कोलकाता।** कोलकाता लेदर कांप्लेक्स इलाके में हाइड्रेंट की सफाई करते समय रविवार को केएमडीए के तीन कर्मचारियों की मौत हो गई। घटना के बाद चार घंटे के लगातार प्रयास के बाद फोर्जम शेख, हासी शेख और सुमन सरदार के शवों को मैनहोल से बाहर निकाला गया। ये तीनों कर्मचारी मुर्शिदाबाद जिले से थे। कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम घटना स्थल पर पहुंचे और घोषणा की कि जो भी इस घटना के लिए जिम्मेदार होगा, उसे दंडित किया जाएगा, चाहे वह ठेकेदार हो या अधिकारी। उन्होंने कहा कि केएमडीए स्वयं इस घटना की जांच करेगी।

## बस खाई में गिरी 5 तीर्थयात्रियों की मौत

**डांग (गुजरात)।** गुजरात के डांग जिले में सापुतारा हिल स्टेशन के निकट रविवार तड़के तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक निजी लक्जरी बस गहरी खाई में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य 17 घायल हो गए। प्रभारी पुलिस अधीक्षक एसजी पाटिल ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह करीब 4:00 से 4:30 बजे के आसपास सापुतारा हिल स्टेशन के पास हुई। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस गहरी खाई में जा गिरी। उन्होंने बताया कि बस में 40 से अधिक तीर्थयात्री सवार थे। बस क्रैश बैरियर तोड़कर करीब 35 फीट गहरी खाई में जा गिरी।




## इंडोनेशिया में भगवान मुरुगन मंदिर के निर्माण पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# सदियों पुरानी विरासत में यह नया स्वर्णिम अध्याय

- **पीएम ने जकार्ता मंदिर के महा कुंभाभिषेकम पर सभी को बधाई दी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में भगवान मुरुगन के मंदिर निर्माण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को खुशी जाहिर की है। मंदिर के महा कुंभाभिषेकम के अवसर पर उन्होंने दोनों देशों के संबंध मजबूत होने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया की सदियों पुरानी विरासत में आज नया अध्याय जुड़ रहा है। पीएम मोदी ने इस अवसर पर इंडोनेशिया के लोगों और भगवान मुरुगन को मानने वालों को बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश जारी किया। उन्होंने कहा, मेरा सौभाग्य है कि जकार्ता के मुरुगन मंदिर में महा कुंभाभिषेकम जैसे कार्यक्रम का हिस्सा बन रहा हूं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की मौजूदगी ने कार्यक्रम को मेरे लिए और विशेष बना दिया है।

भले ही मैं शारीरिक रूप से जकार्ता से सैकड़ों किलोमीटर दूर हूं। लेकिन मेरा मन इस आयोजन के उतने ही करीब है, जितना भारत और इंडोनेशिया के आपसी रिश्ते। अभी कुछ दिन पहले ही इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो 140 करोड़ भारतवासियों का प्यार लेकर लौटे हैं। पीएम मोदी ने सभी को जकार्ता मंदिर के महा कुंभाभिषेकम की बधाई देते हुए कहा, भारत और इंडोनेशिया के लोगों के लिए आपसी रिश्ते सिर्फ जियोपॉलीटिकल नहीं हैं। दोनों देश हजारों वर्ष पुराने संस्कृति और इतिहास से जुड़े हैं। हमारा संबंध विरासत, विज्ञान और विश्वास का है। हमारा संबंध साझी आस्था और अध्यात्म का है। हमारा संबंध भगवान मुरुगन और भगवान राम का भी है। भारत से इंडोनेशिया जाने वाला व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसी आध्यात्मिक अनुभूति होती है। भारत में इंडोनेशिया के रामलीला का मंचन भी होता रहता है।

### यह मंदिर न सिर्फ आस्था का, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों का भी केंद्र बनेगा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, आज जब भारत के लोग हवाई यात्रा के लिए गरुड़ इंडोनेशिया में बैठते हैं, तो उन्हें उसमें भी हमारी साझी संस्कृति के दर्शन होते हैं। हमारे रिश्ते कई मजबूत तारों से जुड़े हुए हैं। जब राष्ट्रपति प्रबोवो भारत आए थे, तो हमने दोनों देशों के साझी विरासत से जुड़ी कई बातें की थीं। आज जकार्ता में भगवान मुरुगन के इस नए मंदिर के जरिए हमारी सदियों पुरानी विरासत में नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ रहा है। यह मंदिर न सिर्फ आस्था का, बल्कि सांस्कृतिक मूल्यों का भी केंद्र बनेगा।